

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 25 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 05 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा मैच,

## पहली बार कोई टीम 400 रन बनाकर हारी, पाकिस्तान सेमीफाइनल की ओर

नई दिल्ली. पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में इतिहास रच दिया है. टीम ने टूनामेंट के 35वें मुकाबले में शनिवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस नियम से 21 रन से हराया. वर्ल्ड कप के 48 साल के इतिहास में पहली बार कोई टीम 400 रन बनाने के बाद हारी है. मैच में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 401 रन बनाए. रचिन रवींद्र ने 108 रन की बेहतरीन पारी खेली. जवाब में बारिश के कारण 2 बार रोका गया. पाकिस्तान ने खेल रोके जाने तक 25.3 ओवर में एक विकेट पर 200 रन बना लिए थे. डकवर्थ लुईस नियम से पाकिस्तान की टीम 21 रन से आगे थी. इस तरह से उसे विजेता घोषित किया गया. पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमों के 8-8 मैच के बाद 8-8 अंक हो गए हैं. लेकिन नेट रनरेट के कारण न्यूजीलैंड चौथे और पाकिस्तान की टीम पॉइंट टेबल में छठे नंबर पर है. पाक की जीत के हीरो फखर जमां रहे. वे 81 गेंद पर 126 रन बनाकर नाबाद रहे. 8 चौके और 11 छक्के लगाए. वहीं कप्तान बाबर आजम



63 गेंद में 66 रन बनाकर नाबाद रहे. 6 चौका और 2 छक्का लगाया. दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 141 गेंद में नाबाद 194 रन की बड़ी साझेदारी की. यानी हर ओवर में 8 से अधिक रन बनाए.

वर्ल्ड कप के इतिहास की बात करें, तो इससे पहले 5 बार 400 से अधिक रन बने थे और हर बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली थी. 2023 में साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ 428 रन बनाए. वहीं 2015 में ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ 417, 2007 में भारत ने बरमूडा के खिलाफ 413, 2015 में साउथ अफ्रीका ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 411 और वेस्टइंडीज के खिलाफ 408 रन बनाए थे. पाकिस्तान को वर्ल्ड कप के अपने अंतिम मैच में 11 नवंबर को इंग्लैंड से भिड़ना है. वर्ल्ड कप के इतिहास में दूसरी पारी में कभी भी 400 रन नहीं बने हैं. बाबर आजम की टीम को नेट रनरेट सुधारने के लिए यह मैच बड़े अंतर से जीतना होगा. वहीं न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम मैच में 9 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी.

### लगातार 4 हार के बाद वापसी

वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की बात करें, तो पाकिस्तान ने अपने दोनों शुरूआती मैच जीते. टीम ने पहले नीदरलैंड्स को 81 रन से हराया. फिर श्रीलंका के खिलाफ 345 रन बनाकर 6 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की. 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में टीम इंडिया के खिलाफ 7 विकेट से मिली हार के बाद पाकिस्तान की टीम लय ही भटक गई. इसके बाद टीम ने लगातार 4 मैच गंवाए. भारत से मिली हार के बाद उसे ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका से हार मिली. इसके बाद टीम ने पहले बांग्लादेश और अब न्यूजीलैंड को हराकर बेहतरीन वापसी की है.

# ग्रेप स्टेज-3 का अनुपालन नही करना पड़ा महंगा!

## परियोजना पर 50-50 लाख की लगा जुमार्ना। 13 अन्य पर 50-50 हजार

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

इस समय दिल्ली एनसीआर की हालत घुटन भरी है, वायु की गुणवत्ता बद से बदतर हो चुका है। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर मे स्टेज-3 लागू है। इसके बावजूद भी निमार्णाधीन परियोजना पर उचित व्यवस्था नही किया गया है। जिसके कारण नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के विभिन्न परियोजना पर 1 करोड़ 56 लाख की जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा ग्रेप स्टेज-3 लागू होने के बावजूद नोएडा सेक्टर 126 मे खनन करते हुए पाये जाने पर 1 जेसीबी समेत 3 ट्रैक्टर जब्द किए गए है। इसके साथ ही दोषियों पर 5 लाख 80 हजार की जुमार्ना लगाया गया है। उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा द्वारा ग्रेप स्टेज-3 के अन्तर्गत जारी प्रतिबन्धों के अनुपालन के दृष्टिगत निम्नलिखित निमार्णाधीन दोषी परियोजनाओं द्वारा निर्माण सामग्री को खुले में भण्डारित पाये जाने के कारण निम्नानुसार जुमार्ना अधिरोपित किये जाने की कार्यवाही की गयी है- जिनमे से 3 परियोजना पर 50-50 लाख की जुमार्ना लगाया गया है। जिसमें मेसर्स ड्रीमटेक इलेक्ट्रोनिक्स इण्डिया प्रालि, प्लॉट नं0- 95. इकोटेक- 10. ग्रेटर नोएडा, मेसर्स रिनॉक्स, प्लॉट नं0- जी०एच०-1डी,



सेक्टर-10, ग्रेटर नोएडा। मेसर्स रोसबेरी स्टेट एल०एल०पी० (गोदरेज रोड), प्लॉट नं० जी०एच०-01, सेक्टर-43, नोएडा। शामिल है। इसके अलावा 13 परियोजनाओं पर 50-50 हजार की जुमार्ना लगाया है, जिसमे मेसर्स विविध इण्डस्ट्रीज, प्लॉट नं०- 37. इकोटेक-10. ग्रेटर नोएडा। 50 हजार , 2 मेसर्स लार्सन एण्ड टुब्रो लि० (प्रोजेक्ट डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर) खसरा नं०- 185 ग्राम गुलिस्तानपुर निकट. 50.0 हजार, मेसर्स चौहान सीमेन्ट एजेंसी, ग्राम गुलिस्तानपुर निकट साइट सी, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा। 50.0 हजार, इकाई स्वामी, प्लॉट नं0- बी-81, इकोटेक-6, ग्रेटर नोएडा। 50.0 हजार, इकाई स्वामी, प्लॉट नं0- बी-82, इकोटेक-6, ग्रेटर नोएडा। 50.0 हजार, इकाई स्वामी, प्लॉट नं0- बी-89, इकोटेक-6, ग्रेटर नोएडा. 50.0 हजार, इकाई स्वामी, प्लॉट नं0- बी-12, इकोटेक-6, ग्रेटर नोएडा। 50.0 हजार, मेसर्स स्पार्क मिण्डा कार्पोरेशन लि0, प्लॉट नं० 2डी / 2 इकोटेक-3. ग्रेटर नोएडा। 50.0 हजार, मेसर्स प्रियश ई कोम एल०एल०पी०, खसरा नं० 117-120, ग्राम भवीपुर, इकोटेक-3 ग्रेटर नोएडा। 50.0 हजार, मेसर्स वेस्टवे सिटी सेन्टर एल०एल०पी०, प्लॉट नं0 4. सेक्टर-50. नोएडा। 50.0 हजार, प्लॉट स्वामी प्लॉट नं0-158, सेक्टर-63, नोएडा. 50.0 हजार, नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कॉन्ट्रेक्टर पर सेक्टर-63, नोएडा में निर्माण सामग्री खुले में रखने के सम्बन्ध में। 50.0 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा ग्रेप स्टेज-3 के तहत प्रतिबंधित वाहनों की चेकिंग तथा उस पर कार्यवाही के लिए भी संयुक्त टीम का गठन किया गया है । प्रतिबंधित वाहन बीएस-3 और बीएस-4 जो कि जनपद मे प्रतिबंधित है वाहनों को सीज करने तथा जुमार्ना लगाने की कार्यवाही की जा रही है।

## मेला समापन से पहले ही उजड़ने लगा प्रसिद्ध घोड़ा बाजार,

बाराबंकी. जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाले देवा मेला का रंग इस बार फीका पड़ गया है. अनुमान लगाया जा रहा था कि इस बार का देवा मेला जबरदस्त होगा, लेकिन इसके उलट मेले में आए व्यापारियों को मायूसी हाथ लगी है. एक तरफ मेला परिसर में कई सालों के मुकाबले 60 प्रतिशत भीड़ कम रही, वहीं मेले में लगने वाला प्रसिद्ध घोड़ा बाजार समापन से 5 दिन पहले ही उजड़ने लगा है.

मंडी में देखने पर अब 100 से 150 घोड़े ही रह गए हैं और वो भी इसलिए क्योंकि जो व्यापारी और किसान अच्छी कीमत मिलने की आशा लिए हजारों रुपए ट्रांसपोर्ट पर खर्च करके आए थे, अब उनके पास अपने घोड़ों को वापस ले जाने के लिए पैसे नहीं हैं. देवा घोड़ा मंडी में पशु बिक्री का आंकड़ा इस बार पिछले 10 सालो में सबसे खराब रहा. मंडी में बचे व्यापारियों की मानें तो इस बार सिर्फ 400 से 500 घोड़े ही बिके, जबकि पिछले साल भारी बारिश होने के बावजूद ये आंकड़ा 3000 के पार था.

# पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमले में 40 लड़ाकू विमान हुए क्षतिग्रस्त

## आत्मघाती हमलावरों ने किया पाकिस्तानी वायुसेना अड्डे पर हमला

**अदिति गौड़ संवाददता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,नवम्बर : पाकिस्तान में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है। मियांवाली एयरबेस में कई दहशतगर्दों के घुसने की खबर है। पूरे इलाके में ताबड़तोड़ फायरिंग जारी है. इसके बारे में कई पाकिस्तानी पत्रकारों की रिपोर्ट और वीडियो सामने आए हैं। जहाँ कथित तौर पर अज्ञात बंदूकधारियों ने मियांवाली में पाकिस्तानी वायु सेना के प्रशिक्षण अड्डे पर हमला किया है। जिसमें लोग हताहत हुए हैं। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों में कहा गया कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मियांवाली में आज सुबह कई आत्मघाती हमलावरों ने पाकिस्तानी वायु सेना अड्डे पर हमला किया। पाकिस्तान वायु सेना ने कहा कि उन्होंने जवाबी गोलीबारी में तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

आतंकी हमले के बाद मियांवाली एयरबेस पर हालात की जानकारी रखने वाले लोगों ने सीएनएन-न्यूज18 को बताया कि हमले में 40 लड़ाकू विमान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

बताया गया कि पांच से छह भारी हथियारों से लैस लोगों के एक समूह ने सुबह-सुबह हमला किया, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हुई। पीएएफ ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि आतंकियों के एयरबेस में घुसने से पहले ही उन्होंने हमले को नाकाम कर दिया. इलाके को पूरी तरह से खाली कराने के लिए एक व्यापक संयुक्त तलाशी अभियान



अंतिम चरण में है।

वहीं खबरों में कहा गया है कि आतंकी हमले में वायु सेना बेस के अंदर खड़े कई विमान नष्ट हो गए। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने ली है। हमले के असत्यापित वीडियो सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर साझा किए जा रहे हैं।

इस हमले के बाद सेना ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान सशस्त्र बल हर कीमत पर देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बयान में कहा गया कि 4 नवंबर को सबेरे पाकिस्तान वायु सेना का मियांवाली ट्रेनिंग एयर बेस एक असफल आतंकवादी हमले की चपेट में आ गया। सैनिकों की प्रभावी प्रतिक्रिया से इसको नाकाम कर दिया गया और कर्मियों और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। असाधारण साहस और समय पर प्रतिक्रिया का प्रदर्शन करते हुए सेना ने 3 आतंकवादियों को बेस में घुसने से पहले ही मार गिराया गया, जबकि शेष 3 आतंकवादियों को सैनिकों ने समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया के चलते घेर लिया है।

पाकिस्तान सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज के मुताबिक 2023 के पहले नौ महीनों में आतंकवादी हमलों में कम से कम 386 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो चुकी है. जो आठ साल का उच्चतम स्तर है. 2023 की तीसरी तिमाही में 190 से अधिक आतंकवादी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों में पाकिस्तान में कम से कम 445 लोगों की जान चली गई और 440 घायल हो गए।

# पत्रकार को गाली व धमकी देना तथा न्याय से वंचित रखना थानेदार को पड़ा महंगा।

## न्यायालय के आदेश पर थानेदार के विरुद्ध दर्ज हुआ प्राथमिकी , एफआईआर की पुष्टि नहीं।

**थानेदारों के सामने वरीय पदाधिकारियों का क्या मजबूरी है और क्यों थानेदारों को जुल्म करनें की छूट हैं,यह तो पता नहीं हैं!**

**समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार झारखंड प्रदेश / सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता बिहार प्रदेश ।**

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का अम्बा थाना क्षेत्र में थानेदार द्वारा हमलवारों के बचाव पक्ष में महिला पत्रकार पर हुए जान लेवा हमलें में जख्मी पत्रकार को जख्म प्रतिवेदन सें वंचित रखना, थानेदार द्वारा सरेआम अम्बा थाना कैंपस में महिला पत्रकार को अश्लीलता भरी गाली देने के साथ महिला पत्रकार को ...कहना और आवेदन को बदलवाकर थाना से भगा देना , आरोपियों से समझौता नहीं करने पर पुरे परिवार को जेल भेज देने का धमकी देना तथा अनैतिक दबाव बनाने हेतू पत्रकार के घर में घुसकर आरोपी से अपराधिक




घटनाओं का अंजाम दिलाने के विरुद्ध में महिला पत्रकार द्वारा मुख्य न्यायाधीश दणडाधिकारी औरंगाबाद के न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल किया गया था।

प्राप्त खबरों के अनुसार न्यायालय के आदेश पर अम्बा के थानेदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है किन्तु थानेदार के विरुद्ध एफआईआर की पुष्टि नहीं।

तथ्य चाहें जो भी हो किन्तु दलालों की गिरफ्त में अम्बा थाना लगभग विगत 23 वर्षों से है और पीड़ितों व घायलों के शिकायत से पहले अम्बा थाना में दलाल पहुंच जाते है तथा दलाल के इशारे पर पीड़ितों के साथ बदसलूकी किया जाता है । अश्लीलता से भरी गाली अम्बा थाना के पदेन पदाधिकारियों द्वारा दिया जाता है । केस में फंसा देने और जेल भेज देने की धमकी दिया जाता है । काउंटर मुकदमा दर्ज किया जाता है और घटना का अंजाम देने वाले के मुकदमा पीड़ितों से पहले दर्ज कर लिया जाता है। झूठे मुकदमों को सत्य करार दे दिया जाता है , असमाजिक तत्वों के बचाव में जमानतीय धराओं को लगाया जाता है। पुलिस संरक्षण में लगातार पीड़ितों के साथ बदसलूकी और मार-पीट किया जाता है। और तो और निर्दोष लोगों को जेल भी भेज दिया जाता है ,जिसकी सुनवाई जिला स्तरीय अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण कताओं द्वारा नहीं किया जाता है ! यहां तक कि निर्दोष लोगों, खासकर पत्रकार व समाज सेवियों को जेल में रखने के लिए काफी विलंब तक केस डायरी को थाना में रोका जाता है और निदोषों को जेल में बंद रखा जाता है।

जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय के आदेश को भी लगातार थानेदारों द्वारा अवहेलना होता है फिर भी वरीय पदाधिकारी इस पर संज्ञान नहीं ले पाते हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। थानेदारों के सामने वरीय पदाधिकारियों का क्या मजबूरियां है यह तो पता नहीं हैं। उच्चस्तरीय जांच में ही जांचोंपरांत, यह पता चल पायेगा कि थानेदारों को मनमानी की छूट क्यों है और थानेदार द्वारा आमलोगों पर जुल्म की कहर क्यों ढ़ाहेजाते है तथा वरीय पदाधिकारी तमाशबीन क्यों हैं?


आवश्यकता है

राष्ट्रीय संस्करण समाचार पत्र दैनिक समाज जागरण अपना विस्तार करने जा रहा है, जिसमें महिला/पुरुष पत्रकारों की आवश्यकता है।

भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिला संस्करण के लिए जिला ब्यूरो, जिला संवाददाता, अनुमंडल संवाददाता, प्रखंड संवाददाता की

न्यूनतम योग्यता:- स्नातक/पत्रकारिता स्नातक

(प्रिंट मीडिया में हिंदी समाचार लेखन का अनुभव रखने वाले पत्रकारों को वरीयता)

अनुभवी एवं प्रशिक्षु शीघ्र संपर्क करें। अपना बायोडाटा भेजें:-

9006265092, 9472199528



## स्थापना दिवस विशेष

# स्वर्ग देखना है तो आइए उत्तराखंड !

डॉ घनश्याम “बादल“

यदि उत्तर भारत में पहाड़ों का सौन्दर्य देखने की ललक है , तो उत्तराखंड से बेहतर कोई दूसरा स्थान नहीं है।

### दो धाम का अकेला मालिक

उत्तराखंड चार धामों में से दो धाम बद्रीनाथ व केदारनाथ का मालिक है




।इसके अलावा यमुनोत्री , गंगोत्री , लंका , गऊमुख , तपोवन, नंदनवन, रक्तवन,हर्षिल, मंसूरी, हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून जैसे एक से बढ़कर एक धार्मिक व पर्यटन के लिहाज से दर्शनीय स्थलों से युक्त है। यहां राजाजी नेशनल पार्क व जिमकार्बेट नेशनल पार्क जैसे प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण वन क्षेत्र तो हैं ही नदियों के रूप में गंगा, यमुना, भागीरथी , जाह्नवी , नीलगंगा , बाणगंगा जैसी छोटी बड़ी नदियां उत्तराखंड की सुंदरता को चार चांद लगा रही हैं ।जब भीषण गर्मी से तन - मन दोनों ही उकता जाएं तब शीतलता पाने और पुण्य कमाने दोनो ही लिहाज से उत्तराखंड़ चले आइए मन तो तृप्त होगा ही तन भी ताजगी व स्फूर्ति से भर उठेगा ।

### पहाड़ व प्रकृति का सौंदर्य

उत्तराखंड़ में घूमने फिरने और रहने व खाने पीने के लिहाज इतना कुछ है कि मन भरने का सवाल ही नहीं उठता ।एक बार में कोई सा भी एक रास्ता थाम लीजिए उसी में हफ्ता या पखवाड़ा नहीं महीनों आराम से बिताए जा सकते हैं । यमनोत्री की राह पकड़ी तो अलग सौन्दर्य और गंगोत्री का रास्ता पकड़ा तो प्रकृति की अलग छटा मन मोहने तैयार !

मोक्ष का द्वार, हरिद्वार दिल्ली की तरफ से आने पर वाया मेरठ ,मुजफ्फरनगर होते हुए शिक्षा के नगर रुड़की को पार करके महज 31 किलोमीटर की दूरी पर तीथों का तीर्थ हरिद्वार आपका स्वागत करने को तत्पर मिलेगा। यहां आप पतितपावनी गंगा के दर्शन व स्नान का लाभ तो लेंगें ही , हर की पौड़ी से गंगा का स्वच्छतम जल भी साथ ले जा सकते हैं और शाम सात बजे गंगा की मनोरम आरती व झिलमिल दीपों के प्रकाश में गंगा मैया की दिलकश शोभा देखने को मिलती है ।हजारों दीपों को गंगा में प्रवाहित होते देखना अपने आप में एक अनुपम ही अनुभूति देता है ।

### मनभावन ऋषिकेश

केवल 28 किलोमीटर दूर ऋषिकेश के रूप में एक और मनोरम स्थल बांहें फैलाए आपके स्वागत में तैयार है । शिवालिक श्रेणी में बसे ऋषिकेश में पवित्र गंगा तो है ही यहां लक्ष्मण झूला , रामझूला , गीता भवन , मुनि की रेती , शिव मंदिर देखने के साथ साथ आप बोटिंग , राफ्टिंग , केनॉइंग , क्याकिंग जैसे वाटर गेम्स का आनंद भी भरपूर मात्रा में ले सकते हैं ।

### भोले का नीलकंठ

यदि आपको ट्रेकिंग करनी है तो गीता भवन के पास से ही नीलकण्ठ का रास्ता पकड़ लीजिए और महज 20 -22 किमी की दूरी पर ही बसे विव प्रसिद्व नीलकण्ठ धाम की यात्रा भी कर ही डालिये, पर ध्यान रहे कि एक तो यहां बारिश अक्सर हो जाती है और जुलाई व अगस्त के महिने में यहां कांवड़ की वजह से भारी भरकम भीड़. भी रहती है और इस वजह से अच्छे से दर्शन नही हो पाते ।पर , रास्ते भर “हर -‘हर , बम -बम , जय सिब भोले,” के जयघोषों और श्रद्धालुओं को बार बार ‘भोले’ कह कर बुलाते व सुनते हुए रास्ता कब कट जाता है पता भी नहीं चलता , पहाड़ी सौन्दर्य के दर्शन तो खैर एक बोनस के रूप में मिलते ही हैं ।

### खंडन मंडन का टिहरी

नील कण्ठ से वापस होकर आप यदि गंगोत्री धाम की यात्रा पर निकलें तो बस समझिये कि कि आप धरती पर ही स्वर्ग का आनंद लेने जा रहे हैं ।हरिद्वार पार करके व ऋषिकेश से थोड़ा पहले ही आप नरेंन्द्रनगर होते हुए टिहरी ( जो अब न्यू टिहरी टाउन के नाम से जाना जाता है ) से जब गुजरेंगें तो वहां आपको एक साथ ही खंडन और मंडन का नजारा देखने को मिल जाएगा । टिहरी डैम के बनने के क्रम में पुराना टिहरी इस डैम में डुबा दिया गया था ,और तब न्यू टिहरी टाउन अस्तित्व में आया है ,आज भी बांध का जल अगर ठहरा हुआ और साफ हो तो पुराने टिहरी के अवशेष उसमें नजर आते बताए जाते हैं ।

### मनोरम लंका

उत्तरकाशी से गंगोत्री के लिये चलने पर आठ दस किमी की दूरी पर ही है लंका नाम का सुंदर सा और मनोरम छटा वाला रमणीय स्थान ! जी हां आप चौंक गए होंगे भारत में लंका का नाम सुनकर , ये रावण की लंका नहीं है , पर है बहुत ही सुंदर ,शायद उसकी सोने की लंका से भी ज्यादा मनोरम और शांति देने वाली । लंका से कुछ ही दूरी पर भैरोंघाटी का प्राचीन व एतिहासिक मंदिर लंका से एक छोटे से पुल से जुड़ा हुआ है कहा जाता है कि इस पुल का निर्माण टिहरी के महाराजा ने कराया था क्योंकि इससे पहले यहां मौजूद एक झूला पुल से गुजरते हुए उनकी रानी का गर्भपात हो गया था । लंका से भैरोंघाटी पगडंडी से जाएंगें तो काफी दूर

लगेगा पर पहाड़ों के बीच से शॉर्टकट भी है बशर्ते कि आप में खड़ी चढ़ाई चढ़ने की हिम्मत हो ।यहां से गंगोत्री पास ही है रास्ते में आप पटांगना पावर हाउस ,पांडव गुफा , रुद्र गंगा, व भागीरथी के संगम का अवलोकन भी करते चलें ।द्रौपदी कुंड व उत्तरागर्भगृह भी आप को महाभारतकालीन पांडवों के संघर्षों की याद दिला देगा ।यहीं पर गौरी कुंड भी मौजूद है ।

### गंगा का उद्गम गंगोत्री

गंगोत्री पहुंच कर आराम फरमाएं या फिर सूरज कुंड में रौद्र रूप में बहती गंगा के दर्शन मात्र से ही सारी थकान दूर हो जाती है । पास ही गढ़वाल मंडल विकास निगम का गेस्ट हाउस भी है ।थकान दूर हो तो गंगोत्री मंदिर में दर्शन कर पुण्य का संचय कीजिए कहा जाता है कि यहां गंगा के दर्शन करने से जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं । रात में मई जून में भरी ठंड आपकी कंपकंपी छुटा दे तो आश्चर्य न कीजिएगा इसलिए गर्म कपड़े साथ ले जाना न भूलें । गंगोत्री के साथ ही चीड़बासा व भोजबासा जरूर जाएं और वहां से भोजपत्र साथ लाना न भूलें ।यहां स्लीपिंग बैग्स में सोने का भी एक अलग ही मजा है ।

यहां से गऊमुख पास ही है यहां के पावन सौन्दर्य के तो कहने ही क्या ! हालांकि अब प्रदूषण यहां तक भी पहुंच गया है पर मैदानो से तो कम ही है । गाय के मुख की आकृति वाली चट्टानों से निकली छोटी सी गंगा को देखकर यकीन नहीं आता कि यही गंगाा इतनी विशाल भी हो सकती है ।रास्ते में नारंगी चोंच व पंजों वाले कौए भी दिखाई देंगें जो आप का मन हर लेंगें, और वासुकी, सुदर्शन व मंदा की चोटियों की सुंदरता की जितनी प्रशंसा की जाए कम ही रहेगी । वास्तव में गंगोत्री धाम को धरती का स्वर्ग कहा जा सकता है ।

# धन क्या है:

संतान कहे जब माँ हैं भगवान मेरी,
व पिता मेरे इस जीवन के दाता हैं,
माँ-बाप कहें बच्चे को, हृदय का
टुकड़ा है, वो ही धन कहलाता है।

शादी के वर्षों बाद जीवनसाथी जब
कहे प्यार से मैं तुम्हें प्यार करता हूँ,
सास कहे बहू को बेटी, बहू कहे मेरी
सासु माँ, तो वो ही धन कहलाता है।

मान सम्मान बड़ों को, छोटों को प्यार
दुलार मिले, घर में धन भर जाता है,
अतिथि जाते जाते कहे घर आपका
मंदिर है तो वो भी धन कहलाता है ।

दुआयें हैं यह मेरी आप सभी को,
खुशियों के दीपक जलें आपके घर,
खुशियों के वैभव से भूषित हो आता
संतोष मिले, वो भी धन कहलाता है।

आज दीवाली खुशियाँ लायी है,
दीप से दीप जलें हर एक हृदय में,
सुख शांति संतोष परम धन मिलें,
आप को, ये भी धन कहलाता है।

अथ शुभम करोति कल्याणम,
आरोग्यम धन धान्यम सम्पदाम,
शत्रु बुद्धि विनाशायः आदित्यः
वयम दीपं ज्योतिम नमोंस्तुते।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

# विनाशक पर्यावरण प्रदूषण की आग से झुलसती दिल्ली’ दिल्ली और केंद्र सरकार के पास स्थाई समाधान नहीं ?

**(पर्यावरण चिंतन)**

अब सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल, देश की राजनीति का केंद्र और ब्यूरोक्रेट्स की नगरी दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जा रहा है ’ विडंबना है कि गाजा में इजरायली की बमबारी के बाद जितना प्रदूषण वहां हुआ है उससे कहीं ज्यादा वर्तमान में दिल्ली में फैला हुआ है। दिल्ली के बाद बांग्लादेश का ढाका शहर सर्वाधिक प्रदूषित माना जाता है ’ दिल्ली में कई सरकारेंआई और गइं, केंद्र में भी ऐसा ही हुआ है पर दोनों सरकारी एक दूसरे पर दोषा रोपण कर अपनी इति श्री कर लेती है। इसका स्थाई समाधान आज तक कोई नहीं खोज पाया और नतीजा दिल्ली शहर के बच्चे और बुजुर्ग फेफड़े और सांस की बीमारी से त्रस्त हो चुके हैं।

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या है’ पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है।

दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, पूर्व में कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा था। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है, और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा।

समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि।

पर वायु प्रदूषण इन सब में सर्वाधिक खतरनाक और मानवीय जीवन के लिए संहारक है। वायु में विषैली गैस के मिश्रण धूल और उद्योग द्वारा फैलाए गए जहरीले अपशिष्ट गैसों से वायु प्रदूषण तेजी से फैलता है। अमेरिकी शोध संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भारत में वायु प्रदूषण से जनसंख्या के 40 से 45 प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। एवं वायु प्रदूषण के कारण संपूर्ण जीवन में जीने के लिए 10 से 15 वर्ष तक उनकी जिंदगी के कम हो सकते हैं। क्योंकि भारत वैश्विक देशों से सर्वाधिक वायु प्रदूषित देश माना जाता है। इस शोध संस्थान द्वारा चेतावनी के साथ मशवरा भी दिया गया है कि वायु प्रदूषण को तत्काल कम करने के कारगर उपाय करने होंगे।अन्यथा देश के बड़े शहरों में और उद्योग नगरी के साथ में बसे हुए शहरों में वायु प्रदूषण से मानव जिंदगी को खतरे बढ़ सकते हैं। भारत में दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, चेन्नई तथा मध्यम जनसंख्या वाले लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर तथा उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में वायु प्रदूषण के कारण ज्यादा दमा तथा अस्थमा से मौतें हुई हैं। करोना काल में भी वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होने के कारण कई मरीजों की विषम परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। कोविड-19 के संक्रमण से सबसे ज्यादा मरने वाले व्यक्तियों में वायु प्रदूषित व्यक्ति ही फेफड़ों की खराबी के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का औसत हवा में प्रदूषण कारी सूक्ष्म कणों की मौजूदगी 70.3% है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वस्थ वायु प्रदूषण की मानक की स्थिति 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मानी गई है। इस तरह भारत मैं प्रदूषण के महीन कणों की उपस्थिति विश्व के अन्य देशों की तुलना में 7 गुना प्रति क्यूबिक मीटर ज्यादा आंकी गई है। जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अति खतरनाक बताई गई है।

इस तरह भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश माना गया है। यहां जनसंख्या के 48 करोड़ लोग वायु संक्रमित पाए गए हैं इस तरह देश की लगभग 40% आबादी जहां वायु प्रदूषण का स्तर एवं अन्य प्रदूषण का स्तर भी नियमित रूप से दुनिया में कहीं भी पाए जाने वाले स्तर से बहुत अधिक है। जोकि स्वास्थ्य संगठनों की नजरों में बहुत ही चिंतनीय एवं गंभीर है। अमेरिका के एक शहर शिकागो में स्थित एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट ऑफ पोलूशन द्वारा बताया गया है कि दिल्ली और उत्तरी भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर पर जल प्रदूषण में जी रहे हैं। प्रदूषण जो कोविड-19 के संक्रमण से भी ज्यादा खतरनाक है। क्योंकि कोविड-19 का संक्रमण एक संक्रामक रोग है, जिसकी वैक्सीन लगाकर रोकथाम की जा सकती है। पर पर्यावरण में प्रदूषित करने वाले सूक्ष्म पार्टिकल समान रूप से सभी नागरिकों को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके फेफड़े खराब करने का काम करता है जो ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा है। मनुष्य स्वाभाविक रूप से प्रकृति पर निर्भर है। प्रकृति पर उसकी निर्भरता तो समाप्त नहीं की जा सकती है। किंतु प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते समय हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर ना पड़े या कम से कम पड़े। हमें उद्योगों की संख्या के अनुसार उसी अनुपात में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण भी करना पड़ेगा। वृक्षारोपण आज पर्यावरण से बचाने की एक बड़ी तथा महती आवश्यकता है। वातावरण में घुली विषैली गैस होने के कारण शहर में मनुष्य का सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। विश्व की जलवायु में तेजी से हो रहे परिवर्तन के कारण पर्यावरण असंतुलन का बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ मोटर, रेल,घरेलू, औद्योगिक मशीनें एयर कंडीशन आदि वायु प्रदूषण के लिए अत्यंत खतरनाक माने गए हैं। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर और देश के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाना होगा।और वृक्षों तथा जंगलों की कटाई को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाने की तत्काल आवश्यकता है। अन्यथा इसके दुष्परिणाम सामने आने लगेंगे तथा इसका सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पड़ेगा। वैश्विक आकलन के अनुसार भारत की विशाल जनसंख्या एक शक्ति तथा बाजार का उपभोक्ता केंद्र है। अतः हमें अपने नागरिकों की जनसंख्या को पर्यावरण प्रदूषण की बलि चढ़ने से रोकना होगा। वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्ग व्यक्तियों पर पड़ता है। दोनों की रक्षा



करना देश तथा आमजन का प्रथम दायित्व होगा। अब हमें कोरोना के अलावा वायु प्रदूषण से भी युद्ध स्तर पर जंग करनी होगी। क्योंकि भारत देश विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित देश माना जाने लगा है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# प्रदूषण रोकने को जमीन से आक्सीजन क्यों नही उगाते ?

**(अशोक मधुप वरिष्ठ पत्रकार)**


दिल्ली एनसीआर समेत 30 के आसपास नगर आज बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। बृहस्पतिवार के आंकडों के अनुसार दिल्ली की हवा काफी जहरीली हो गई है। इंडिया गेट, अक्षरधाम, रोहिणी, आनंद विहार समेत 13 इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के ऊपर दर्ज किया गया। एक्यूआई 300 से ऊपर की रेंज बेहद खतरनाक कैटेगरी में मानी जाती है।हवा की क्वालिटी खराब होने पर कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (उअदट) ने दिल्ली-एनसीआर में में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ऋम्रअढ) के थर्ड स्टेज को लागू कर दिया। ऋम्रअढ का स्टेज क्क्कतब लागू किया जाता है जब एक्यूआई 401-450 की सीमा में गंभीर हो जाता है।इसके चलते गैर-जरूरी निर्माण-तोड़फोड़ और रेस्टोरेंट में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। बीएस−3 पेट्रोल और बीएस−4डीजल चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर सरकार ने 20 हजार रुपए चालान काटने का निर्देश दिया है।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पांचवीं क्लास तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को शुक्रवार और शनिवार के लिए बंद करने का आदेश दिया है। दिल्ली में प्रदूषण पर अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. निखिल मोदी ने लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है।प्रदूषण के कारण दिल्ली−एनसीआर में रहने वालों की अस्थमा जैसी बीमारी विकसित हो रही हैं । प्रदूषण बढ़ने से यहां रहने वालों की आयु कम हो रही है। सासें कम हो रही हैं। हालत अन्य घनी आबादी वाले महानगरों की होती जा रही है। जाड़े शुरू होते ही सांसों पर संकट आ जाता है। दिल्ली एनसीआर में सरकारी स्तर के प्रयास असफल होते देख हर वर्ष सर्वोच्च न्यायालय को दखल देना पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय प्रदेश सरकारों से प्रदूषणा रोकने के किए जा रहे उपाए पूछता है। प्रदेश सरकार उपाय के नाम पर की गई खानापूरी से अवगत करा देती हैं। मामला अगले साल के लिए टल जाता है।अगले साल शीत का मौसम आते ही फिर प्रदूषण की समस्या खड़ी हो जाती है।प्रदूषण की इस समस्या के स्थाई निदान के प्रयास क्यों नही होतें? प्रदूषण वाले क्षेत्र में आक्सीजन क्यों नही उगाई जाती। क्यों नहीं सांसों के लिए जमीन से आक्सीजन उगाने के प्रबंध होते।प्रदूषण दूर करने के हमारे प्रयास कृत्रिम होते हैं।प्रकृति प्रदत्त संसाधन बढ़ाने की ओर हमारा ध्यान क्यों नहीं?इसके लिए हम अभियान क्यों नही चलाते?

आक्सीजन उगाने का प्रयोग उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक भागीरथ ने शुरू किया। पिछले तीन साल में बिजनौर में इतनी आक्सीजन उगा दी कि आने वाली सन्तति भी उसका लाभ उठाएंगी। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी को लेकर मारामारी मची थी। पूरी दुनिया आक्सीजन के लिए परेशान थी।आक्सीजन सिलेंडर पर भारी ब्लैक था।एक ▯एक सिलेंडर के लिए हाय▯ तौबा मची थी,तब उत्तर प्रदेश के राजस्व विभाग में कार्यरत बिजनौर नगर के विक्रांत शर्मा के मस्तिष्क में जमीन से आक्सीजन उगाने का विचार आया।आइडिया आया कि आज इंसान की सांसों का संकट है। सांसों के लिए आक्सीजन चाहिए।आक्सीजन को मशीन से पैदा करने की जगह जमीन से क्यों न पैदा किया जाए। इसके लिए उन्होंने पढ़ा और सोचा कि शहर के आसपास ऐसे वृक्ष लगाए जाएं जो 24 घंटे आक्सीजन देतें हो।बस वह इस भगीरथ अभियान में लग गए।कोरोना काल में जब लोग घरों में बंद थे। वे अपने बेटे को लेकर सवेरे रेलवे लाइन और सड़क से निकल जाते। यहां उन्हें पीपल, बरगद, नीम आदि के 24 घंटे आक्सीजन देने वाले जो पौधे दिखाई देते, उन्हें आराम से निकाल लेते।इन पौधों को लाकर ये शहर की सड़कों के किनारे खाली जगह पर लगाने लगे।इनके इस कार्य को देख इनकी पत्नी ने इन्हें पिट्ठू बैग सिल दिए। अब ये पौधे निकालते और पिट्ठू बैग में रख लेते।-विक्रांत शर्मा ने ये पौधे लगाए ही नही। उन्हें पानी दिया और पाला भी। पौधों की सुरक्षा के लिए ये बांस खरीदते।उसकी खप्पच बनाते ।इन खप्पचों को पौधे के चारों और जमीन में गाड़कर ऊपर सबको आपस में बांध देते।पौधों की सुरक्षा के लिए उसके चारों ओर पुराना कपड़ा लगा देते।इनके इस जुनून को देख काफला बनना शुरू हो गया। इस काफले को इन्होंने नाम दिया पर्यावरण प्रहरी।आज इस काफले में 150 के आसपास कार्यकर्ता हैं। 16 के आसपास महिलायें भी इस संगठन से जुड़ी हैं।ये अपने▯ अपने क्षेत्र में खाली जगह में पौधे लगाते हैं।उन्हें नियमित पानी देते और देखभाल करते है। इन पर्यावरण प्रहरियों ने दो▯ढाई किलोमीटर में बसे बिजनौर शहर में आज साढे चार हजार से कहीं से ज्यादा आक्सीजन देने वाले पौधे लगा दिए। अकेले इसी बरसात में एक हजार से ज्यादा पौधे रोपें।इनकी उपलब्धि यह है कि इनके लगाए 90 प्रतिशत पौधे चल रहे हैं। वे ही नही चले,जिन्हें किसी ने उखाड़ दिया या जला दिया। । बीते रक्षाबंधन पर इन पर्यावरण प्रेमियों ने नगर में संकल्प रैली निकाली। अपने लगाए पौधों को रक्षा सूत्र बांधे और उनकी देखरेख तथा सुरक्षा का संकल्प लिया। ये पर्यावरण प्रेमी ग्रीष्मकाल में यह सेवा कार्य प्रातः 05:30 से 07:30 तक व शीत ऋतु में छह बजे से आठ बजे तक कम से कम दो घण्टे अवश्य करते हैं। इस सेवा कार्य को इन्होंने प्रकृति वन्दन का नाम दिया गया है।सुबह सबेरे ये पर्यावरण प्रेमी नियमित रूप से प्रकृति की सेवा में लगातें हैं। उसके बाद अपने− अपने कार्य में लग जाते हैं। विक्रांत बताते हैं कि लगभग तीन साल के अपने इस कार्य में उन्होंने पाया कि पीपल और बरगद प्रायः जंगल में नही मिलते।ये पुरानी बस्तियों में बहुतायत ये पाए जातें हैं। पुराने शहर और पुराने भवन में पीपल, बरगद और नीम के पौधों का बहुतायात ये मिलने का कारण संभवतःउस क्षेत्र में आक्सीजन की कमी का होना है।प्रकृति शायद इस कमी को महसूस करती है।इन हर समय आक्सीजन देने वाले पौधों को उसी पुरानी आबादी में उगाती है।

जो काम बिजनौर शहर में विक्रांत शर्मा ने अकेले किया। वहीं काम सरकारी स्तर पर क्यों नही होता। सरकार प्रत्येक वर्ष बरसात में पौधरोपण करती हैं। करोड़ों पौधे लगाती हैं।यदि इनकी जगह 24 घंटे आक्सीजन देने वाले पौधे लगाए जाएं तो कितना बेहतर हो।सड़कों के डिवाइडर पर हम शो के फूल वाले पौधे लगाते हैं।इस जगह यदि 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाले आमरिका बाम, एलोवेरी, तुलसी, वाइल्ड जरबेरा, स्नेक प्लांट, आरकिड, क्रिसमस केक्टस लगांए तो ज्यादा बेहतर रहेगा। नोयडा में कुछ मार्ग पर पीपल लगाने का काम हुआ भी है। गर्मी के दिनों में बरगद छाया के साथ ठंडक प्रदान करता है। वट वृक्ष दिन ही नहीं, बल्कि रात में भी ऑक्सीजन उत्सर्जित करता है। वट वृक्ष में फैलाव अधिक होने के चलते ऑक्सीजन अधिक मात्रा में मिलती है। इसके अलावा वैज्ञानिक और धार्मिक दृष्टिकोण से वट वृक्ष यानि बरगद के पेड़ का विशेष महत्व है। विज्ञानियों का कहना है कि बरगद पेड़ अन्य पेड़-पौधे की अपेक्षा चार-पांच गुना अधिक ऑक्सीजन देता है। शुद्ध हवा और प्रकृति ऑक्सीजन से शरीर निरोगी रहता जिस जगह बरगद पेड़ होता है उसके आसपास के 200 मीटर का क्षेत्र ठंडा रहता है। 24 घंटे आक्सीजन देने वाले आमरिका बाम, एलोवेरी, तुलसी, वाइल्ड जरबेरा, स्नेक प्लांट, आरकिड, क्रिसमस केक्टस को सोसायटी, कॉलोनी, बस्ती के संकरे रास्ते घर के आसपास ,मकान की छतों पर भी लोगों को लगाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इन जगह के रहने वालों को इन पौधों को लगाने के लाभ बताएं जांए।कुछ एनजीओ को भी इस कार्य के लिए प्रेरित किया जा सकता है।राजकोट गुजरात में एक वृद्धाआश्रम सेवा समिति इस कार्य में लगी हैं। ये डिवाइडर पर भी सहजन के आठ▯ दस फिट के पौधे लगा रही है।

एक बात और विकास के नाम पर पेड़ काटें न जाए।उनको शिफ्ट किया जाना चाहिए। इसके कार्य में कर्नाटक आदि में कुछ कंपनी लगी भी है। सड़को को चौड़ा करते समय किनारे के पेड़ डिवाइडर पर लगाए जा सकतें हैं।

जाड़ों में आने वाले सांसों के संकट का खत्म करने के लिए आक्सीजन उगाने और नगरों को आक्सीजन बैंक में बदलना होगा। ये भी ध्यान रहे कि आज का लगाया पौधा आगे 50▯60 साल तक जीवित रहकर जनता को मुफ्त में आक्सीजन देगा। पीपल, बरगद और नीम की आयु तो अन्य वृक्षों से और भी ज्यादा होती है। हमारा आजका लगाया पौधा हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी भरपूर आक्सीजन देता रहेगा।



अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी−42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बालू मिश्रित मिट्टी के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने व ग्रेप 3 के नियमों का उल्लंघन पर 1 जेसीबी व 3 ट्रैक्टर किये गये जप्त।





डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध खनन एवं बालू व मिट्टी के परिवहन पर अंकुश लगाने तथा ग्रेप 3 के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा निरंतर अभियान चला कर जनपद में कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में जिला खान अधिकारी रणजीत निर्मल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस देर रात्रि प्राप्त शिकायत के आधार पर उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, जिला खान अधिकारी एवं चौकी प्रभारी सेक्टर 127 के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में ग्राम असगरपुर ग्रेटर नोएडा से बालू मिश्रित मिट्टी का अवैध खनन व परिवहन एवं ग्रेप 3 के नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर एक जेसीबी व तीन ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। जिला खान अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए जेसीबी व ट्रैक्टर को आगे की कार्यवाही के लिए खनन अधिनियम 1957 के तहत पुलिस थाना सेक्टर 127 को सुपुर्द किया गया है। जिला खान अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनन पर अंकुश लगाने एवं ग्रेप 3 के नियमों का जनपद में पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# दक्षिण भारत में परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति "Varmam" का उत्तर भारत में प्रथम कार्यशाला

समाज जागरण

कोविड के समय पूरे विश्व ने यह अनुभव किया है कि मानव जीवन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता स्वास्थ्य है। आयुर्वेद में भी दीर्घायु के साथ सुखायु एवं हितायु का उल्लेख है जिसका अभिप्रायः हैं कि मानव शरीर को जीवनकाल में स्वस्थ रहने का अवसर मिले तथा जब तक जीवित रहे स्वयं सुखी रहे और अपनी आयु काल के समय दूसरों के हित के लिए भी समय लगाने का अवसर मिल सके। 13 वर्ष पूर्व सिनेतारिका सुश्री प्रियंका चोपड़ा द्वारा विजन मिशन फाउण्डेशन का उद्घाटन किया गया। स्वयं के अनुभव के आधार पर सुश्री राशि सिंघल अग्रवाल द्वारा मानवता के कल्याण के लिए विजन मिशन फाउण्डेशन की स्थापना का बीज बोया गया जिसके द्वारा नोएडा में लगभग एक लाख व्यक्तियों का निःशुल्क परीक्षण डायबिटीज के लिए किया गया। गत एक वर्ष में 5 हजार व्यक्तियों का परीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत व्यक्तियों को डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित पाया गया। सामान्यतः आम व्यक्ति एलोपैथिक चिकित्सा पर निर्भर रहता है तथा जब बीमार पड़ता है तो डॉक्टर के पास उपचार हेतु जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय परम्परागत चिकित्सा व्यवस्था का उल्लेख हजारों वर्ष वेदकालीन समय विशेषकर चरक एवं सुश्रुता संहिता एवं तमिल ग्रन्थों में विस्तृत रूप में वर्णित है। आयुर्वेद, योग, मर्म चिकित्सा प्रणायाम, कलारी, सिद्ध, आहार, पंचकर्मा, गायन एवं नृत्य थैरेपी, होमा एवं अस्ट्रो थैरेपी एवं वनस्पति विज्ञान के माध्यम से प्रिवेन्टिव हेल्थ मैनेजमेन्ट की विद्या आम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पायी। एलोपैथिक चिकित्सा से कोई लाभ प्राप्त न होने पर हाल ही में केन्या के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री रायला ओडिन्गा की सुपुत्री रोजगैरी ओडिन्गा ने एरनाकुलम में आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से डॉ. नारायण नाम्बुधरी के प्रयास से खोई हुई आँखों की रोशनी वापिस पाया। यह महसूस किया गया है कि अब उपयुक्त समय है कि भारत में वर्तमान एलोपैथिक चिकित्सा तथा परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति को एक साथ जोड़ते हुए AAYUSH (एलोपैथिक तथा आयुष पद्धति) को एकीकृत करते हुए चिकित्सा व्यवस्था विकसित की जाये। इस क्रम में आयुर्वेदिक तथा अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों से सम्पर्क किया गया तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु में लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व प्रचलित चिकित्सा पद्धति वरमन जिसका क्रिया Thirumoolar Vethasatthi Academy, Coimbatore (Tamil Nadu) की ओर से Dr. Shunmugom द्वारा वभिन्नि बीमारयिों जैसे कि Diabetes, Blood Pressure, Stress Management, Pain in any Part of Body, Migraine, Arthritis, Depression, Indigestion, Cold Cough, Respiratory Disorders, Eye and Ear Disorders, Insomnia, Problems in Special Children like autism etc., Gastro-intestinal diseases आदि का उपचार (शरीर में उपलब्ध 8 हजार से अधिक बिन्दुओं में से 108 बिन्दुओं को स्वयं की अंगुलियों एवं अगूठे के द्वारा बीमारी के अनुसार दबाकर ) किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विश्व अनेकों सभ्यागत संकटों जैसे कि वैश्विक अशान्ति, आतंकवाद, स्वास्थ्य, पर्यावरण- इकोलॉजी डिस्टर्बन्स आदि चुनौतियों से गुजर रहा है। पिछले एक वर्ष के सतत एवं कठिन परिश्रम के उपरान्त प्रोफेसर कपिल कपूर जी के नेतृत्व में 200 से अधिक प्रोफेसरों के सक्रिय बौद्धिक सहयोग के माध्यम से 70 देशों की यात्रा करते हुए तथा 500 पुस्तकों का संदर्भ लेते हुए "भारतीय संस्कृति वैश्विक न्यास दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को गठित हुई। वैश्विक प्रसन्नता, स्वास्थ्य, मानवता, शान्ति, समृद्धि और जीव-अनुकूल इकोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग करते हुए जनोपयोगी भाषा में वैश्विक समकालीन सभ्यतागत संकटों का समाधान, जन सहयोग के माध्यम से करते हुए सामान्यजन तक पहुँचाने के लक्ष्य हेतु यह न्यास एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।उक्त न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु भी विशेषकर वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में जमीनी क्रियान्वयन हेतु विजन मिशन फाउण्डेशन द्वारा विशेष रूप से अनुरोध करके एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री लोकेश एम (आई.ए. एस.), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण तथा अध्यक्षता डॉ. मनीष कुमार वर्मा (आई.ए. एस.), जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा की गयी। भारतीय संस्कृति वैश्विक न्यास के सम्बन्ध में पदम भूषण प्रो. कपिल कपूर, डॉ. शशिबाला, श्री दीपक सिंघल, पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। उक्त न्यास में सलाहकार मण्डल के रूप में प्रो. कपिल कपूर, डॉ. मनोहर शिन्दे, डॉ. सच्चिदानन्द जोशी, प्रो. चमन लाल गुप्ता, प्रो. जगबीर सिंह, प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. नीरजा ए. गुप्ता, प्रो. डॉ. शशिबाला, प्रो. बैद्यनाथ लाभ, डॉ. सुब्रोतो गंगोपाध्याय, प्रो. रिचा चोपड़ा, डॉ. बी. आर. मणि, प्रो. के. राजन प्रो. हीरामन तिवारी, प्रो. चेल्लापांडियन, प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, डॉ. रामास्वामी सुब्रमणि प्रो इन्द्रनारायण सिंह, प्रो. वीर सागर जैन, श्री वेदवीर आर्य देश के सुविख्यात शिक्षाविद सहयोग दे रहे हैं। कार्यशाला सुश्री राशि सिंघल अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया गया तथा श्री सुरेश काण्डी मनोहरन द्वारा संस्था के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। ऊ्र. रैँ४ल्ले४ङ्के द्वारा चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तृत रूप से पद्धति को सबको समझाया गया और यह आश्वस्त किया गया कि आने वाले समय में उत्तर भारत में गौतमबुद्धनगर पहला जिला होगा, जिसमें उक्त चिकित्सा पद्धति का केन्द्र विकसित किया जायेगा जिससे कि प्राचीन भारतीय विरासत का लाभ एन.सी.आर क्षेत्र को मिल सके। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शगुन सिंघल गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर Dr. Shunmugom लिखित तथा संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तक का भी विमोचन मुख्य अतिथि श्री लोकेश एम (आई.ए.एस.), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण तथा डॉ. मनीष कुमार वर्मा (आई. ए. एस.) जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में किया गया।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ संपन्न।

## जिलाधिकारी ने तहसील सदर में पहुंचकर जनता की शिकायतों का किया अनुश्रवण।

गौतम बुद्ध नगर 04 नवम्बर, 2023

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 158 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 11 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। सदर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 20 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 01 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर डीसीपी पुलिस सुनिति, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, एडीसीपी पुलिस



अशोक कुमार, डीडीओ सुधा कुमारी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिला अधिकारी प्रशासन डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 105 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 07 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। जेवर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 33 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 03 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# बेथनी कॉन्वेंट स्कूल डेल्टा 2 ग्रेटर नोएडा के प्रांगण में वार्षिक खेल दिवस का किया गया आयोजन।

## इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर किया गया पुरस्कृत।

जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज बेथनी कॉन्वेंट स्कूल डेल्टा 2 ग्रेटर नोएडा के प्रांगण में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, सर्वोदय वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा डा0 एसआर जेस्सी मौर्या, लोकल मैनेजर सिस्टर ओलिवा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शिल्पा मेरी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों को पेरेंटिंग पर प्रेरणात्मक संदेश दिया एवं विद्यार्थियों के मानसिक शारीरिक तथा सामाजिक विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया। विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं सभी नैतिक मूल्य के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। सौजन्य

# एसएस पब्लिक स्कूल सिद्दीकपुर में भव्य कार्तिकोत्सव का आयोजन

## प्रतिभागी छात्र—छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

सिद्दीकपुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के एस.एस. पब्लिक स्कूल सिद्दीकपुर में कार्तिकोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। विद्यालय में संस्कृत श्लोक एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जहां जिले के विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया। माँ दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल, डॉ राममनोहर लोहिया स्कूल, संतगुरूपद, एस.एस. पब्लिक स्कूल सिद्दीकपुर एवं बाबतपुर सहित अन्य विद्यालयों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबन्धक विश्वतोष नारायण सिंह एवं निर्देशिका डा. नम्रता सिंह तथा प्रधानाचार्या सीमा सिंह ने मां सरस्वती एवं बाबू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय में आए



संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता के निर्णायक डा. नीरज मिश्र एवं अखिलेश चंद्र पाठक एवं रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक डा. नम्रता सिंह एवं नूतन पाण्डेय ने प्रतिभागियों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान की घोषणा की। श्लोक प्रतियोगिता में प्रथम पल्लवी यादव कक्षा 3 एस.एस. पब्लिक स्कूल सिद्दीकपुर, द्वितीय स्थान शुभांगी तिवारी कक्षा 6 होली चाइल्ड एकेडमी, तृतीय स्थान अद्विका सिंह कक्षा 3 रिजवी लर्नर्स एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राम मनोहर लोहिया, द्वितीय शहाना इण्टरनेशनल, तृतीय स्थान एस.एस. पब्लिक स्कूल बाबतपुर वाराणसी ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल ने प्रतियोगिता में भाग लिये प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि छात्र-छात्राओं के कौशल व प्रतिभा को विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने किया लोकसभा चुनाव तैयारी बैठक

*** सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी करें कार्यकर्ता- अजय राय**

*** दिसंबर तक हर मुस्लिम बहुल बूथ की कमेटी बना लेगी अल्पसंख्यक कांग्रेस- शाहनवाज आलम**

लखनऊ, 4 नवम्बर 2023।

अल्पसंख्यक कांग्रेस दिसंबर के अंत तक पूरे प्रदेश में बूथ कमेटियाँ बना लेगी। हर मुस्लिम बहुल बूथ पर 11 लोग तैनात होंगे। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सभी वर्गों के साथ अल्पसंख्यक समुदाय ने भी 2024 में कांग्रेस की सरकार बनवाने का संकल्प कर लिया है। ये बातें आज कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित अल्पसंख्यक कांग्रेस की लोकसभा चुनाव तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव तौकीर आलम ने कहा कि मुस्लिम समुदाय इस लोकसभा चुनाव में एकतरफा कांग्रेस की तरफ आ रहा है क्योंकि बाकी सभी दलों ने उससे सिर्फ वोट लिया। बदले में उनके नेतृत्व को ही खत्म कर दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने नवम्बर महीने के के कार्यक्रम दिये। जिसमें 6 नवम्बर से 11 नवम्बर तक 'चाय के साथ कांग्रेस की बात' अभियान चलेगा। जिसमें रोज हर ज़िले में 10 चाय की दुकानों पर कांग्रेस को वोट देने के लिए लोगों के बीच चर्चा की जाएगी। इसी तरह 22 नवम्बर से 26 नवम्बर तक चाय की दुकानों पर मोदी सरकार द्वारा संविधान बदलने की कोशिशों पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और 26 नवम्बर को हर ज़िले के 10 मदरसों में संविधान की प्रस्तावना को बचाने का संकल्प दिलवाया जाएगा।

संगठन सचिव अनिल यादव ने बूथ प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विस्तार से सेक्टर और बूथ प्रबंधन और बूथ मैपिंग की बारीकियाँ समझायीं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत,

## गले पर मिले धारदार हथियार के निशान,

समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ

पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाग खरिका स्थित पंचायत भवन खरिका के निकट स्थित मकान में अपने पति व परिजनो संग रहने वाली विवाहिता शनिवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ मिली । खिड़की के रास्ते कमरे में घुस पति घायल पत्नी को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल ले गया । विवाहिता की गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रिफर कर दिया । जहां इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई । मृतका के भाई से सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जांच पड़ताल के लिए मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराया । खबर लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नही मिली थी ।

तेलीबाग के खरिका स्थित पंचायत भवन के निकट अपने परिवार संग रहने वाले सर्वेश सैनी पुत्र....... मकान के ही निचले हिस्से में बैट्री इनवर्टर की दुकान संचालित करते है । सूत्रों की माने तो वर्ष 2016 में



सर्वेश सैनी का विवाह लखीमपुर खीरी के गोला की रहने वाली 35 वर्षीय मीनाक्षी पुत्री..... के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ था । शादी के सात साल बीत जाने के बाद भी मीनाक्षी को कोई संतान पैदा नहीं हुई । संतान प्राप्ति को लेकर पति पत्नी काफी परेशान रहा करते थे । संतान प्राप्ति के लिए मीनाक्षी का तेलीबाग स्थित एक निजी अस्पताल काफी दिनों से इलाज चल रहा था । परिजनों की माने तो 7 नवंबर को निःसंतान दंपती ने टेस्ट ट्यूब बेबी धारण करने की योजना बना रखी थी जिसके लिए पैसे का इंतजाम हो रहा था । शनिवार दोपहर लगभग 1:30 बजे पति सर्वेश मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में जाकर पत्नी को आवाज लगाई । कोई जबाव न मिलता देख सर्वेश ने खिड़की से झांक कर देखा तो पत्नी के गले से खून का रिसाव हो रहा था । लहुलुहान पत्नी को अचेत अवस्था में बेड पर पड़ा देख सर्वेश खिड़की के रास्ते कमरे में घुस कर पत्नी को बाइक पर बैठा कर इलाज के लिए तेलीबाग स्थित एक निजी अस्पताल ले गया । चिकित्सकों ने विवाहिता की गंभीर हालत देख ट्रॉमा सेंटर रिफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान दौरान विवाहिता की मौत हो गई । मृतका के ससुरालीजनों ने बताया मृतका मीनाक्षी ने तनाव में आकर अपने गले पर कैंची से कई वार कर लिया था ।

इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मृतका के परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नही आई है । मृतका के पति से पूछताछ की जा रही हैं ।

# जयसिंहनगर में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार, 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में ठोकेंगे ताल

शहडोल मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में चुनाव के दौर में जहां नाम निर्देशन पत्र वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव आवंटित किए गए हैं और इसके अनुसार अब शहडोल जिले की जयसिंहनगर विधानसभा सीट से कुल 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। परिसीमन के बाद सन 2008 से लगातार 2018 तक के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीता। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती मनीषा सिंह को प्रत्याशी बनाया है जो कि पड़ोसी विधानसभा क्षेत्र जैतपुर की विधायक रह चुकी है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मरावी को चुनावी मैदान में उतारा है।

# रुक्मिणी विवाह, कंस वध आदि प्रसंगों का किया वर्णन

सेक्टर 31 के निठारी गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर मेंआयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शनिवार को कथा व्यास निरंजन दास महाराज ने उद्धव चरित्र, कंस वध एवं रुक्मणि विवाह का रोचक वर्णन किया। भगवान कृष्ण और बलराम कंस के दरबार में प्रवेश करते हैं जहां मदमस्त हाथी को उनके ऊपर छोड़ दिया जाता है , भगवान उसका एक प्रहार से वध कर देते हैं। कंस द्वारा तमाम योद्धाओं को कृष्ण और बलराम को मारने के लिए भेज जाता है। कृष्ण और बलराम सभी को मारकर अपने परमधाम को पहुंचा देते हैं। भगवान कृष्ण अभिमानी कंस के बाल पकड़ कर सिंघासन के नीचे गिरा देते हैं और उसके पापों की याद दिलाते हैं। कृष्ण अपने प्रहार से कंस का अंत कर देते हैं और अपने परमधाम को पहुंचा देते हैं।



इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेन्द्र दुबे,नरेंद्र शर्मा, यज्ञ दत्त शर्मा, चौधरी प्रेमी सेन, ललित अवाना, पूरन सेन, तेज सिंह अवाना, अशोक अवाना, अर्जुन प्रजापति सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# भीतरघात और बगावत से डरे हुए हैं दल, ना कोई मुद्दा ना लहर मतदाता भी नहीं है मुखर

विजय तिवारी उमरिया। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगमिया बढ़ चुकी है सभी राजनीतिक दलों एवं स्वतंत्र प्रत्याशियों ने मतदाताओं के पास पहुंचकर अपने समर्थन में मतदान करने की अपील कर रहे हैं नाम वापसी के बाद जिले की दोनों विधानसभा बांधवगढ़ एवं मानपुर में प्रत्याशियों की संख्या स्पष्ट हो चुकी है।

असंतुष्ट रहे हावी उमरिया मुख्यालय की विधानसभा सीट बांधवगढ़ के नाम से जानी जाती है यहां भारतीय जनता पार्टी अपनी जीत सुनिश्चित करने प्रयासरत है वहीं कांग्रेस भी इस बार विधानसभा सीट को अपने कब्जे में करना चाह रही है। हालांकि विधानसभा सीट में अन्य प्रत्याशी भी है जो की समीकरण बिगाड़ भी रहे हैं। विधानसभा सीट से कांग्रेस नेता एवं पार्षद शतिलाल ने कांग्रेस से टिकट मांगी थी लेकिन कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली इसी प्रकार कांग्रेस नेता बाला सिंह टेकाम भी 5 वर्षों से इस विधानसभा सीट में चुनाव की तैयारी कर रहे थे और उन्होंने कांग्रेस पार्टी से ही बांधवगढ़ विधानसभा के लिए टिकट मांगी थी लेकिन उन्हें भी टिकट नहीं दी गई अब वह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनावी मैदान में है।

### यहां भी असंतोष

उमरिया जिले की मानपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी रोशनी सिंह की नाम वापसी कराकर कुछ हद तक बगावत को कम किया लेकिन भारतीय जनता पार्टी उषा कोल को मनाने में नाकाम रही। उषा मानपुर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रही है और वह पूर्व में नगर परिषद पाली की भाजपा समर्थित अध्यक्ष भी रही।

### मुद्दे नहीं लहर नहीं

आश्चर्य करी बात यह भी है कि विधानसभा के बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मुद्दों की नहीं प्रत्याशियों के व्यक्तित्व एवं नाम की चर्चा ज्यादा है। महंगाई सिंचाई स्वास्थ्य सुविधा या स्थानीय जरूरत पर बात नेता हो या आम आदमी कम करता है प्रत्याशी की चर्चा ज्यादा कर रहा है चुनाव में अब तो कोई लहर भी नहीं चलती दिख रही है। बल्कि एक हाथ थोड़ा फीका एवं मायूसी भरा माहौल है मतदाता तो सदा कुछ नहीं बोलता पर इस बार तो नेता भी ज्यादा कुछ दावा करते नजर नहीं आ रहे हैं संभवत अगले सप्ताह तक कोई हवा का रुझान स्पष्ट हो कोई मुद्दा या लहर सामने आए।

# ब्यौहारी में शरद की लहर, रामपाल की वापसी के बाद भी मजबूत नहीं कांग्रेस

## रूठो को मनाने में सक्रिय कांग्रेस, शरद पर भारी पड सकता है भीतरघातियों का घात

विजय तिवारी शहडोल। ब्यौहारी विधानसभा चुनाव में टिकट को लेकर घमासान मचा हुआ था शुरूआती सूचियों में शरद का नाम न होना कई सवालों को जन्म दे रहा था तो दुसरी और राहुल गांधी कार्यकाल के बाद रामपाल की टिकट लगभग फाइनल बताई जा रही थी लेकिन ब्यौहारी की राजनीति ने नया मोड लिया और शरद के टिकट पक्की हुई तो दूसरी ओर रामपाल की टिकट कट गई। रामपाल बागी हुये ताल ठोकी और फिर प्रेस कॉन्फेस आयोजित कर घर वापसी कर ली रामपाल की घर वापसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता की बड़ी जीत थी लेकिन चुनावी रण में रामपाल की वापसी के बाद भी कांग्रेस प्रत्याषी रामलखन के लिये अनुकूल परिणाम नहीं दिखाई पड़ रहे है।

### क्षेत्र में शरद की लहर

शरद की टिकट फाइनल होने के बाद शरद समर्थको ने पूर्व की भांति ही फिर से चुनावी मोर्चा संभाला जिसके बाद क्षेत्र में शरद समर्थको की भीड उमड़ी लेकिन रूठो को मनाने में शरद चुनाव के चाणक्यों का ध्यान न देना शरद लहर में कहर ढाने का काम कर सकता है। तो वहीं जिन क्षेत्रों में विधायकी कार्यकाल के दौरान शरद ने विकास कार्य किये है वहां तो शरद की पकड़ अच्छी है जनसमर्थन भी प्राप्त हो रहा है लेकिन बीते दिनों से सीधी और शहडोल का बार्डर ब्यौहारी में राजनीति गरमाई हुई है दोनों ही पार्टी प्रत्याषी समीकरण बिठाने में लगे है लेकिन कमजोरी दोनों पक्षों की मेहनत में बताई जा रही है। एक ओर जहां शरद की जीत के लिये शरद के विधायक कार्यकाल के दौरान रूठे अपने मुद्दा उसके लिए भारी पड़ सकते है तो दुसरी ओर कांग्रेस रूठो को मनाने में मेहनत तो कर रही है लेकिन जमीनी स्तर पर इसका उसर देखने को नहीं मिल रहा है कहने को तो नेता घर वापसी कर रहें है लेकिन नेता समर्थको की नाराजगी अभी भी पार्टी से बनी हुई है।

पांच वर्षों शरद से अंसतुष्ट पार्टी कार्य करता और वर्ग विषेष खुलकर तो नहीं किन्तु अन्दर ही अन्दर शरद विरोधी चिंगारी को हवा देने का काम कर रहें है।

### रामलखन की राह कठिन

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी और प्रदेष कांग्रेस कमेटी ने ब्यौहारी चुनाव के लिये रामपाल के स्थान पर रामलखन पर भरोसा जताया विरोध के सुर विगुल हुये लेकिन सुभाष गुप्ता के कुषल मार्गदर्शन में रामपाल की घर वापसी हुई लेकिन बताया जाता है कि रामपाल समर्थक अभी भी खुलकर रामलखन के लिये सामने नहीं आये जिसका कारण है. रामलखन के चन्द्र चहेते समर्थक जो यह दावा कर रहें है कि रामपाल की टिकट हमने कटवाई। ऐसे में दिन प्रतिदिन रामलखन की चुनावी डगर और भी कठिन होती जा रही है। निर्माण एवं विकास कार्य प्रमुख विधायक शरद कोल समर्थक लगभग 15 सौ करोड़ के विकास कार्यों की सूची लिये फिर रहें है विपरीत इसके रामलखन के हाथ इस मामले में खाली है। तो अटकले यह भी लगाई जा रही है कि विधायक बदले जाने में स्वीकृत विकास कार्य रुक सकते है

# यात्रियों को रेलवे की बड़ी सौगात! बिहार और यूपी जाने वाली त्योहार स्पेशल ट्रेन की संख्या में हुई वृद्धि

लखनऊ. त्योहारों पर यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए रेलवे की ओर से त्योहार स्पेशल गाड़ियों की संख्या में वृद्धि की गई है, जो दिल्ली से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश समेत बिहार तक जायेंगी. इन ट्रेनों के चलने से यात्री अपने घर जा सकेंगे और उन्हें अपने घर जाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा. इन गाड़ियों में गाड़ी संख्या 02246/02245 नई दिल्ली-पटना आरक्षित सुपरफास्ट त्योहार विशेष गाड़ी शामिल है. नई दिल्ली से गाड़ी संख्या 02246, दिनांक 10.11.23, 11.11.23, 14.11.23, 15.11.23, 16.11.23 और 17.11.23 को छह फेरे लगाएगी. वहीं पटना से गाड़ी संख्या 02245, दिनांक 11.11.23, 12.11.23, 15.11.23,16.11.23,17.11.23 और 18.11.23 को छह फेरे लगाएगी. यह ये ट्रेन एसी तृतीय इकोनॉमिक -20, एसएलआर -02 और 22 डिब्बे वाली है.

# सर्पदंश से मौत झाड़फूंक के चक्कर में गई जान

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार ,प्रखंड संवाददाता ,हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार) - थानाक्षेत्र के डुमरा गांव के 62 वर्षीय अधेड़ का शुक्रवार की रात सर्पदंश से मौत हो गया।जानकारी के मुताबिक डुमरा गांव के शुक्रवार के शाम बबन सिंह उर्फ बबन महतो खाना खाकर बिस्तर पर सोये हुए थे तभी विषैले सांप ने काट लिया।इसकी जानकारी बबन ने अपने पुत्री को दिया चूंकि घर मे सिर्फ वही मौजूद थी।उसके उनकी पुत्री ने आस - पड़ोस के लोगों को इकट्ठा किया।ग्रामीणों के सलाह पर बबन की पहले झाड़फूंक किया गया।जब स्थिति बिगड़ने लगी तो ग्रामीण उन्हें सामुदायिक अस्पताल हसपुरा ले आये।जहाँ चिकित्सकों ने



गंभीर स्थिति देखते बाहर रेफर कर दिया। बाहर ले जाने के क्रम में ही बबन की स्थिति और ज्यादा खराब हो गया।उसे पुनः चिकित्सकों को दिखाया तो उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना हसपुरा थाना को दिया गया।हसपुरा थाना से एसआई निशा अस्पताल आकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। मृतक के एक बेटा और बेटी का शादी करना है। मौके पर पहुंचे प्रखंड प्रमुख विजय कुमार, सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव, मुखिया प्रतिनिधि रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबु, सागर कुमार, नवल प्रसाद ने प्रशासन से आपदा राहत कोष से शीघ्र मदद देने का मांग किया।

# दाउदनगर में जी प्लस 5 न्यायिक भवन का निर्माण शीघ्र , कोर्ट का भी होगा शुरूआत।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं औरंगाबाद जिले के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय का विधिक संघ दाउदनगर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। वे अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर का निरीक्षण करने दाउदनगर आए थे। निरीक्षण करने के बाद उनका भव्य स्वागत अधिवक्ताओं द्वारा विधिक संघ परिसर में किया गया। समारोह में मोमेंटो,बुके एवं अंग वस्त्र प्रदान कर अधिवक्ताओं ने निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सच्चिदानंद तिवारी का स्वागत किया। महिला अधिवक्ताओं के अनुपस्थिति पर कहा कि न्यायालय में आधी आबादी को भी लाने का दायित्व आप पर है, ताकि न्याय में उनकी भी सहभागिता हो। 2013 से जितने भी निरीक्षी न्यायाधीश हुए, सभी ने अपनी रिपोर्ट में दाउदनगर में एडीजे कोर्ट की आवश्यकता जताई है। जब उन्होंने संचिका का अवलोकन किया तो उसके बाद उन्होंने प्रतिवेदन तैयार किया और अनुरोध किया।जी प्लस



फाइव न्यायालय निर्माण का पत्र किसी भी समय आ सकता है। जुडिशयल ऑफीसर क्वार्टर का पत्र एक नवंबर को ही निकल चुका है। वे कोशीश कर रहे हैं कि 31 दिसंबर 2025 तक अधिवक्ताओं की 10 वर्ष पुरानी मांग पूरी हो जाए।जिला एवं सत्र न्यायाधीश संपूणानंद तिवारी ने कहा कि निरीक्षी न्यायाधीश प्रतिदिन औरंगाबाद की जानकारी लेते हैं। नहीं हो सका शिलान्यास -विधिक संघ परिसर में लायर्स भवन का शिलान्यास नहीं हो सका।निरीक्षी न्यायधीश ने कहा कि कुछ कागजी त्रुटि के कारण शिलान्यास नहीं हो सका। यह त्रुटि जब पूर्ण हो जाएगी तो या तो खुद आ जाएंगे या वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी सहभागिता रहेगी। अधिवक्ताओं ने दिया मांग पत्र - इससे पहले संघ के पूर्व सचिव कुमार शिवेंद्र ने अभिनंदन पत्र पढ़ा । विधिक संघ की ओर से अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद ने मांग पत्र समर्पित किया। संघ के अध्यक्ष उमेश सिंह ने स्वागत भाषण किया। महासचिव धर्मेंद्र सिंह , पूर्व अध्यक्ष शशि भूषण सिंह , कुमार शिवेंद्र समेत अन्य अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

# विधुत तार की चपेट में आने से किसान की मौत , गांव में पसरा सन्नाटा

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)देवकुंड थाना क्षेत्र के दुलार बिगहा गांव निवासी किसान विरेन्द्र यादव को विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना के बारे में बताया जाता है कि 42 वर्षीय मृतक किसान विरेन्द्र यादव अपने ससुराल हसपुरा थाना क्षेत्र दिलावरपुर गांव में रहते थे जहां 1 नंबर की शाम अपने खेत तरफ जा रहे थे जैसे ही गांव के कोसीयारी बाधार के समीप पहुंचे की पूर्व से जर्जर होकर गिरे हुए हाइटेंशन तार से संपर्क कर गए। घटना के बाद परिजनों द्वारा हसपुरा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पुरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज परिजनों को सौंप दिया। तत्पश्चात 2 नंबर को मृतक का शव पैतृक निवास स्थान लाकर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की पत्नी शिक्षिका सुशीला देवी देवकुंड मध्य विद्यालय में कार्यरत हैं। पति के मौत के बाद उनका रो-रो कर हाल बेहाल है। मृतक के तीन पुत्री व दो पुत्र हैं जिनका भरण-पोषण का जिम्मा पत्नी व पिता बालेश्वर यादव के कंधों पर आ गया है। ग्रामीणों में पुलिस अवर निरीक्षक साहेब दयाल सिंह, विजय सिंह, सुबालाल सिंह, दीपू यादव, समाजिक कार्यकर्ता रामाशंकर यादव, पैक्स अध्यक्ष उमाशंकर यादव, मेशव कुमार, गोवर्धन यादव, राहुल यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए शोकाकुल परिवार के परिजनों को ढांढस बंधाया है।

# कॉलेजियम हटाओ व भारतीय न्यायिक सेवा आयोग का गठन करो - विनय कुशवाहा

विश्वनाथ आनंद

गया( बिहार )- महात्मा ज्योतिबा फुले क्रांतिकारी संघ के तत्वाधान में गया के गांधी मैदान गेट नंबर पांच पर धरना का आयोजन किया गया. इस अवसर पर धरना को संबोधित करते संघ के राष्ट्रीय संयोजक राजद के प्रांतीय सचिव विनय कुशवाहा ने कहा कि इस देश में हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में जजों के नियुक्ति में कॉलेजियम सिस्टम एक अभिशाप है .कॉलेजियम के माध्यम से हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति में सिर्फ परिवारवाद हावी है ,इस देश में लगभग 200 परिवारों का हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जज बनने का मौका मिलता है, क्योंकि उन्हें के परिवार के सदस्य कॉलेजियम के सदस्य होते हैं. उन्होंने आगे कहा कि एससी एसटी ओबीसी के साथ-साथ स्वर्ण समाज के भी बहुत तेरे लोग हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट का जज नहीं बन सकते.

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र गोप ने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम इस देश पर थोपा गया काला धब्बा है.

संघ के राष्ट्रीय सह संयोजक जुगनू यादव ने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम जब तक नहीं हटाया जाएगा तब तक हम लोग आंदोलन करते रहेंगे.सुभाष यादव,चन्दन कुमार वर्मा, पवन कुमार वर्मा ने कहा कि इस देश



के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब तक कॉलेजियम सिस्टम को खत्म नहीं करते हैं ,तब तक इस देश के किसी भी समाज के कुछ चुनींदा परिवारों को छोड़कर हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट का जज नहीं बन सकते हैं.इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉलेजियम सिस्टम हटाना नहीं चाहते हैं ,इससे समान्य वर्ग के साथ-साथ एससी एसटी ओबीसी के कोई भी व्यक्ति हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जज नहीं बन सकता है.इस धरना के माध्यम से 5 सूत्री मांग ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति का भेजा गया है.प्रमुख मांगे इस प्रकार है. जिसमें कॉलेजियम सिस्टम को खत्म करें और यूपीएससी के तर्ज पर भारतीय न्यायिक सेवाओं का गठन करें.एससी एसटी ओबीसी सहित सामान्य वर्ग के आरक्षण दिया जाए.महिलाओं को कोटि के अनुरूप आरक्षण का प्रावधान किया जाए.2024 से पहले कॉलेजियम सिस्टम को समाप्त किया गया. कॉलेजियम सिस्टम गैर संवैधानिक संस्था है संविधान के अनुरूप सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट में जजों के नियुक्ति का प्रावधान किया गया है.धरना में संघ के प्रदेश संयोजक चंदन कुमार वर्मा ने कॉलेज में सिस्टम को खत्म करने की मांग किया है.धरना की अध्यक्षता संघ के जिला संयोजक पवन कुमार वर्मा ने किया है.इस मौके पर अशोक आजाद, सुभाष यादव, रविंद्र प्रसाद वर्मा, विद्यानंदन ठाकुर, टुनटुन यादव, जितेंद्र वर्मा, मनोज कुशवाहा, केदार प्रसाद सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है.

# भाजपा नगर कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन को लेकर विधानसभा संयोजक संतोष ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को क्रियान्वयन कराने के लिए गया विधानसभा का बैठक विधानसभा संयोजक संतोष ठाकुर सह जिला मीडिया प्रभारी की अध्यक्षता में बैठक नगर कार्यालय में आहूत किया गया. इस बैठक में विस्तृत रूप से विश्वकर्मा योजना का लाभ लेने के लिए जो भी कामगार अपना फार्म भरना चाहते हैं, वो कॉमन सर्विस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन अप्लाई कर लाभ ले सकते हैं. इस कार्य में भाजपा का बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता लाभुको को चिन्हित कर आवेदन कराएंगे ऑनलाइन आवेदन में आधारकार्ड,पासबुक का कॉपी,राशनकार्ड,दो फोटो की आवश्यकता होगी. सारे आवेदनों को सात सदस्यों की कमिटी जिसमे भाजपा का जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू एक महामंत्री,ओबीसी के जिला अध्यक्ष चार प्रशासनिक अधिकारी सहित जिला पदाधिकारी अध्यक्ष होंगे .इन्ही कमिटी के द्वारा लाभुको का चयन किया जाएगा. आवेदन की आखरी तारीख 20नवंबर तक आवेदन करे.आज के बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, अजय कुमार तन्नी,ओबीसी के जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार,जिला मंत्री कमल सिन्हा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा,पंकज लोहनी विस्तारक प्रिंस राज,ओमप्रकाश पासवान,सौरभ कुमार,गौतम रजक,पिकेश कुमार,मनोज मेहता,पंकज विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल हुए.

# ओबरा में जदयू ने जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों पर किया परिचर्चा

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध टाउन हॉल में शनिवार को जदयू कार्यकताओं ने जिलास्तरीय नीतीश सरकार द्वारा अति पिछड़ा वर्ग के लिए किए गए कार्यों एवं केंद्र की उपेक्षा पर विचार हेतु जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों का चर्चा व बिहार के विकासशील मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा कुशल जातीय गणना करने पर आभार सह धन्यवाद कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह व संचालन प्रखण्ड प्रवक्ता डॉ० रामेश्वर कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद सांसद चंदेश्वर सिंह चंद्रवंशी, एमएलसी गुलाम गौस, पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्रदेश सचिव संजीव सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमिला प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संबोधित करते हुए जहानाबाद सांसद चंदेश्वर सिंह चंद्रवंशी ने मोदी सरकार पर सीधा निशाना चाहते हुए कहा कि केंद्र की सरकार अति



पिछड़ों के साथ सौतेला व्यवहार अपना रही है। हम सबों के हक और अधिकार का हनन किया जा रहा है। केंद्र की सरकार गरीबी व बेरोजगारी पर चर्चा ना करते हुए सिर्फ वोट की राजनीति करते आ रही है। इसे गरीबों से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ थे। उन्हें बिहार के दूसरे उप मुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री बनने का अवसर प्राप्त हुआ था। वह कुशल राजनीतिक थे, जिसके कारण वे बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने। अपनी लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक की उपाधि मिली थी। वे सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनका नाम महान समाजवादी नेताओं की सूची में आता है, जिन्होंने निजी और सार्वजनिक जीवन के आचरण के ऊंचे मानदंड स्थापित किया था। उपस्थित वक्ताओं ने भी राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा कुशलता पूर्वक जातीय गणना करने पर उनके प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जदयू जिला महासचिव वृजमोहन वर्मा , दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार पटेल, जदयू के वरीय नेता विजय पासवान , सुरीठ सिंह , देव प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार , रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा , कुंदन कुमार , सत्येंद्र चंद्रवंशी, ओंकार नाथ सिंह, जगनारायण सिंह चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# संत जेवियर्स हाई स्कूल अम्बा में मना प्री-दिवाली सेलिब्रेशन।

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुम्बा प्रखंड।**

औरंगाबाद (बिहार) 4 नवंबर 2023 :- संत जेवियर्स हाई स्कूल अम्बा में शनिवार को प्री-दिवाली सेलिब्रेशन आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर विद्यालय के सभी सदस्यों में काफी उत्साह दिखा। इस अवसर पर वर्ग नर्सरी से वर्ग दो तक के बच्चों पारंपरिक परिधान में विद्यालय आए। कई छात्र और छात्राओं ने माता लक्ष्मी, भगवान गणेश, श्री राम, लक्ष्मण और सीता के रूप में अपने अभिनय कर कलात्मक क्षमता का परिचय दिया।

प्री-दिवाली सेलिब्रेशन पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों ने पेपर लालटेन बनाने की प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं वर्ग एक और दो के छात्रों ने दिया कलरिंग सत्र तथा वर्ग तीन से 9वीं तक की विद्यार्थियों ने अपने अपने हाउस के अनुसार रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें ब्लू हाउस की वसुन्धरा, निधि और सुशील राज (सातवीं कक्षा) की टीम अव्वल नंबर पर रहीं। वर्ग



छह से आठवी कक्षा के छात्रों के बीच कहानी सुनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेकों प्रेरक कहानियां, दिवाली मनाने का कारण इत्यादि पर प्रकाश डाला गया।

विद्यालय के सभी सदस्य इस दिन अपने पारंपरिक परिधान कुर्ता पजामा और महिलाएं साड़ी में नजर आईं। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर आकाश श्रीवास्तव ने इस सफल आयोजन हेतु अपने शिक्षकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन से बच्चों में कई तरह के कलाओं का विकाश होता है और वे नई चीजों को सीखने के लिए प्रेरित होते हैं। विद्यालय चेयरमैन महेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने विद्यालय के इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।

कार्यकम में शिक्षकों स्टेला शा, अभिषेक दर्जी, उज्जवल वर्मा, कोमल कुमारी, सुदीप घोष, आशीष दर्जी, विकाश कुमार, अभिजीत सावंत, नीरज कुमार, उत्तम जाना, कंचन महतो, सुरुचि सिन्हा, अल्का कुमारी, प्रियंका कुमारी, अमिषा कुमारी, सेबेस्टियन मल्लिक, कल्पना कुमारी, सौरभ कुमार, अमित कुमार, विनय कुमार, एंजिला रॉय, सकुंतला तमांग इत्यादि की प्रमुख भूमिका निभाई।

# एमयू के इंटर कॉलेज चेस टूनार्मेंट-2023 में जीबीएम कॉलेज की शानदार प्रतिभागिता- डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी

## छात्रा निशा भारती को प्रथम तथा सोनी कुमारी को तृतीय स्थान.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय की छात्रा निशा भारती तथा सोनी कुमारी ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज चेस टूनार्मेंट-2023 में क्रमशः प्रथम तथा तृतीय स्थान प्राप्त करके कॉलेज का नाम रौशन किया है. सभी विजेताओं को ट्रॉफीज, मेडेल्स तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ एवं बर्सर डॉ. सहदेव बाउरी सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने विजेता छात्राओं को इस शानदार उपलब्धि के लिए




हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं. कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विगत शुक्रवार दिनांक 3 नवंबर को कॉलेज की छात्राएँ इंटर कॉलेज चेस टूनार्मेंट-2023 में भाग लेने खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय एवं शिक्षकेतर कर्मी रौशन कुमार के संरक्षण में दाउदनगर कॉलेज गयी थीं, जहाँ छात्राओं की प्रतिभागिता अत्यंत प्रशंसनीय रही। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप गौतम बुद्ध महिला कॉलेज को इंटर कॉलेज चेस टूनार्मेंट-2023 में रनर्स ट्राफी प्राप्त हुई है.आगामी सोमवार को छात्राएँ इंटर कॉलेज वॉलीबॉल टूनार्मेंट-2023 में भाग लेने राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद जायेंगी.

# नगर थाना द्वारा मिले सम्मान को सल्लू खान ने किया वापस ,सल्लू खान ने कहा- हकदार नहीं हूं मैं.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार):- औरंगाबाद की सामाजिक संस्था पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के जिलाध्यक्ष व अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने नगर थाना द्वारा प्राप्त सम्मान को नगर थाना पहुंचकर शुक्रवार की रात्रि नगर वापस कर दिया है. सम्मान वापस करने के बाद शनिवार की सुबह मीडिया से बातचीत करने के दौरान शालू खान ने कहा कि गुरुवार की शाम नगर थाने में नगर थानाध्यक्ष द्वारा वैसे लोगों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था, जिन्होंने दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण में न सिर्फ प्रशासन की मदद की बल्कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया. सम्मान समारोह में शहर के सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार एवं पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया था, लेकिन सम्मान समारोह की सूची में मेरा नाम होने के बावजूद भी मुझे इसकी कोई भी आधिकारिक सूचना नहीं दी गई और मेरा सम्मान किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा पहुंचवा दिया गया.ऐसी स्थिति में यह सम्मान लेना नागवार सा लगा और मुझे ऐसा



महसूस हुआ कि मैं इसका हकदार नहीं हूं. जिसके कारण इसे लौटना उचित समझा और बीती रात वापस कर दिया. उन्होंने आगे कहा कि सम्मान प्राप्त करने वालों में वैसे लोग भी शामिल थे ,जिन्हें नगर थाना के द्वारा इसी दुर्गा पूजा में थानाबदर भी किया गया था और थानाबदर वाली सूची में मेरा भी नाम शामिल था,तो फिर थाना बदर वाले व्यक्तियों को नगर थाना के द्वारा क्यों सम्मानित किया गया . यह समझ से पर है. उन्होंने आगे कहा कि वह सामाजिक कार्यों और सेवा भाव से जुड़े हैं और हमेशा जुड़े रहेंगे.आम जनता का सम्मान मिल रहा है, वही काफी है.जहां तक संभव होगा वह जिले में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में जिला प्रशासन का भी सहयोग करते रहेंगे.बता दें कि नगर थाना थाना अध्यक्ष पंकज सैनी के द्वारा मोहर्रम एवं दुर्गा पूजा समितियां को सम्मानित करने का एक अच्छा पहल संदेश दिए हैं. ताकि लोगों का मनोबल काफी बढ़ेगा. कार्यक्रम के शुरू सम्मानित शुरूआत से आने वाले वक्त में नगर थाना में इस तरह की परंपरा को लागू भी इनके द्वारा कर दिया गया.थानाध्यक्ष की एक अच्छी पहल के लिए तहे दिल से बधाई देता हूं. ऐसे तो सम्मान समारोह में कुछ पत्रकारों की सूची में नाम अंकित नहीं किया गया है, जिससे उन्हें सम्मानित होने से वंचित रहे.

# अपर प्रमुख सचिव के के पाठक ने डायट तरार का किया निरीक्षण।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)दाउददनगर डायट तरार का अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वहीं शुक्रवार की संध्या औरंगाबाद से पटना जाने के क्रम में डायट तरार पहुंचे और परिसर का निरीक्षण किया । वे प्रशिक्षकों से मिले उनसे बातें की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। प्रशिक्षुओं ने उनके साथ सेल्फी भी लिया। इस अवसर पर डीईओ संग्राम सिंह के अलावे स्थानीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 4 नवंबर 2023 :- अंबा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात्रि 9:30 बजे शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया। धंधेबाज की पहचान देवची बिगहा निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। यह कार्यवाही पीएसआई दिनेश कुमार ने की। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त गांव में शराब बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के सत्यापन के लिए छापेमारी की गई। जिसमें धंधेबाज को चालीस लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मध निषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# दीपावली एवं छठ पूजा के आयोजन को लेकर सिमरा थाना में शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 4 नवंबर 2023 :- दीपावली एवं छठ के शांतिपूर्ण



आयोजन को लेकर शनिवार को सिमरा थाना परिसर में बैठक की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष आपसी समन्वय और सौहार्द के साथ पूजा का आयोजन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए हुए है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंचल अधिकारी अभय कुमार सिमरा थानाध्यक्ष संजय कुमार, मुखिया सिकंदर यादव, मुखिया विजय सिंह, बैरांव पंचायत के सरपंच संतोष कुमार सिंह, कर्मा बसंतपुर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अजीत गुप्ता, भरौंधा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# बिहार सरकार द्वारा जाति गणना में पासी समाज को कम गणना दिखाया गया

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- बिहार सरकार के द्वारा जाती गणना जो प्रकाशित किया गया है ,उसमें पासी समाज को कम गणना दिखाया गया है जिसका विरोध स्वरूप राष्ट्रीय पासी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में बिहार के राज्यपाल हो शिकायत ज्ञापन सौपा . उक्त जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंन कहा कि बिहार सरकार कुछ जातियों को कम गणना दिखाकर राजनीति रूप से कमजोर आँकने के लिए यह गणना जारी किया गया है. इस गणना का पासी समाज पुरजोर तरीके से विरोध करता है. जबकि 2022 में पासी समाज की जनसंख्या लगभग 40 लाख का आंकड़ा था , लेकिन 2023 के गणना में काफी कम दिखाया गया है. आज के प्रतिनिधि



मंडल में पासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, नरेश चौधरी,संजय चौधरी, राजू चौधरी,जितेंद कुमार, फूली कुमारी, सुनीता देवी,निशा कुमारी, मंजू देवी, सुमित कुमार,श्रीकांत कुमार, उदय चौधरी, बबिता देवी ,देवलाल चौधरी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# औरंगाबाद अनुग्रह स्कूल के प्राचार्य की बेटी स्निग्धा दिल्ली यूनिवर्सिटी के वीसी इंटर्नशिप के लिए हुई चयनित - उदय कुमार सिंह

## *दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रत्येक माह देगी पांच हजार दो सौ पचास रूपए व कैर्रिएर को नयी उड़ान !!*

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद( बिहार )- जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की बेटी स्निग्धा सिंह ने दिल्ली यूनिवर्सिटी का प्रतिष्ठित समझा जानेवाला वाईस चांसलर इंटर्नशिप स्कीम के लिए आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट,ग्रुप डिस्कशन एवं इंटरव्यू में उत्तीर्ण घोषित हुई हैं! इसे एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है !अब स्निग्धा को इंटर्नशिप की अवधि तक 5250 रूपए मासिक प्राप्त होंगे !इस इंटर्नशिप से इनके करिएर को भी एक नई उड़ान मिलेगी एवं इनका कैर्रिएर प्रोफाइल काफी स्ट्रांग समझा जायेगा !पिता उदय कुमार सिंह ने बेटी की इस बड़ी सफलता पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए बधाई दिया है . उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के सभी 77 कॉलेजों के कुल 3376 अंडरग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट के छात्र छात्राओं ने 4 अक्टूबर तक आवेदन जमा किया था ,जिसके लिए संपन्न 31अक्टूबर की टेस्ट के उपरांत 3 नवंबर को दिल्ली यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर जारी रिजल्ट में सफल मात्र 140 लोगों में औरंगाबाद जिले की स्निग्धा सिंह भी शामिल हैं !स्निग्धा सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में पॉचवी



सेमेस्टर की छात्रा हैं एवं इनका अकादमिक उपलब्धियां भी काफी सराहनीय रहा हैं जो इसकी पात्रता के लिए आवश्यक था !इंटर्नशिप के दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी अपने विशेष शंकायों में कार्य करने का अवसर प्रदान करती है जिससे इनकी कार्यकुशलता एवं दक्षता में काफी इजाफा होगी !स्निग्धा सिंह की मॉं किरण सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि स्निग्धा रांची के लोरेटो कान्वेंट से आरंभिक एवं डीपीएस रांची से सेकेंडरी शिक्षा प्राप्त की हैं एवं काफी कुशाग्र स्टूडेंट रही हैं !डीपीएस रांची के प्राचार्य राम सिंह के नेतृत्व में स्निग्धा का होलिस्टिक विकास हुआ जो डीयू में काम आ रहा है ! स्निग्धा सिंह के छोटे भाई प्रसून प्रवर जो इस वर्ष के डीपीएस रांची के सीबीएससी टेन के टॉपर भी रहे हैं ने भी बहन को बधाई दिया और बताया की देश के श्रेष्ठ यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होनेवाला यह इंटर्नशिप उसके सिविल सर्विसेज की यात्रा में एक माइलस्टोन साबित होगा !

# फुलकाहा थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में दादा को बचाने गए 8 वर्षीय दिलखुश की हत्या

**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज पंचायत के वार्ड संख्या 10 एवं 11 चैनपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम आपसी विवाद में एक 8 वर्षीय बालक का गला घोटकर मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार यह विवाद वार्ड 10 निवासी रिंकू देवी पति पिण्टेश बाहरदार, एवं ससुर परशुराम बाहरदार के पड़ोसी परमानंद बाहरदार एवं उनके परिजनों के बीच हुआ है। पीड़िता रिंकू देवी ने बताई की उनके ससुर परशुराम बहरदार को परमानंद बहरदार पिता स्वर्गीय बच्चू बहरदार, पंकज बहरदार पिता परमानंद बहरदार,एवं रीता देवी पति परमानंद बहरदार ने मिलकर मारपीट करने लगा मारपीट के दौरान मेरे ससुर जी चिल्लाने लगे चिल्लाते देख मैं और मेरे 8 वर्षीय पुत्र दिलखुश दादा को बचाने गया, और दादा को पंकज बहरदार से छुड़ाने का कोशिश करने लगा। इसी दौरान पंकज बहरदार ने मेरे पुत्र का गला घोंटकर ईंट के बने दीवाल पर फेंक दिया। जिससे दिलखुश की मृत्यु मौके पर



ही हो गई। घटना के समय मेरे पति मछली बेचने फुलकाहा हाट गए हुए थे। जब तक मेरे पति घर पहुंचते तब तक सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दिलखुश को डॉक्टर के पास ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुत्र दिलखुश को लेकर रात को ही फुलकाहा थाना ले गए जहां पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए स्थल का जांच कर आज शनिवार को उक्त बालक को पोस्टमार्टम के लिए अररिया भेज दिया वहीं पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर आरोपी को पुलिस खोजने में जुट गई है।

क्या था घटना का कारण जानते है:- परशुराम बहरदार के दरबाजे पर परमानंद बहरदार ने बालू,गिट्टी रख दिया था,जिसको हटाने परशुराम बहरदार ने कहा,इतना कहते ही परमानंद बहरदार ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने लगा था। मारपीट करते देख बचाने रिंकी देवी और उनके पुत्र दिलखुश आये जिसपर आक्रोशित पंकज बहरदार ने दिलखुश को गला दबा कर हत्या कर घर छोड़कर फरार हो गया।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने टाउन हॉल के समीप दिया धरना प्रदर्शन

**राहुल दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओ ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष गौसिया प्रवीण की अध्यक्षता में किशनगंज मुख्यालय स्थित अंबेडकर टाउन हॉल के समीप अनिश्चितकालीन हड़ताल के क्रम में धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष गौसिया प्रवीण ने बताई कि हम आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका का पांच सूत्री मांगों में बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि ₹10000 सुनिश्चित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश के आलोक में बिहार में भी ग्रेजुएट भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ग्रेड सी और ग्रेड डी में समायोजित किया जाए। जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता है तब तक सेविकाओं को 25000 एवं साहिकाओं को 18000 रुपए प्रतिमा मानदेव वेतन दिया जाए। योग्य सहायता से सेविका में बहाली हेतु अतिरिक्त 10 बोनस अंक देने के प्रावधान को लागू किया जाए एवं सेविका से पर्यवेक्षिका तथा सेविका व सही का के रिक्त सभी पदों पर अभिलंब बहाली सुनिश्चित किया जाए। 16 में 2017 एवं 20 जुलाई 2022 के समझौते के आलोक में लंबित मांगों को लागू किया जाए। बिहार सरकार हमारी मांग जल्द पूरा करें अगर मांग पूरा नहीं होती है तो अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगी। वही धरना प्रदर्शन के बाद दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं ने अपनी मुख्य मांग पत्र को बिहार सरकार के नाम का जिला पदाधिकारी को सोपा। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष गौसिया प्रवीण, जिला महासचिव फारूक आलम, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शबीना आजमी के साथ सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं मौजूद थे।

# गलगलिया रेलवे स्टेशन : भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति रहे समर्पित।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया( किशनगंज) । पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन अंतर्गत कटिहार रेल मंडल में इन दिनों भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की दिशा में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कटिहार रेल मंडल अंतर्गत गलगलिया रेलवे स्टेशन परिसर में "भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे" थीम पर एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

उक्त ग्राम सभा मे सिलीगुड़ी, अलुआबाड़ी रेलखंड के सीएमआई जे.के दत्ता ने इस सभा में मौजूद सभी यात्रियों एवं ग्रामीणों को राष्ट्र के प्रति भ्रष्टाचार के प्रति आवाज उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश की आर्थिक राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। अगर भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सरकार नागरिक तथा निजी क्षेत्र एक साथ मिलकर सदैव ईमानदारी व सत्यनिष्ठा



से काम करते हैं तो संभवत भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों से अपील की के किसी भी सरकारी या निजी काम के लिए ना ही रिश्वत दे ना ही रिश्वत ले। अगर आपके आसपास ऐसी किसी भी तरह की भ्रष्टाचार हो रही हो तो इसकी सूचना उससे संबंधित विभाग को देकर अपने क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएं। इसके बाद सभा में मौजूद सभी लोगों भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करते हुए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर अलुआबाड़ी रेलखंड के सीएमआई जे.के दत्ता, जे सी सी केसब मंडल, भातगांव पंचायत के पूर्व मुखिया गणेश राय, बुधन पासवान, पंसस प्रतिनिधि मनोज गिरी, एसटीबीए विशाल गुप्ता, सहित यात्री एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# दीपोत्सव के दिन दीप जलाने से बढ़ती है वातावरण की शुद्धता

## *घरौंदे बना बच्चियां संजोती है उज्वल भविष्य की सपने*

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ दीपावली को ही दीपोत्सव के नाम से जाना जाता है। जिस दिन दीप जलाने से वातावरण की शुद्धता बढ़ती है। ऐसा मानना है लोगो का। वही धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना भी धूमधाम से किया जाता है जिससे पूरे वातावरण धूप व अगरबती की सुगन्ध से मनमोहक व भक्तिमय हो जाता है। वही घरौंदे बना बच्चियां अपनी उज्वल भविष्य की सपने भी संजोती है।

जानकारी के अनुसार दीपावली का त्योहार पूरे देश मे कार्तिक महीने में मनाई जाती है। यह त्योहार धनतेरस के दिन से शुरू होकर चार दिनों बाद समाप्त होती है। त्योहार के पूर्व घरों व आसपास के वातावरण की सफाई की जाती है। वही दीपावली के पहले दिन को धनतेरस के रूप में मनाई जाती है। इस दौरान धन की देवता कुबेर की पूजा किया जाता है। इस दिन सभी लोगो ने झाड़ू व बर्तन की खरीदारी जम कर करते है। वही कुछ लोग विशेष वस्तुओं की भी खरीदारी करते है।

दीपावली के दूसरे दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा किया जाता है। लोगो का मानना है कि इस दिन घर मे वास लिये मृत्यु के देवता को पूजा अर्चना कर बाहर निकाला जाता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि इस दिन तक घरों की पूर्ण रूप से सफाई कार्य संम्पन्न हो जाती है व घर मे मौजूद सभी रोगाणुओं को सफाई कर घर से निकलने पर मौजबुर कर दिया जाता है जिससे गम्भीर बीमारियों का डर समाप्त हो जाती है।

वही तीसरे दिन इस त्योहार के दौरान दीपोत्सव मनाई जाती है। इस दौरान लोग अपने घरों को दीपों व बिभिन्न रंगों के बिधुत बल्बों से अपने अपने घरों को सजाते है। वही बच्चे व बच्चियां रंगोली बना उसे



कई रंगों से सजाती है। खास बात तो यह है कि इस दिन बच्चियां घरौंदा बना उसकी पूजा पाठ कर नए घरों में प्रवेश कर अपने खुशहाल दाम्पत्य जीवन कि सपना संजोति है। इन कार्यो में इन्हें दादी, दीदी व मां भी साथ देती है। वही इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा सभी घरों में किया जाता है। कही कही सार्वजनिक स्थलों पर पूजा पंडाल बनाकर उसमें देवी लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित किया जाता है। अब तो का-रीगरों द्वारा घरौंदे भी निर्माण कर बाजार में बेची जा रही है। वही कुछ इलाकों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है।

वही दीपावली के अंतिम व चौथे दिन को भी लोग दीप जलाते है व खुशी खुशी त्योहार का समापन करते है। इस त्योहार के प्रति धार्मिक मान्यता यह है कि इसी दिन रावण पर विजय प्राप्त कर श्रीरामचन्द्र अयोध्या लौटे थे जिनकी स्वागत में पूरे अयोध्या नगरी को दीपों से सजाया गया था। जबकि बैज्ञानिक मतों के अनुसार बारिश के मौसम में उगे लताओं में बिभिन्न प्रकार के रोगाणुओं का वास हो जाता है। दीपावली के दौरान लताओं को सफाई कर रोगाणुओं से छुटकारा पाया जाता है। वही कुछ बचे हुए रोगाणु दीपों की ज्वाला में जलकर नष्ट हो जाते है। इससे पूरे वातावरण शुद्ध हो जाता है।

वही कुछ लोग अज्ञानतावश दीपावली के दिन काफी पटाखे छोड़ते है। उन्हें जानकारी होनी चाहिए कि पटाखे छोड़ने से निकलनेवाली जहरीली गैसों से वायु तथा तेज ध्वनि से ध्वनि प्रदूषण तो फैलती ही है साथ ही वातावरण तथा पर्यावरण पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इतना ही नही कभी कभी तो लोगो को शारीरिक नुकसान के साथ साथ पटाखे से निकलनेवाली चिंगारियों से आगलगी की सामना भी करनी पड़ती है। जिसे देखते हुए दीपावली को दीपोत्सव के रूप में ही मनाना चाहिए न कि केवल अपनी क्षणिक खुशी के लिए पटाखे छोड़कर वातावरण व पर्यावरण को दूषित करना चाहिए।

# दीये से घर को जगमगाने के लिए कुम्हारों की चाक ने पकड़ी रफ्तार

**उत्तम सिंह संवाददाता समाज जागरण ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग)**

दीपावली में करीब आठ दिनों का ही समय शेष रह गए हैं। इसको लेकर कुम्हारों के चाक तेजी से घूमने लगे हैं। बड़ी संख्या में मिट्टी के दीये तैयार होने के बाद कुम्हार दीये को नेपाल, बिहार आदि जगहों में भेजना शुरू भी कर दिया है । इस बार कुम्हारों में ज्यादा बिक्री होने की उम्मीद जगी है। खुशहाली में चार चांद लगाने के लिए तैयार है और पटाखे पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई है। दीपावली आगामी 12 नवंबर रविवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर दीपों से अपने घर-आंगन को सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। बदलते ट्रेंड के साथ लोग डिजाइनर दीये भी खूब पसंद करने लगे हैं। वहीं चाइनीज दीयों के साथ मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ रही है। देश में दीपावली को बड़े पर्व के रूप में मान्यता दी जाती है। दीपावली के समय कुम्हारों के चेहरे खिल जाते हैं क्योंकि दीया, कुल्लड़ और मिट्टी की घरिया और खेल-खिलौने बनाने का काम विश्वकर्मा पूजा से कुम्हारों के बीच शुरू हो जाता है। दीवाली कुम्हारों के लिए इसलिए खास रही है । प्राचीन संस्कृति के लिहाज से मिट्टी के दीपकों का ही दीपावली में महत्व होता है। इसलिए दिवाली में मिट्टी के दीये व खेल-खिलौनों की डिमांड बढ़ जाती है। विश्वकर्मा पूजा से अब तक हजारों की संख्या में दीपक बनाकर बाजार के व्यवसायी के पास पहुंच रही है ।साथ ही बड़ी संख्या में दीपक बनाकर पकाने की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है।

**दीपक बनाने को चाक ने पकड़ी रफ्तार**

दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों के चाक ने रफ्तार पकड़ ली है। बतासी के कुम्हार रवींद्र पाल चौधरी बताया उन्हें इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए उनकी मां और पत्नी के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।

**बिक्री अधिक होने की उम्मीद**

बतासी के शुकारुजोत स्थित पालपाड़ा निवासी कुम्हार आशु पाल व सूचित पाल चौधरी बताते हैं कि लोग चाइना के बने रंग बिरंगे लाइटें खरीददारी कर रहे हैं ।फिर भी उम्मीद है कि ज्यादा दीपक की बिक्री होगी पिछले साल करीब 35 हजार दीपक व मिट्टी के अन्य सामग्री बेची थी। इस बार उम्मीद है कि 50हजार से 60 हजार तक दीपकों की बिक्री होगी।

**कुम्हारों को ईंधन पड़ता है महंगा**

मिट्टी चाक पर चढड्डे के बाद एक रूप दे देते हैं पर उसको पक्का करने के लिए मिट्टी को पकाया जाता है। पहले ईंधन इतना महंगा नहीं था पर अब ईंधन ने भी कुम्हारों का पसीने छुड़ा देता है। कुम्हारों को एक पल की भी फुर्सत नहीं मिल पाती है। इसलिए अधिकांश कुम्हार मिट्टी के चूल्हा का उपयोग कर रहे हैं। गणेश लक्ष्मी की मूर्तियों से लेकर दीए तक की मांग चल रही है।

**60-70 रुपये सैकडों बिकते हैं दीये**

कुम्हार बिक्री के लिए दीये की अलग-अलग वैरायटी बनाने लगे हैं। कुम्हारों ने बताया कि 60 -70 रुपये सैकड़ा में दीये बेचे जाते हैं लेकिन दीया बनाना ही परेशानी का सबब नहीं बल्कि बिक्री करने में भी काफी दिक्कतें होती है। धनतेरस से लेकर दीपावली के दिन तक दीये की बिक्री करते हैं। ऐसे में बाजार में जिस किसी भी दुकान के सामने फुटपाथ पर दीये की बिक्री करते हैं, उसका किराया देना पड़ता है। मिट्टी लाने व दीये बनाने से लेकर पकाने में जो खर्च होता है। उसके हिसाब से लाभ नहीं हो पाता। कहा कि कुम्हारों को सरकारी मदद दी जानी चाहिए जिससे मिट्टी गढड्डे की कला बची रहे।

**बोले युवा मिट्टी की दीपक ही जलाएंगे**

प्राचीन संस्कृति के लिहाज से मिट्टी के दीपकों का ही दीपावली में महत्व होता है। इसे बच्चे व युवा खूब अच्छे से जान रहे हैं। यही वजह है कि अब चाइना के उत्पादों को छोड़कर देशी दीपकों की मांग बढ़ रही है। युवा पप्पू कुमार , आकाश कुमार सिंह, चंदन मंडल , प्रह्लाद प्रसाद, गोपाल आदि कहते हैं कि वे कुम्हारों से बने मिट्टी की दीपक ही जलाएंगे। साथ ही अन्य लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं।

# कायाकल्प कार्यक्रम - स्वास्थ्य संस्थानों की बेहतरी को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

स्वास्थ्य केंद्रों में सभी तरह की सुख-सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कायाकल्प योजना की शुरूआत 15 मई 2015 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई थी। जिले या राज्य सहित देश के उन तमाम स्वास्थ्य केंद्रों और जन स्वास्थ्य सुविधाओं को विशिष्ट मानकों की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। कायाकल्प को लेकर जल्द ही जिले के अस्पतालों का राज्य की टीम भ्रमणे करने वाली है। इसी योजना को जिले के सभी अस्पतालों में धरातल पर उतारने को लेकर जिले के लिए सभी सीएचओ को अवेयरनेस कम इंटरनल अस्सेसर के लिऐ प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों की बेहतरी को लेकर कायाकल्प कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। ताकि स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित रूप से सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर विभिन्न प्रकार के संक्रमण को रोका जा सके। जिसके लिए जिलास्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ,डीपीएम डॉ म ु न ा ा जि म ा ,डीक्यूएसी डॉ विद्या, डीपीसी विश्वजीत कुमार , पिरामल स्वास्थ्य के अश्विनी पटेल सहित जिले के सभी सीएचओ सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# जदयू जिलाध्यक्ष ने डीएम से मिलकर जिले की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने शनिवार को जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला से उनके कार्यालय में मिलकर मांग पत्र सौंपा। बर्ष 2023-24 में अधिप्राप्ति धान का कुटाई कार्य हेतु उसना राईस मिल को क्षमता अनुरूप आवंटन करने की मांग जिला पदाधिकारी किशनगंज से की गई है।

जिले में मात्र तीन ही उसना राईस मिल कार्यरत हैं और 22 अरवा राईस मिल कार्यरत हैं। इसलिए जिले में उसना राईस मिल की संख्या के हिसाब से 20-30- प्रतिशत ही उसना मिल को आवंटित करने की मांग की गई है ।पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने जिला पदाधिकारी को अवगत कराया कि सदर अस्पताल में पहली बार मरीजों का डायलिसिस नहीं होने पर गरीब मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ।पहली बार या तो दूसरी जगह से वेंट लगाकर आना पड़ता है या दूसरी जगह डायलिसिस कराना पड़ता है ।सदर अस्पताल में कोई मेहतर बहाल नहीं होने के कारण जो दूसरे व्यक्ति से काम लेना पड़ता है वो मनमानी पैसे की डिमांड करता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचाधामन-में छे महीने से एक्स रे टेक्नीशियन नहीं रहने के कारण गरीब मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने जिला पदाधिकारी से मांग किया है कि या तो एक्स रे टेक्नीशियन बहाल किया जाए या फिर दूसरे जगह से डिपयूटेशन किया जाए। जिला पदाधिकारी किशनगंज ने अविलंब कारवाई का भरोसा दिलाया है। किशनगंज प्रखंड अंतर्गत दौला पंचायत के बलियाडांगा, मंझोक एवं पोरलाबारी से कुल मिलाकर 140 परिवार महानन्दा नदी के कटाव के कारण विस्थापित हो गए थे। जिनमें से अब तक आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मात्र 34 परिवारों को ही भुगतान किया गया है। शेष 106 परिवारों को भुगतान नहीं होने पर ये परिवार प्रधानमंत्री सड़क के किनारे डेरा डाले हुए हैं ।बांकी 106 परिवारों को जल्द भुगतान कराने की मांग की है। कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत नाबार्ड योजना से निर्मित सड़क ळ06 चिकनी से मजकुरी पश्चिम टोला पिछले वर्ष कई स्थानों पर बह गया है जिसका अभी तक रिस्टोर नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। क्योंकि गांव तक जाने के लिए दूसरा कोई रास्ता नहीं है। कोचाधामन- प्रखंड अंतर्गत डेरामारी पीएसएस का निर्माण जमीन अधिग्रहण के कारण लंबित है ।जमीन अधिग्रहण का कार्य जल्द पूरा कर निर्माण कार्य जल्द चालू करने की मांग की गई है ।साथ ही हर घर नल का जल के तेहत छोटे हुए घरों एवं टोला बसावटों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए अग्रतर कारवाई करने का भरोसा दिलाया है।

# गलगलिया-अररिया रेलखंड : मार्च-24 से पटरी पर दौड़ेगी ट्रैन

## शनिवार को कटिहार डीआरएम सुरेन्द्र कुमार ने किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया( किशनगंज) ।ठाकुरगंज होकर गलगलिया से अररिया तक बन रही नई रेल लाइन के प्रस्तावित कार्य का शनिवार को कटिहार डीआरएम सुरेन्द्र कुमार ने निरीक्षण किया ।इस दौरान ठाकुरगंजे मुख्य पार्षद सिकंदर पटेल ने स्टेशन पर ऋइइ निर्माण के स्थल को लेकर डी आर एम को ज्ञापन सौंपा ।

मंडल रेल प्रबंधक ने मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई लाईन के कार्य का जायजा लिया। रेल लाइन निरीक्षण की शुरूआत ठाकुरगंज में एनएच327 ई पर बन रहे ब्रिज स्थल से हुई, यहाँ निर्माण कार्य से जुड़े अभियंताओं ने डीआर एम को प्रोजेक्ट की जानकारी दी । इसके बाद उनका काफिला पोवाखाली पहुंचा, जहाँ बन रहे नए स्टेशन बिल्डिंग का निरिक्षण किया



गया। इंटर सिटी एक्सप्रेस से ठाकुरगंज पहुंचे डीआरएम के साथ अधिकारियों का काफिला था ।इस दौरान उन्होंने कहा की रेलवे ने ठाकुरगंज से पोवाखाली तक मार्च 2024 तक ट्रेन चलाने का टारगेट निर्माण एजेंसी को दिया है ।इसी को लेकर दौरा किया जा रहा है ।उन्होंने स्पस्ट शब्दों के निर्माण एजेंसी को चेताया की कार्य की गुणवत्ता को लेकर रेलवे कोई समझोता नहीं करेगी । भातगॉव पूर्व मुखिया गणेश प्रसाद राय ने गलगलिया रेलवे स्टेशन को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानते हुए अपने नाम के अनुरूप गलगलिया - अररिया परियोजना को गलगलिया तक विस्तारित करने की बात कही, जो वर्तमान में ठाकुरगंज तक सीमित है ।

# बागड़ीही रेलवे स्टेशन पर 7 नवंबर से समलेश्वरी एक्सप्रेस का ठहराव

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत चक्रधरपुर रेल मंडल के बागड़ीही रेलवे स्टेशन




में ट्रेन संख्या 18005 अप और 18006 डाउन हावड़ा जगदलपुर हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस का प्रायोगिक तौर पर 2 मिनट का ठहराव 7 नवंबर से देने की घोषणा की गई है। जानकारी के मुताबिक 7 नवंबर को हावड़ा से खुलने वाली ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस का ठहराव बागड़ीही स्टेशन पर प्रतिदिन सुबह 06:34 बजे पहुंचेगी तथा 2 मीनट ठहराव के बाद सुबह 06:36 बजे जगदलपुर के लिए रवाना होगी ।जबकि 8 नवंबर को जगदलपुर से खुलने वाली ट्रेन संख्या 18006 जगदलपुर हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस का बागड़ीही स्टेशन पर प्रतिदिन रात्रि 8:04 बजे पहुंचेगी तथा 2 मीनट ठहराव के बाद 8:06 बजे हावड़ा की ओर रवाना होगी। इस संदर्भ में दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन, 4 मामले का हुआ निष्पादन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज मुख्यालय स्थित महिला थाना परिसर में पुलिस परिवार परामर्श



केंद्र में माध्यम से पारिवारिक विवाद को जनता दरबार का आयोजन महिला थाना अध्यक्ष विनीता कुमारी, राहत संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना बेगम के नेतृत्व में किया गया। वहीं पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के लगे जनता दरबार में पारिवारिक विवाद से संबंधित कुल 7 मामले पहुंचे। महिला थाना अध्यक्ष विनीता कुमारी, राहत संस्था के सचिव डॉ फरजाना बेगम के सूझबूझ से चार मामले का निपटारा मौके पर कर दिया गया। बाकी बचे मामले को अगले शनिवार जनता दरबार में आने के लिए कहा गया।

# झाड़ग्राम जिला पुलिस द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

झाडग्राम जिला पुलिस द्वारा नेफ्रो इम्यून फोरम, कोलकाता के सहयोग से बेलपहाड़ी थाना अंतर्गत कोलाबोनी गांव में "मिशन स्वास्थ्य" के बैनर तले एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाड़ग्राम ( ऑपरेशन) उत्तम घोष, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेलपहाड़ी उत्तम गरैन, बिनपुर विधायक देबनाथ हांसदा,एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। लगभग 175 मरीजों को एक महीने तक विशेष उपचार और मुफ्त दवा मिली। मरीजों के बीच टिफिन पैकेट भी वितरित किये गये।

# फुलकाहा थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन।

**रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। फुलकाहा थाना परिसर में शनिवार 04 नवंबर शनिवार को जमीनी



विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में मजिस्ट्रेट के रूप में हल्का कर्मचारी रवि कुमार तो वहीं पुलिस प्रशासन के तरफ से एएसआई जगरनाथ राम मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार आज के जनता दरबार में पूर्व के लंबित चार मामले का सुलह समझौता के तहत निष्पादन किया गया। तो वहीं अन्य पांच मामले में आवेदक को साक्ष्य के साथ अगले जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। मौके पर आज की जनता दरबार में जमीनी विवाद को लेकर दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# टाउन थाना परिसर में लगे जनता दरबार में छह मामले का हुआ निष्पादन

राहुल कुमार, किशनगंज

टाउन थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन सीओ समीर कुमार के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी जमीनी संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुचे और फरियादियों की अच्छी खासी भीड़ जुटी रही। मिली जानकारी के अनुसार जनता दरबार में कुल सात मामलों में आवेदन पड़े। जिसमें मौके पर सीओ समीर कुमार के द्वारा छह मामले का निष्पादन कर दिया गया। जबकि एक मामले में एक पक्ष के नहीं पहुंचने के कारण मामलों का निष्पादन नहीं हो सका। और कार्रवाही के लिए अगली तारीख दी गयी।

# कलश यात्रा रोकने पर जमकर हुआ विरोध प्रदर्शन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

04 नवम्बर। किशनगंज प्रखंड स्थित टेऊसा पंचायत में मां काली पूजन पूर्व क्लश यात्रा को टाऊन थाना क्षेत्र टेऊसा रोड के शेरशाहवादी मुहल्ले से



होकर गुजरने नहीं दिए जाने पर आक्रोशित महिला क्लश यात्रा को विधिवत संपन्न कर पुनःटेऊसा रोड पर ही धरना-प्रदर्शन किया धरने में महिलाओं ने प्रशासन से इंसाफ की मांग करने लगी। मौके पर पिंकी देवी ने कहा कि हम इस शहर के इसी मुहल्ले के निवासी हैं ।और हमलोग अपने मुहल्ले के रास्ते से कलश लेकर गुजर रहें थे ।उस रास्ते दिन सभी समुदायों के लोग गुजरते हैं। तो हम लोग किसी धार्मिक अनुष्ठान के तहत जा रहें हैं। हम लोगों को जाने नहीं दिया गया ।सड़क सार्वजनिक होता है किसी खास लोगों नहीं फिर हमारी यात्रा को दुसरे समुदाय के लोगों ने रोका इसी बात को लेकर विरोध कर रही हूं ।और प्रशासन से न्याय चाहती हूं इस बात की जानकारी मिलते ही मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौतम कुमार एवं थाना अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंच कर दोनो समुदायों की बीच की थी इसलिए किसी तरह का विवाद बढ़ने से रोकते हुए धरना पर बैठे आक्रोशित महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया गया।

# प्रखंड संसाधान केन्द्र के बीआरसी मे 65 शिक्षकों ने लिए योगदान

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड संसाधन केंद्र के बीआरसी मे शनिवार को



उच्च उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिये 65 शिक्षकों ने योगदान लिये। इस आशय कि जानकारी बीआरपी हरिद्वार तिवारी, बीरेंद्र शर्मा एवं रामदेव राम ने देते हुए बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश के आलोक में कोचस प्रखंड के लियेप्रीति कुमारी,अजय कुमार,विकास पाण्डेय,आवधेश चौधरी,सुनीता,शोभा सविता सिंह सतीश कुमार सिंह समेत 65 शिक्षकों को आवंटित किया गया है। योगदान के बाद ये सभी शिक्षक आवंटित टैग विद्यालय में योगदान कर कार्य करेंगे। मौके पर अकाउंटेट वी के के उपाध्याय,दीनानाथ ओझा, रंजन ओझा,आखिलेश सिंह योगदान कराने ने मदद कर रहे थे।

# अपनी मांगों को ले अनिश्चितकालीन के लिए सेविका व सहायिकाओ ने जारी रखा आंदोलन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकालीन



प्रखंड कार्यालय परिसर में जारी रहा।इस मौके पर धरना को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष रीनु देवी ने कहा कि जब तक सरकार हमारी पांच सूत्री मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व अनशन किया जायेगा।कहा कि आंगनबाड़ी की सेविकाओं सहायिकाओं द्वारा सरकार के सभी योजनाओं पर अमल सहायिका सेविका करती है। फिर भी उन्हें अल्प मानदेय दिया जाता रहा है। जबकि की विभागों के कर्मियों का मानदेय बढ़ाने का कार्य सरकार ने किया है।वही आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के साथ सौतेलापन ब्यवहार किया जाता रहा है।जिसे हम किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर सीमा देवी, वीना देवी, आरती देवी, बबिता देवी, अनीता देवी, कौशल्या देवी समेत दर्जनों सेविका सहायिका मौजूद रहीं।

# आपसी रंजिश में 25 वर्षीय युवक की हत्या जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट पशु मेला के समीप एक महादलित युवक की



हत्या का मामला प्रकाश में आया है। युवक की मौत की खबर सुबह में ग्रामीणों को लगी फिर काराकाट थाना को जानकारी दिया गया, सूचना पाते ही शव पुलिस काराकाट पशु मेला वाले स्थान के निकट करहे से बरामद की है। शव मिलने की खबर मिलते ही आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र के काराकाट बाजार के रहने वाले 25 वर्षीय अथली नट के रूप में की गई। परिजनों द्वारा बताया जाता है कि बीते कई दिनों से घर नही आता था ज्यादातर इधर उधर रहता। पिछले 2 वर्ष से वो काराकाट होटल में काम करता था लेकिन 6 महीने से काम छोड़ दिया था। मृतक की माता ने बताई कि सुबह सूचना मिली कि आपके बेटे की हत्या कर पशु मेला के समीप करहा में हाथ पैर बांध कर फेंका हुआ है। मौत की खबर सुन घटना स्थल पर पहुंची तो देखा कि लोगों की भीड़ लगी थी। बताई कि मेरे बेटे के गर्दन में रस्सी बांध कर हत्या किया गया है। हत्या की खबर की सूचना पर थानाध्यक्ष मो. शहनवाज अख्तर के साथ पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। हत्या के मामले की जांच जारी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या के मामले में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया।

# पीएचसी रोहतास में वाटर प्यूरीफायर का हुआ उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास में शनिवार को प्लांट हेड लोकेश कुमार बाहेती के देखरेख में भारत डालमिया फाउंडेशन सीएसआर के द्वारा वाटर प्यूरीफायर अस्पताल कैंपस में लगाया गया। बता दे कि वाटर प्यूरीफायर में 80 लीटर की क्षमता के साथ शुद्ध पेयजल एवं शीतल जल की व्यवस्था है। प्यूरीफायर लगाने से अस्पताल के कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों में भी खुशी देखी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि अब यहां मरीजों को पानी के दिक्कत के सामने नहीं करनी पड़ेगी। वही रोहतास पीएसी के विषय में आजाद कुमार प्लांटेड लोकेश बाहेती के संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया। जहां अस्पताल के कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि लोग भी मौजूद थे। मौके पर अखिलेश सिंह,सनोज कुमार, मुकेश पाठक,उदय तिवारी, कलमेश कुमार,लवकुश तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# व्यवसायी के गोदाम में लगी आग, हजारों रुपए की संपत्ति हुई राख

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के गरूड़ा गांव में स्थित एक गोदाम में शनिवार को दोपहर में अचानक आग लगने से अनाज सहित हजारों रुपए की संपत्ति जल कर राख हो गई। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया। सूचना के कुछ हीं घंटे बाद अग्निशमन दस्ता वहां पहुंच कर किसी तरह से आग पर काबू पाने में सफल रही नहीं तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गरूड़ा गांव में प्रभू स्वर्णकार के गोदाम में शनिवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। आग की लपटे उठते देख ग्रामीण गोदाम की ओर दौड़े,आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। आग बूझाने में असफल होने की संभावना पर अग्निशमन दस्ता को सूचना दिये। सूचना मिलते हीं अग्निशमन दस्ता वहां पहुंच कर किसी तरह से आग पर काबू पाने में सफल रहा। इस बीच गोदाम में रखे।अनाज सहित सहित दो लाख रुपए की संपत्ति जल गई। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई है।

# ई घर ना बटाई भोजपुरी नाटक का मंचन कलाकारों ने की भावपूर्ण जीवंत अभिनय

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के देर शाम सिरिसिया गांव में आदर्श शिव शक्ति दुर्गा पूजा एव नाट्य कला परिषद सिरिसिया के द्वारा ई घर ना बटाईह्ल भोजपुरी नाटक का मंचन किया गया है। अध्यक्षता शशिकांत पाण्डेय व संचालन बच्चा सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शुशील कुमार करोलिया जिला युवा अधिकारी नेहरु युवा केंद्र कैमूर रोहतास, विमल उपाध्याय पैक्स अध्यक्ष शिवन, जितेन्द्र कुमार शिक्षक, अभय द्विवेदी ,नगीना चौरसिया, सत्यनारायण सिंह प्रधान सहायक शिक्षक, संतोष श्रीवास्तव सिनियर ऑडिटर , गोरखनाथ पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। जिसमे स्थानीय कलाकारों ने भावपूर्ण जीवंत अभिनय की प्रस्तुति की। नाटक के माध्यम से बताया गया कि जिन्दगी का असली सुख हंसते-खेलते परिवार में मिलता है। इसलिए परिवार में आपसी प्रेम और एकता काफी जरूरी है। पैक्स अध्यक्ष विमल उपाध्याय ने कहा कि आज के युवा को नाटक के मंचन में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए इससे समाज में समन्वय



स्थापित होता है गांव समाज में इस तरह का कार्यक्रम होना गर्व की बात है वही दुर्गा पूजा के अवसर चन्द्रयान 3 के दुर्गा पंडाल बनाने हेतु ओमकार पाण्डेय कमलेश सिंह टुनटुन प्रजापति एवं उनके सहयोगियों को कमिटी द्वारा अंगवस्त्र देकर पुष्प देकर सम्मानित किया गया।मौके पर पत्रकार अजय सोनी, सत्यम पटेल, मंटू प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी,पंकज कुमार प्रियांशु निदेशक (प्रशासन एवं लेखा)ग्रामोदय सेवा संस्थान, करगहर सिरिसियां बिनोद तिवारी, मिथलेश कुमार सिंह रोजगार सेवक, गणेश पटेल रेल मंत्रालय भारत सरकार, मुन्ना चौरसिया, मनोज सिंह अतिथि के रूप में सुनील कुमार पांडेय निदेशक ( प्रशिक्षण ) विश्वजीत कुमार पांडेय संस्थान के मुख्य प्रबंधक, धीरज कुमार प्रियांशु ( अधिवक्ता ) संस्थान के कानुनी सलाहकार , डॉ नागेन्द्र सिंह सचिव टुनटुन प्रजापति, , राजेन्द्र प्रसाद, आषुतोष पांडेय,कमलेश सिंह , सचिदानंद सिंह, ब्रह्देव चौरसिया , हरिशंकर पांडेय शिवशंकर सिंह कामेश्वर प्रजापति, कन्हैया प्रजापति, बिकाऊ लाल, प्रभाकर पाण्डेय उर्फ लपसी बाबा, मनीष पटेल,नीरज कुमार पांडेय, अन्य लोग उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में जाति-पार्टी छोड़ विकास की जीत होगी - सांसद महाबली

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

काराकाट लोकसभा सांसद महाबली सिंह का बिक्रमगंज में लोगों ने भव्य स्वागत किया। आपको बता दें कि शनिवार को बिक्रमगंज तेंदुनी चौक पर वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि सह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय सीनेट सदस्य डॉ० मनीष रंजन के नेतृव में सैकड़ों लोगों ने सांसद के आगमन को लेकर पूर्व से ही गाजे बाजे फूल माला के साथ उनके स्वागत में खड़े में थे। जहां उनके पहुंचते ही लोगों ने जिंदाबाद नारों के साथ उन्हें फूल माला पहनाते हुए अंवस्त्र से सम्मानित कर सांसद का भव्य स्वागत किया। जबकि सांसद ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि आगामी सत्र-2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर जनता ने अपना पहले से मंशा



बना लिया है। इस बार चुनाव में वोटर मतदाता जाति-पार्टी पर नहीं बल्कि विकास के नाम पर वोट देगी। साथ ही साथ विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज बिहार में विकास की बयार बह रहीं है। जहां विकास कार्य तहत सभी क्षेत्र में जनता के सपने साकार हो रहें है। जो मुख्यमंत्री के विकास कार्य की चर्चा आज पूरे देश आइकॉन बना हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह, सरोज सिंह, गुडू सिंह, बलवंत सिंह, विकास सिंह, मुन्ना सिंह, नरेंद्र सिंह, विष्णु दूबे, विवेक कुमार, परवेज खां, शशि कुमार, रंजित कुमार, राहुल कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

# स्वच्छता और प्रकाश का प्रतीक है दीपों का पर्व दीपावली : आचार्य हरिशरण दुबे

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

दीपों का पर्व दीपावली पूरे राष्ट्र में हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाया जाने वाला एक प्राचीन पर्व है जो कि प्रत्येक वर्ष इस पर्व को कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इसके पीछे भी कई पौराणिक मान्यता यह भी है कि दीपावली के दिन हिन्दुओं के आराध्य अयोध्या के राजा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्री राम अपने 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे थे। इससे पूरा अयोध्या अपने राजा के आगमन से हर्षित और उल्लसित था। अयोध्या के लोगों ने इसी खुशी में श्रीराम के स्वागत में घी के दीपक जलाए थे।कार्तिक मास की काली अमावस्या की वह रात्रि दीयों के उजाले से जगमगा उठी। मान्यता है कि तब से आज तक भारतीय प्रतिवर्ष यह प्रकाश -पर्व दीपावली के रूप में हर्ष व उल्लास से मनाते आ रहे हैं। दीपावली का प्रकाश बुराई पर अच्छाई की जीत और भगवान श्रीराम के जीवन में मौजूद महान आदर्शों और नैतिकता में हमारे विश्वास का प्रतीक है। दीपों का पर्व दीपावली स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। लोग कई दिनों पहले से ही दीपावली की तैयारियां आरंभ कर देते हैं और सब अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि की सफाई का कार्य आरंभ कर देते हैं। दीपावली का पर्व आते ही घरों की मरम्मत, रंग-रोगन,सफेदी आदि का कार्य होने लगता है। लोग अपने घरों और दुकानों को साफ-सुथरा कर सजाते हैं। इसके पीछे मान्यता है कि लक्ष्मीजी उसी घर में आती है, जहां साफ-सफाई और स्वच्छता होती है। दुबे ने कहा कि पुराणों में बताया गया है कि दीपावली के दिन ही लक्ष्मीजी ने अपने पति के रूप में भगवान विष्णु को चुना और फिर उन्हीं से विवाह किया। इसलिए घर-घर में दीपावली की रात को लक्ष्मीजी का पूजन होता है। दीपावली के दिन लक्ष्मीजी के साथ-साथ भक्त की हर बाधा को हरने वाले गणेशजी,ज्ञान की देवी सरस्वती मां और धन के प्रबंधक कुबेरजी की भी पूजा होती है।

# अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ में अखिल भारतीय धर्म सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला प्रखण्ड अंतर्गत मुड़ियार पंचायत के नवाडीह बाल पर चल रहे 5 दिवसीय अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ के दौरान धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कांची पुरम से आए हुए गादी जी महाराज ने कहा कि वृंदावन में आज विकट परिस्थितियों में सनातन धर्म को तोड़ने में कुछ लोग लगे हुए आप इस विकट परिस्थिति में आए हुए है। आप सभी धमार्नुरागी यज्ञ सारे तीर्थो का दर्शन कर प्रतिभूत हो रहे है। सनातन धर्म में कहा गया है कि आप किसी की निंदा नहीं करे। दक्षिण भारत से आये बालक स्वामी जी महाराज ने बताए कि गुरु का प्रकाश करना बहुत जरूरी है यह हमारे आचार्य की परम्परा को कायम रखे हुए हैं। स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिका में कहा कि हमारी परंपरा गुरु का आदर है। हमारी गुरु परम्परा ही मुख्य है। आज नवाडीह में हुए यज्ञ इतिहास के पन्नो में लिखा जाएगा अतिथि का सम्मान ही हमारा सर्वोपरि धर्म है। माता, पिता का सम्मान सहित अन्य गुरुजनों का सम्मान ही हमारा सनातन धर्म की संस्कृति है। आरा से आए ज्योति नारायण आचार्य जी महाराज ने बताए कि मनुष्य को जीवन मे अपने भय लोभ को त्याग कर अपने गुरु जनों के सामने उध पुण्ड लगाना चाहिए। काशी से आये पुण्डरीकाचार्य जी महाराज धर्म का मतलब मयार्दा होती है। श्री राम ने सब कुछ छोड़ दिया, मगर अपनी मयार्दा नही तोड़ी। हरिद्वार से स्वामी श्री श्याम नारायणाचार्य महाराज सम्मेलन में आये संतो का अगर एक एक शब्द को आप अपने जीवन ने उतार लेते है तो आपका जीवन धन्य हो जाएगा। स्वामी सूर्य नारायण आचार्य हम सभी को आपस मे लड़ना नहीं आपसी भाईचारा के साथ सनातन धर्म की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। सन्त महापुरुष आचार्य भारत भूषण जी महाराज सनातन शक्ति पीठ के अध्यक्ष समय समय पर धर्म के नाम पर लोगो को बांटा जा रहा है, उनलोगो के भ्रम में नही पड़ना है। उन लोगों का दोहरा चरित्र हो गया है। सनातन धर्म के विरुद्ध बोलने वाले को हम कभी नही अपनाने वाले है अंग्रेजो की कूटनीति से आज एक कौम जिंदा है जो सब लड़ रहे है ।वहीं हिंदुओ के सनातन संस्कृति को आहत करने एवं आपस में भी कुछ लोग लड़ाने की फिराक में लगे हुए हैं। सम्मेलन के दौरान भारी संख्या में महिला एवं पुरुष धमार्नुरागी श्रद्धालुओं का जनसैलाब उपस्थित होकर संत महात्मा के मुखारविंद से निकलीं एक एक वाणी को अपने जीवन में उतारने के लिए एक साथ जयकारा लगाया।

# पुलिस ने 50 लीटर देशी शराब किया बरामद, धंधेबाज फरार

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिले दरिहट थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर छपामारी कर 50 लीटर शराब बरामद किया है। और पुलिस को देख शराब धंधेबाज मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार भगत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के भुसहुला सोन नदी से महुआ शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना की सत्यापन एवं शराब की बरामदगी हेतु थाना के एसआई संतोष कुमार को उक्त स्थल पर भेजा गया। पुलिस छापेमारी के दौरान भुसहुला सोन नदी से 50 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहें। जब्त हुए महुआ शराब के मामले में दो अज्ञात के विरुद्ध बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं ने काराकाट सांसद को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास**

काराकाट लोक सभा सांसद सह विहार सरकार के पूर्व मंत्री महाबली सिंह ने शनिवार को संझौली रविदास संघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संत रविदास जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शो को अपनाने के लिए आह्वान किया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी आंगनबाड़ी सेविकाओ ने सांसद को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौपी। सांसद महाबली सिंह ने कहा कि आपलोगो की मांगो को लेकर सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है। सरकारी काम है, थोड़ा समय लगेगा। लेकिन सरकार कोई ना कोई हल जरूर निकालेगी। वही सेविकाओ ने कहा कि एक मजदुर को दैनिक मजदूरी जितना मिलता है उसके अनुसार सरकार हमलोगों को नही देती है। सम्मानजनक मानदेय नहीं मिलने के कारण दैनिक जीवन मे परिवार का भरण पोषण सही तरीके से



नही चल पाता है। विदित हो की सेविका-सहायिका 9 अक्टूबर से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटी हुई है। लेकिन सरकार द्वारा अभी तक इनकी मांगों पर विचार नहीं कर रही है। इसके बाद सांसद जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश पटेल के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कार्यकर्ताओ को अभी से अपने को स्वयं नीतीश कुमार मानकर उनके विकास कार्यो को जन-जन तक फैलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। मौके पर सेविका संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमारी, सचिव मीरा कुमारी, कंचन कुमारी, शशि देवी, लीलावती देवी, खुशबू कुमारी, उर्मिला देवी, गीता कुमारी, संगीता कुमारी, संगीता कुमारी, रीता कुमारी आरती कुमारी, नीतू कुमारी सहित प्रखंड की सभी सेविका-सहायिका उपस्थित थीं।

# ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन का किया गया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खैरा शाहमल पंचायत के खैरा गांव में शनिवार को ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन समिति के तहत अध्यक्षता मुखिया निरंजन चौरसिया व संचालन प्रखर वक्ता धन्नंजय पांडेय उर्फ टाइगर बाबा के द्वारा किया गया। वही इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, उप प्रमुख धर्मशीला देवी, प्रखंड स्वच्छता समन्वयक अशोक कुमार सिंह व मुखिया निरंजन चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मौजूद लोगो को स्वच्छता व खुले में शौच को लेकर जागरूक किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि ओडीएफ के तहत लोगो को शौचालय की राशि मुहैया कराया जा रहा है। जिनका भी शौचालय की राशि अभी तक तक उपलब्ध नही हो पाया है वैसे लाभुक शौचालय का फार्म जमा कर जीओ टैगिंग करा ले। वही स्वच्छता पर जोर देते हुए बीडीओ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि खुले में शौच करने से हजारों बिमारियों का शिकार होना पड़ता है ,जिसे हमें बचने की जरूरत है। बीडीओ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि स्वच्छता से ही लोग हजारो बिमारियों सें बच सकते है। खुले में शौच करने सें मल से मक्खी उड़कर हमलोगों के भोजन पर आकर बैठती है जिसके दुष्प्रभाव से बीमार होने का क्षमता बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए हरा डस्टबिन में गीला कचरा का उपयोग व नीले डस्टबिन में सुखा कचरा का उपयोग करे। जिससे घरों में साफ-सफाई के तहत बिमारियों का प्रकोप खत्म हो सके। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच डस्टबिन का वितरण किया गया। वही कम्यूनिटी डस्टबिन पंचायत के हर वार्ड में सदस्य के माध्यम से कुछ लाभुको को वितरण किया गया। ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता ई- रिक्शा व रिक्शा को रवाना किया गया।





कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुक अतिथियों को बुके , अंगवस्त्र व पुष्पहार देकर मुखिया निरंजन चौरसिया के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया राजू सिंह,उप प्रमुख धर्मशीला देवी,पंचायत सचिव दाताराम चौधरी,अविशेक कुमार, कार्यपालक सहायक कुमारी जीनत, कौशलेश कुमार, पारसनाथ सिंह,अमृतेश पाठक अनुप, वृजलाल कुमार,बीडीसी रमेश पासवान, उप मुखिया लवकेश कुमार, धर्मेन्द्र पाण्डेय उर्फ गुड्डु पाण्डेय, राजकुमार राम,वार्ड सदस्य मनोज राम,कामता सिंह रामबचन पाण्डेय,रामएकबाल पासवान,प्रदीप कुमार,अरविन्द कुमार,अनिरुद्ध पासवान,बिनोद राम सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

# दीपावली पर्व को लेकर दीये बनाने में जुटे कुम्हारों की चाक तेजी से घूमने लगी

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

दीपावली जैसे-जैसे नजदीक आ रही है कुम्हारों की चाक तेजी से घुमने लगी है। कोशिश और परंपरा को जीवित रखने में इनका योगदान हमेशा सराहनीय रहा है।दीपावली का आगमन हो चुका है, दीये बनाने में जुटे कुम्हारों की चाक तेजी से घूमने लगी...कभी दीप बनाने में तो कभी बच्चे के लिये गुल्लक, मिट्टी के बर्तन, रौशनी के पर्व को लेकर कुम्हार समाज इन दिनों बड़ी तन्मयता और मेहनत हमारे घरों में रौशनी कराने वाले दीप को बनाने में लगे है पर कड़ी मेहनत के बाद भी आज इनका व्यवसाय तो बरकार है मगर हम और आप बदलती जीवन शैली के साथ अपनी परंपरा, सभ्यता को दरकिनार कर आधुनिकता दामन पकड़ कर इस सामाजिक परंपरा से दूर होते जा रहे है। आज आसानी से बाजार में चाइनीज समान उपलब्ध हो रही है। चाइनीज लाइट बल्ब, खिलौने कम खर्च में तरह -तरह के बल्ब बाजार में मिलने से लोग मिट्टी के दीए से दूर होते जा रहे हैं। इसने कुम्हारों की जिंदगी में नई मुश्किल खड़ा कर दी है।

दीये की हर जगह डिमांड में भारी गिरावट आई है :-

शहर के आस्कामिनी नगर वार्ड संख्या 14 के रहने वाले मूल निवासी उपेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि चाइनीज लाइट आने से हमलोगों का खर्चा चलाने में मुश्कल हो गई है। क्योंकि आज बाजार में चाइनीज लाइट आसानी से कम दाम में मिल जाती है। जिस कारण मिटी के दीये में गिरावट आई है। पिछले दो वर्षों से आंकड़े बताते है कि नगर और गांव में जहां मिट्टी के दीयों में बिक्री में काफी गिरावट आई है। जिसके चलते आज कुम्हार जाति के लोग अपने पारंपरिक पेसे में तंगी झेलने के लिए बेबस है। रौशनी का त्योहार दीपावली नजदीक है आपके घरों में रौशनी करने के लिये कुम्हार दिन रात एक कर मिट्टी के दीपक बनाने में जुटे हुए है। दीपावली नजदीक आते ही प्रजापति समाज के लोग दीये बनाने लगे है। उक्त वार्ड के ही रहने वाले कमलेश प्रजापति बताते है कि दीपक बनाने की तैयारी एक माह पूर्व करते है। हालांकि नए दौर में रेडीमेड दीयों ने रोजगार को कम कर दिया है। दीये का प्रचलन अब सिर्फ शगुन के लिये ही रह गया है , इसके चलते जरूरत मुताबिक ही बनाये जा रहे है।

गांव से लाते है मिट्टी :-

कमलेश प्रजापति बतातें है कि कड़ी मेहनत के बाद तैयार चाक की रफ्तार पर तैयार होने वाले दीपों को बनाने में कड़ी मेहनत होती है। मिट्टी को छानने,उसे तपाने और बनाने से लेकर सुखाने में चार दिन लग जाते हैं।

# महिलाओं को सबसे ज्यादा नौकरी देने वाला बिहार पहला राज्य है: शीला मंडल

**मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**

बिहार पुलिस में महिलाओं को सबसे ज्यादा नौकरी देने वाला बिहार पहला राज्य है। जहां पर की महिला सशक्तिकरण की देन है कि हर क्षेत्र महिलाएं काफी आगे आ रही हैं। बिहार पुलिस में नौकरी करके लोगों की सुरक्षा व्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो कहते हैं, वह करते हैं। और बिहार को हर क्षेत्र में विकसित किया है। उक्त बातें बिहार सरकार के परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहीं। मौका था जनता दल यूनाइटेड द्वारा नोखा बाजार समिति के मैदान में कपूरी चर्चा का आयोजन। आयोजित कपूरी चर्चा के दौरान बिहार सरकार के परिवहन मंत्री शीला मंडल ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है। लोगों की समस्याओं को दूर करने के बजाए केवल मन की बात करते हैं। और काम की बात करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। इस बार बिहार सरकार ने शिक्षक के नौकरी सहित कई नौकरियां को दिया है। जहां पर युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं और अति पिछड़ों व अति पिछड़ों के लिए सिर्फ बात करते हैं , काम नहीं करते हैं। धरातल पर काम नीतीश कुमार करते हैं। जो की आरक्षण महिलाओं एव पिछड़ों को देकर के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने



किया। संचालन राजेश सोनकर व प्रखंड अध्यक्ष रूपेश चंद्रवंशी ने किया। मौके पर सांसद महाबली सिंह, प्रदेश अध्यक्ष आहे कि०पू०-डा० धमेन्द्र चन्द्रवी, पूर्व मंत्री - अजित चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता - अजुम आरा, पूर्व मंत्री - जय कुमार सिंह , पूर्व विधायक - वसिष्ट सिंह ,पूर्व विधायक - अशोक सिंह जी, पूर्व सदस्य महीला वर्ग आयोग - रजामा कामिल कसा,सवीता नरराज जी, प्रदेश महासचिव अमोम चौधरी, पूर्व प्रत्यासी-सह प्रदेश महासचिव नागेन्द्र चन्द्रवशी,प्रदेश महासचिव बिन्ध-चन्द्रवंशी,पूर्व जिला पार्षद-उषा पटेल,जदयू नेता - डा० निर्मल कुशवाध,संगीता कुम, रेहाना खातून, प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश सेतू,प्रदेश महासचिव महीला ,प्रखण्ड अध्धयमाला पुन्ना सिंह रेणु कुशवाहा,अमरेन्द्र कुशवाहा ,जिल्ला अध्यक्ष अनुसूचित जाती - डामा राम, प्रोफेसर अशोक चौधरी, चौधरी माखनजी, प्रदेश महासचिव अशोक-चंद्रवंशी, सत्यनरायण चन्द्रवशी,अरबिन्द पटेल, रामशाद हुजैन,राष्ट्रीय युवा जचिव-नितिस पटेल, युवा जिला अध्यक्ष - अभिषेक पटेल,सचिव- जावेद इकबाल ,गुड्डु-चन्द्रवेश आदि मौजूद थे।

# एसडीएम एसडीपीओ ने लिया छठ घाटों का जायजा

**दैनिक समाज जागरण सतीश कु पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर लोक आस्था के महापर्व कार्तिकी छठ के दौरान अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों पर जुटने वाली छठ व्रतियों की भीड के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी श्रेया कश्यप व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राहुल सिंह द्वारा छठ घाटों का दौरा कर भौतिक स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने प्रसिद्ध बहरी महादेव धाम स्थित सूर्य मंदिर व उसके आसपास छठ व्रतियों के बैठने के लिए निर्धारित स्थान, वहां मौजूद तालाब व पूरे मंदिर परिसर का घूम-घूम कर अवलोकन किया गया। एसडीएम ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों व संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेकर वहां छठ व्रतियों के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करने का निर्देश दिया। एसडीएम द्वारा नोनार सूर्य मंदिर व तालाब, ओझवलिया नहर स्थित छठ घाट का भी दौरा किया गया। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि सभी



छठ घाटों पर आवश्यक सुविधाओं के साथ साथ सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएगें। छठ घाटों के भ्रमण के दौरान बीडीओ सुनील कुमार गौतम, अंचलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, पीरो थानाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद सिंह, नगर परिषद के नाजिर संतोष कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# अनियंत्रित तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक दीवार तोड़कर घर में घुसा

**कृष्ण कुमार रंजन दैनिक समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर**

भोजपुर जिला अन्तर्गत कोईलवर थाना क्षेत्र के आरा-छपरा रोड़ पर जमालपुर बाजार के समीप अहले सुबह करीब दो बजे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक दीवार को तोड़कर एक घर के अंदर जा घुसा। इस दर्दनाक हादसे में दो महिला जख्मी हो गई ,वहीं ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी ड्राइवर जो ट्रक के अन्दर फंसा हुआ था, काफी मसक्क्त के बाद निकाल अस्पताल लेकर गई। जख्मी महिला में प्रियंका कुमारी(21) व किस कुंवर(60) जख्मी हो गये। जिनका इलाज कोईलवर अस्पताल में कराया गया। पूरा मामला कोईलवर थाना के क्षेत्र के जमालपुर बाजार का है। शनिवार की रात्रि करीब दो बजे जब



लोग नींद की आगोश में थे। इसी दौरान तेज आवाज से लोगों की नींद खुल गई। लोगों ने बाहर आकर देखा तो गुदरी साव के मकान में एक ट्रक घुसा हुआ था। हादसे में ट्रक ड्राइवर समेत दो महिला को चोट आई है। ड्राइवर कि स्थिति चिंता जनक बताई जा रही है। लोगों ने बताया कि ड्राइवर को झपकी आ रही थी स्थानीय लोगों कि मदद से दोनों जख्मी महिला का कोईलवर अस्पताल में कराया गया। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि ड्राइवर कि स्थिति चिंता जनक है। ड्राइवर ट्रक के केबिन में फंसा हुआ था। काफी प्रयास के बाद ड्राइवर को बाहर निकला गया। कमर से निचे काफी चोट आई है। इलाज कहां हो रहा है पता नहीं चल पाया है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों कि मानें तो ड्राइवर के परिजन इलाज हेतु किसी निजी अस्पताल में ले गए हैं। ट्रक कोईलवर कि तरफ से छपरा कि ओर जा रहा था।

# चोरी के समान के साथ चार चोर साथ दो समान खरिदार भी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारी प्रखण्ड मुख्यालय में बिति रात बंद दुकान और टीपीडिएस गोदाम में चोरी करते चार चोर समेत दो चोरी के समान खरिदारको गिरफ्तार किया गया है। तथा उनके पास से समान भी बरामद किया गया है। तरारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भाष्कर ने बताया कि पकड़े गए चोर घूम घूम कर बन्द मकानों व दुकानों की पुरी तरह लोकेशन लेने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। तरारी थाना की पुलिस ने सूचना के आधार पर टीपीडीएस गोदाम से चोरी करते गोदाम की घेराबंदी कर चोर को धर दबोचा गया। पुछताछ में पकडे गए चोर ने अपना नाम तरारी थाना क्षेत्र के तरारी गाँव निवासी जिऊत पासवान का पुत्र श्रवण पासवान बताया ।श्रवण पासवान के निशानदेही पर बंधवा गॉव निवासी दो दुकानदार भागवत साह का पुत्र विरेन्द्र साह उर्फ गुडू व श्रीनिवास सिंह के पुत्र विनय के घर से 09 बोरा चावल व चार बोरा गेहूँ बरामद किया है।तरारी थाना के सूचना पर पहुँच टीपीडीएस के संहायक प्रबंधक रवि कुमार ,डीएसडी अभिकर्ता संतोष कुमार ,फोरजी डाटा ऑपरेटर संदीप कुमार द्वारा समान की पहचान पर थानाध्यक्ष के व्यान पर तरारी थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीनो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।वही दुसरी ओर मोबाईल दुकान में भी दुकान तोड सामान ले जा रहे तीन चोरो को गिरफ्तार कर जेल भेज



दिया गया।गिरफ्तार चोर तरारी गॉव निवासी सरोज राम ,विजय राम ,बृंदानन्द राम को तरारी थाना की पुलिस ने खदेड़ कर चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार चोरो के पास से 03 मोबाईल 04 स्पीकर ,03 एयरफोन,01 रिमोट ,एक जोडा चाँदी का पायल व 245 रूपया नगदी बरामद किया गया है।तीनो चोरो को 192/23 प्राथमिकी के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# नबीनगर को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की बैठक रविवार को

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 4 नवंबर 2023 नबीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए नबीनगर को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की बैठक रविवार को सोखा बाबा मंदिर परिसर मे अयोजित किया गया है।संघर्ष समिति से जुड़े समाजसेवी शंकर प्रसाद ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के टंडवा और चैनपुर को प्रखण्ड बनाने और नबीनगर को अनुमंडल बनाने को लेकर प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि,पूर्वजनप्रतिनिधि ,बुद्धिजीवी, राजनीतिक कार्यकर्ता,सामाजिक कार्यकर्ता एवम




अनुमंडल बनाने में रुचि रखने वाले सभी नागरिकों को बैठक मे आमंत्रित किया जा रहा है।बैठक रविवार को 1 बजे दिन मे सोखा बाबा मंदिर परिसर मे अयोजित किया गया है ।शंकर प्रसाद ने बताया कि बैठक के माध्यम से लोगो के विचारोपरांत आगे की रणनीति तय की जाएगी।बताते चले की पिछले चुनावी सभा मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नबीनगर को अनुमंडल बनाने की बात की गई थी।

# थाना क्षेत्र के पतरघट्टा सोन दियारा से चुलाई महुआ शराब बरामद तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 4 नवंबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के पतरघट्टा गांव के समीप सोन दियारा से पुलिस ने अवैध महुआ चुलाई शराब बरामद किया है। मद्यनिषेध अभियान के तहत नबीनगर थाना पुलिस द्वारा शराब तस्करों पर नकेल कसने के लिए लगातार सर्च अभियान और छापेमारी की जारही है।गुप्त सूचना के अधार पर एल टी एफ प्रभारी एस आई अरविंद कुमार एवम सशस्त्र




बल द्वारा पतरघट्टा गांव के समीप सोन दियारा से छापेमारी मे 20 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया ।वही मौके पर करीब 5000 लीटर महुआ पास को वहीं पर विनष्ट कर दिया गया।पुलिस को आने की भनक लगते ही तस्कर भाग निकले।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले मे अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राजद ने बूथ लेबल कमिटी के लिए चलाया जन संपर्क अभियान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 4 नवंबर 2023 आज नबीनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मे राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं द्वारा बूथ लेबल कमिटी एवम बीएल 2 के लिए व्यापक रूप से जन संपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम के तहत कुटुंबा और नबीनगर विधान सभा क्षेत्र के कई पंचायतों मे अभियान चलाया गया।जन संपर्क अभियान के तहत सोरी पंचायत के माली ,सोरी गम्हरिय,पड़रिया, एवम कुरमाई गांव मे ,बरियावां पंचायत के इटवा, बरियावाँ,धनरबीघा, जयहिंद तेंदुआ



पंचायत के साया परसा, तेंदुआ, जितपुर गावों मे संपर्क अभियान चलाया जिसमे बड़े पैमाने पर राजद कार्यकताओं ने बूथ लेबल कमिटी के लिए सहयोग किया। जनसंपर्क कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री एवम राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान, नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव, कुटुंबा प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा,भोला यादव, विकाश प्रजापति,सत्येंद्र यादव, सुरेश यादव, गौतम कुमार, रमजान अली, उपेन्द्र सिंह, विजय चंद्रवंशी सहित राजद के अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रसोइयां फ्रंट का बीआरसी के समक्ष प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो में सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में बच्चों के लिए दोपहर का भोजन तैयार करने हेतु बहाल रसोइयों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार मानदेय का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइयां फ्रंट के बैनर तले सैकडों की संख्या में रसोइयों द्वारा प्रखंड संसाधन केंद्र के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया । फ्रंट के अध्यक्ष उपेन्द्र रवानी व सचिव महेन्द्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान रसोइयों ने कहा कि फिलवक्त उन्हें प्रतिमाह महज 1650 रुपए मानदेय का भुगतान किया जाता है जो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। जबकि वे प्रतिदिन छह घंटे विद्यालय में अपनी सेवा देती हैं। इतने कम मानदेय से महंगाई के इस दौर में घर-परिवार चलाना संभव नहीं है। निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम



मानदेय का भुगतान श्रम कानून का उल्लंघन है। ऐसा करके सरकार उनका शोषण कर रही है। रसोइयों ने कहा कि उनकी मेहनत व कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखकर कम से कम 18000 रुपए मासिक मानदेय निर्धारित होना चाहिए। रसोइयों के अनुसार उन्हें जो अल्प मानदेय का भुगतान किया जाता है वह भी समय पर नहीं मिलता है। उन्हें साल में केवल दस महीने के मानदेय का भुगतान ही किया जाता है जो उनके साथ सरासर अन्याय है। फ्रंट के नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिस तरह दलित मसादलित समुदाय के उत्थान को ध्यान में रखकर शिक्षा सेवकों व विकास मित्रों के मानदेय में वृद्धि की गई है उसी तरह रसोइयों को भी सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। क्योंकि रसोइयों में सबसे अधिक तादाद दलित मसादलित व पिछड़े समुदाय का है। यहां आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में मानती देवी, मीना देवी, चंद्रावती देवी, धर्मशीला देवी, प्रमीला देवी, उर्मिला देवी, बेबी देवी, चिंता देवी, हीरामुनी देवी, कांति देवी आदि शामिल थी।

# अहले सुबह दवा दुकानदार की गला रेतकर हत्या फोन कर घर से बुलाया फिर कर दी हत्या

**कृष्ण कुमार रंजन दैनिक समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर**

भोजपुर जिला अन्तर्गत चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक पर अहले सुबह मेडिकल दुकानदार की गला रेतकर हत्या कर दी गई ।विदित हो कि शनिवार की अहले सुबह टुन्नू कुमार उर्फ तेज नारायण सिंह पिता स्वर्गीय विजय सिंह ग्राम फरहानपुर पंचायत धनडीहा (वार्ड नंबर 11) को किसी ने फोन कर दवा की मांग कर मेडिकल दुकान खोलने को कहा ।जब टुन्नू सिंह चांदी चौक पर पहुंचे तो दुकान खोलने के क्रम में अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेत कर उनकी हत्या कर शव को दुकान से 50 फिट पीछे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र परिसर में फेंक दिया। सुबह जब टहलने वाले लोग निकले तो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में गला रेता हुआ शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर चांदी थाने के पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची। परंतु पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट करते हुए पुलिस मुदार्बाद के नारेबाजी करते हुए शव के साथ सक्कड़ी नासरीगंज स्टेट हाईवे स्थित चांदी चौक को जाम कर दिया ।

ज्ञात हो कि टुन्नू कुमार उर्फ तेज नारायण सिंह तीन भाई और दो बहन में सबसे छोटे थे बड़े भाई का नाम मुन्ना सिंह छोटा भाई चुनचुन कुमार (डॉक्टर साहब )के नाम से जाने जाते हैं। इनके पिताजी आर्मी के रिटायर्ड जवान थे जिनकी मृत्यु कुछ वर्ष पहले हो चुकी है। माता का नाम उषा देवी है। टुन्नू कुमार उर्फ तेज नारायण सिंह के दो बच्चे और एक बच्ची है। लडकी बड़ी है जिसका नाम दीपिका कुमारी है उम्र 18 वर्ष 11वीं की छात्रा है अनमोल कुमार नाइंथ क्लास 16 वर्ष एवं रौनक कुमार 4 क्लास का छात्र है जो 8 वर्ष का है। ग्रामीणों ने बताया कि टुन्नू कुमार एक सामाजिक लड़का थे और मेडिकल दुकान पर दवा की बिक्री करके अपने परिवार का भरण



पोषण कर रहे थे वह बहुत ही सीधे साधे इंसान थे एवं उनका किसी से कोई लेना-देना नहीं था। परिजनों के अनुसार आज सुबह 4 बजे किसी ने उनके मोबाइल पर फोन किया की दवा लेना है बस टुन्नू कुमार उर्फ तेज नारायण सिंह घर से चांदी चौक पर स्थित अपने दवा दुकान पर आकार जैसे ही दवा देने के लिए अभी अपने दुकान को आधा ही खोले थे कि कुछ अज्ञात लोगों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया एवं सर पर धारदार हथियार से हमला करके धड़ से लगभग अलग करके उनके शव को उनके दवा दुकान के पीछे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र के परिसर चांदी में फेंक दिया। ग्रामीण की सूचना पर पहुंची चांदी थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले जाना चाह रही थी लेकिन परिजन और ग्रामीण थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर हत्या हो जाने से पुलिस से नाराज दिखे, पुलिस के रवैया से उग्र होकर परिजन एवं ग्रामीण चांदी चौक पर शव को रखकर लगभग 3 घंटे तक जाम किया। जाम के दौरान पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच में हल्की नोक झोंक भी हुई जिसे बाद में चांदी थाना अध्यक्ष सौरभ कुमार व संदेश थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने समझा बुझाकर शांत किया बाद में पुलिस प्रशासन के समझाने बुझने से परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए और अपराह्न 1 बजे के करीब जाम समाप्त हुआ। इसके बाद चांदी थाने की पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु आरा सदर अस्पताल लेकर गई। की जाम के दौरान परिजन और ग्रामीण थाने से मात्र 200 मीटर की दूरी पर हत्या हो जाने से पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे भी लगाए तथा आरोप लगाया की चांदी थाने की पुलिस भोर के समय में गस्ती ठीक से नहीं करती है। पोस्टमार्टम करा करार से आने के बाद डॉग स्क्वायड की टीम एवं फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल से एक देसी कट्टा बरामद हुआ इसके बाद शव को दोबारा से पोस्टमार्टम कराने हेतु सदर अस्पताल आरा ले जाया गया ।हालांकि पुलिस की तरफ से स्पष्ट कोई बयान नहीं आया है लेकिन अनाधिकारिक पुष्टि के अनुसार मृतक के सर में गोली भी मारी गई है।

घटना का कारण अस्पष्ट- हालांकि दवा कारोबारी की हत्या क्यों की गई इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है पुलिस कई एंगल से जांच कर रही है वहीं घटनास्थल पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। पूरा परिवार इन्हीं के ऊपर डिपेंड था, घटना की सूचना जैसे ही मृतक के घर फरहंगपुर पहुंची माता उषा देवी पत्नी कांति देवी पुत्री दीपिका कुमारी बेटा अनमोल व रौनक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# आर टी कान्वेंट स्कूल नबीनगर के छात्र गए शैक्षणिक भ्रमण पर

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 4 नवम्बर 2023 नगर पंचायत क्षेत्र के नयकाबीघा स्थित आर.टी.कॉन्वेंट स्कूल नबीनगर के छात्रों को शैक्षिक परिभ्रमण के लिए आज रवाना किया गया।नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे और नगर पंचायत नबीनगर के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर पटना के लिए रवाना किया। मौके पर थानाध्यक्ष ने भ्रमण पर गए सभी छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ इस तरह के कार्य से छात्रों को ऐतिहासिक और




सांस्कृतिक बौद्धिक विकास के साथ साथ मनोरंजन भी हो जाता है ।प्रधानाध्यापक शिवकेश कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्र भौगोलिक वास्तविकताओं से परिचित होते हैं और वे विभिन्न वस्तुओं का निरीक्षण करके ही ज्ञान प्राप्त करते हैं। मौके पर संतोष कुमार सिंह, बबलू सिंह, जेपी सिंह, अशोक सिंह,मंटू सिंह, पंकज मिश्रा,जितेंद्र मिश्रा और छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

# दिवाली में गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार का निकाला दिवाला- कॉंग्रेस .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)-त्योहारों के मौसम में रोजाना उपयोग में आने वाले खाद्यपदार्थों जैसे आटा, दाल, चीनी, प्याज, के दामों मे 80% तक की बढ़ोतरी से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार त्राहि, त्राहि कर रहें है. उक्त बातें बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद समद, अहमद राजा खान, श्रावण पासवान, शिव कुमार चौरसिया, राहुल कुमार, उदय शंकर पालित, प्रद्युम्न दुबे, अभिषेक श्रीवास्तव, रूपेशचौधरी, श्रीराम दुबे अशोक राम, सुजीत गुप्ता, आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे . उन्होंने आगे कहा कि गया शहर के अनुग्रह नारायण रोड में आमजनों के सहयोग से



जनजागरण अभियान चला कर बढ़ाती हुई कमरतोड़ महँगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा कि प्याज के दाम खुदरा मे 80₹/ किलो तथा अरहर के दाल 170₹/किलो होने से गरीब की थाली से दाल, प्याज गायब हो गया है.नेताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री तथा उनके सहयोगी जब कॉंग्रेस के शासनकाल में 40₹/किलो प्याज होने पर इसे बैंक के लॉकर में रखने का ताना देते थे, तथा महँगाई को डायन बताते थे, आज देश मे कमरतोड़ महँगाई को अपना महबूबा बनाए हुए हैं.नेताओं ने कहा कि आखिर भारत मे गरीबो की सबसे लोकप्रिय सब्जी कहे जाने वाले प्याज का दाम एका एक आसमान छुने के पीछे कौन सा राज है, जबकि भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा प्याज उत्पादन करने वाला देश है.नेताओं ने दिवाली पर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार का निकाला दिवाला की संज्ञा देते हुए कहा कि " रोको महँगाई, बांधो दाम, नहीं तो होगा चक्का जाम " के नारों को बुलंद करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ चल रहे चरण बद्ध आंदोलन को और तेज करते हुए केंद्र सरकार से महँगाई कम करने की मांग करेगी.

# चरपोखरी में एनडीआरएफ के द्वारा आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में आपदा संबंधित 9BN एनडीआरएफ पटना की टीम द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता प्रभारी सीओ रितिका कृष्णा ने किया।एनडीआरएफ की 5 सदस्यीय टीम में सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार राय के नेतृत्व में हेड



कांस्टेबल अमित कुमार,आरक्षक संजय यादव,अनिल कुमार ,बबलू कुमार शामिल थे. प्रशिक्षण के दौरान ब्लड कंट्रोल,सीपीआर, लिफ्टिंग मूविंग, स्ट्रक्चर, नाग व्हाइट सहित अन्य चीजों की जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दिया गया।मौके पर सीओ रितिका कृष्णा,उप प्रमुख पप्पु साह, धर्मेंद्र यादव माना सेठ एवं अंचल और प्रखंड के कई कर्मचारी मौजूद थे।

# जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजन

**कृष्ण कुमार रंजन दैनिक समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शनिवार को एचपीसीएल , पटना एलपीजी भराई संयंत्र के बैनर तले वरिष्ठ संयंत्र प्रबंधक राकेश कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में भोजपुर जिला स्थित लक्ष्मी प्रसाद माध्यमिक एवं उच्च विधालय कायम नगर में सतर्कता



जागरुकता मुद्दे पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रतिज्ञा लिया गया, फिर विधालय में उपस्थित छात्रों के बीच प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतोयोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतिये स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संयंत्र प्रबंधक राकेश कुमार सिंह द्वारा जीवन में ईमानदारी से काम करने के मूल्यों को समझाया एवं कभी भी रिश्वत लेने या देने से बचने पर जोर दिया। इस अवसर पर विधालय के शिक्षक गण एवं सत्यम एचपी गैस ग्रामीण के वितरक रविंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

# चरपोखरी थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन कर चार मामलों पर की गई सुनवाई

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के थाना भवन परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया.आयोजित जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांव से चार मामलों पर सुनवाई की गई उसी दौरान तीन मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा कर दिया गया वही एक मामले में



अगली तिथि निर्धारित की गई आयोजित जनता दरबार में चरपोखरी अपर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार निराला,अंचलकर्मी शेखर कुमार,हेम तिवारी सहित अलग-अलग गांव से पहुंचे अनेकों फरियादी मौजूद रहे।

# शराब मामले में दो गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार थाना क्षेत्र से एक पूर्व शराब कांड में तथा दूसरा शराब की नशे में गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व शराब कांड में बरूही गांव निवासी जगदीश सिंह का पुत्र चुलबुल सिंह और शराब के नशे में खैरा गांव निवासी अवधेश साह का पुत्र बृजेश कुमार को सहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया है।

# छेड़खानी के मामले में एक युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के इमादपुर थाना अन्तर्गत बिष्णपुरा गाँव में शनिवार को बगल गाँव के युवती से छेड़खानी मामले में इमादपुर पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक कैलाश महतो का पुत्र अप्पू कुमार बिष्णपुरा गॉव का निवासी बताया जाता है। मामले की पुष्टि करते हुए इमादपुर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार ने बताया की पीड़ित युवती के आवेदन पर एक नामजद खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया की दर्ज प्राथमिकी में पिडित युवती ने बताया है की वह शनिवार को मोपती से टूयूशन से लौट रही थी तभी बिष्णपुरा मिडिल स्कूल के समीप उक्त लड़का उनसे छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ हाथापाई भी की । इमादपुर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार ने बताया की प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी नामजद युवक को बिष्णपुरा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# नबीनगर मे राष्ट्रीय लोक जनता दल का अति पिछड़ा संवाद सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर मे आगामी 9 नवंबर को नवीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय लोक जनता दल द्वारा अति पिछड़ा संवाद सम्मेलन की तैयारी जोरों पर चल रही है। राष्ट्रीय लोक जनता दल के कार्यकताओं द्वारा तोल , पिपरा, बेलाई, नवीनगर नगर पंचायत



के शिवबिगहा, महीप बिगहा आदि गांव में सघन दौरा किया गया एवं लोगों से सम्मेलन मे आने का अपील किया गया।सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार उपेंद्र कुशवाहा द्वारा किया जाना है।भ्रमण के दौरान रालोजद औरंगाबाद जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बबलू, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सुजीत सिंह, दूधनाथ सिंह ,रणधीर सिंह ,बबल सिंह एवम अन्य मौजूद थे

# दो लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति गया जेल।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र स्थित पातालगंगा भुइयां बीघा से दो लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है देव थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद ने बताया कि

युगल रिकीयासन उम्र 58 वर्ष पिता स्वर्गीय पुनाई रिकीयासन ग्राम पातालगंगा भुइयां बीघा से 2 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है और एक शराबी रोहित कुमार उम्र 25 वर्ष पिता प्रवेश राठौर ग्राम हरिकीर्तन बीघा थाना देव जिला औरंगाबाद को देव बीजहर से शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते हुए पकड़े जाने पर माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है।

# समाधान दिवस में 157 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये के सापेक्ष अधिकारियों द्वारा मौके पर 05 का निस्तारण किया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिन्दकी के सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती सी0 इन्दुमती, पुलिस अधीक्षक महोदय श्री उदय शंकर सिंह के तत्वावधान में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। उन्होंने उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिए कि अपने देखरेख में पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम गठित कर समाधान दिवस के समाप्ति के बाद मौके में जाकर जमीन सम्बंधित विवाद का निस्तारण शासन द्वारा निर्धारित समय के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाय। राजस्व टीम के बिना पुलिस शिकायत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु मौके पर न जाय। राजस्व टीम के साथ जाकर ही निस्तारण कराये। राजस्व के मुकदमे कोर्ट में चल रहे थे, मुकदमा जीतने के उपरांत शिकायतकर्ताओ से आवेदन प्राप्त हुये है। ऐसे प्रकरणों को मौके पर जाकर नियमानुसार कब्जा कराये। उन्होंने असन्तोष व्यक्त करते हुऐ कहा कि जानबूझकर अपने कर्तव्यों से भाग रहे हैं। कर्तव्य के प्रति उदासीनता ठीक नहीं है। यदि ऐसे प्रकरण मिले तो सम्बधितों के प्रति कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कानूनगो, लेखपाल को निर्देश दिए कि प्रार्थना पत्रो के निस्तारण में पुलिस फोर्स की आवश्यकता हो तो लेकर ही मौके पर जाय। आज के समाधान दिवस में 157 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये के सापेक्ष अधिकारियों द्वारा मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदया द्वारा पिछली सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्रो के निस्तारण की जानकारी ली और कहा कि अधिकारीगण प्रार्थना पत्रों को गुणवत्ता पारदर्शिता के साथ निस्तारण करे। ताकि दुबारा पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने



लेखपाल,कानूनगों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि पराली न जलाने के बारे में जनजागरण करे व पराली जलाने के लाभ और हानि के बारे में बताये की यह नियम के विरुद्ध है ऐसा करने पर जेल या जुमार्ना हो सकता।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उपजिलाधिकारी बिन्दकी,जिला विकास अधिकारी,परियोजना निदेशक,जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा,बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला सूचना अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, उपनिदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी,तहसीलदार,खण्ड विकास अधिकारी सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के क्रम में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त का पुनःरीक्षण दयानन्द इंटर कॉलेज में 18 साल के मतदाता का भाग संख्या 148,149 में पंजीकरण का कार्य बी0एल0ओ0 द्वारा किया जा रहा था, का निरीक्षण जिलाधिकारी महोदया, पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा किया गया। उन्होंने 01 जनवरी 2024 से 18/19 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता की पंजीकरण की जानकारी ली, बी0एल0ओ0 द्वारा बताया गया बूथ संख्या 148 में 01 आवेदन एवं 149 में 02 आवेदन पत्र भराये गये है। उन्होंने फार्म संख्या 6,7,8 भराने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान के तहत ग्रामो में जाकर कैम्प के माध्यम से महिला, दिव्यागो, पुरूष, बच्चों ज्यादा से ज्यादा मतदाताओ को मतदान हेतु पंजीकरण कराये।

# न्याय के लिए भटक रहीं हैं त्रिलोकपुर थाने की दो पीड़ित महिला

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले का त्रिलोकपुर थाना पुलिस कर्मियों की करतूतों से आए दिन बदनामी की सुर्खियों में रहता है ऐसा लगता है कि त्रिलोकपुर थाने के पुलिसकर्मियों पर पुलिस उच्च अधिकारियों और शासन का कोई अंकुश ही नहीं है। ऐसा ही दो मामला प्रकाश में आया है जहां पर त्रिलोकपुर थाने की दो महिलाएं न्याय के लिए दर दर और भटक रहीं हैं और त्रिलोकपुर पुलिस पीड़ित महिलाओं को न्याय देने के बजाय आरोपियों का खुला सपोर्ट कर पीड़ित महिलाओं का ही उत्पीड़न कर रही है। अब देखिए क्या है मामला, केस एक - त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के डोकम अमया गांव की रहने वाली रेनू पत्नी केदारनाथ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति रोजी रोटी के वास्ते मुंबई रहता है। उसी का नाजायज फायदा उठाते हुए गांव के विश्वनाथ नाम के आरोपी ने उसके रसोई घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शिकायती पत्र में पीड़ित महिला का यह भी आरोप है कि वह घटना की शिकायत करने थाने पर गई लेकिन वहां उसकी बात तक नहीं सुनी गई। और उल्टे ही पीड़ित महिला को थाने पर तैनात बहुचर्चित सिपाही कुंज बिहारी तिवारी ने महिला के साथ दुर्व्यवहार भी किया। और महिला से कहा कि तुम्हारे विपक्षी को मैं भली भांति जानता हूं। उसके खिलाफ थाने से कोई कार्रवाई नहीं होगी। और वह पीड़िता को डांटकर थाने से भगा दिया। केस दो - त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के महादेव गजपुर गांव की रहने वाली पुष्पा पत्नी राधेश्याम ने पुलिस अधीक्षक को जरिए शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है कि उसके गांव के दबंग किस्म के कुछ आरोपियों ने उसके साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है। उसने घटना की शिकायती पत्र थाने पर दिया। लेकिन वहां से उसको इंसाफ नहीं मिला। सबसे अफसोस की बात यह है कि इतने घिनौने वारदात में भी पीड़ित महिलाओं को त्रिलोकपुर थाने से न्याय नहीं मिल पा रहा है। अब देखना है कि इन दो पीड़ित महिलाओं को कब और कहां से इंसाफ मिल पाता है।

# दिपावली करने घर आ रहा युवक जहर खुरानी गिरोह का हुआ शिकार

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवा थाना क्षेत्र के नेवलापुर गांव निवासी युवक परदेश कमा कर दिपावली त्योहार करने घर आ रहा था। तभी वह ट्रेन पर जहर खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंचे और युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आये। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नेवलापुर गांव निवासी सुरेश कुमार का 25 वर्षीय पुत्र रंजीत गोवा में प्राइवेट नौकरी कर दिपावली त्यौहार करने अपने गांव आ रहा था। जब वह झांसी जनपद के समीप पहुंचा तभी ट्रेन पर जहर खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। गनीमत रही उसका मोबाइल बच गया जिससे साथ में सफर कर रहे लोगों ने मोबाइल से फोन कर उसके परिजनों को घटना की सूचना दिया तो मौके पर पहुंचे परिजन गंभीर हालत में युवक को इलाज के लिए फतेहपुर जिला अस्पताल लेकर आये। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं तुरन्त परिजन प्राइवेट एंबुलेंस से युवक को कानपुर के लिए लेकर निकल गए।

# अतिक्रमण से कर रहा फुटपाथ पैदल चलना दुभर

**दैनिक समाज जागरण तहसील संवाददाता अभय प्रताप सिंह**

जहानाबाद/ फतेहपुर जनपद के जहानाबाद कस्बे के मुगल मार्ग सहित लालूगंज तिराहा बस स्टॉप अमौली रोड के फुटपाथ पर अतिक्रमणकारियों के कब्जे के कारण रैगीरों का पैदल चलना दुभर है सड़क पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है शायद जिम्मेदारी की चुप्पी किसी बड़े दुर्घटना के इंतजार की प्रतीक्षा के बाद टूटेगी कस्बे के अमोली रोड बस स्टॉप नगर पंचायत मार्ग के मूल लालूगंज तिराहे में फुटपाथ पर ठेला ठेलिया वालों का अवैध कब्जा रहता है कहीं कहीं दुकानदार अपनी दुकानों से 5 से 6 फुट आगे निकल कर फुटपाथ में दुकान में सजाए हैं जिससे पैदल चलने वालों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है छात्र-छात्राओं पैदल राय वीरों को सड़क में ही चलना पड़ता है जिससे आए दिन दुर्घटना होती हैं नाम न छापने की शर्ट में एक तिलिया वाले ने बताया कि मकान मालिक को किराए देते हैं सब मुक्त में नहीं लगते हैं सवाल यह है कि नगर पंचायत के फुटपाथ में मकान मालिकों द्वारा अवैध रूप से ठेला ठेलिया लगा हुआ कर अवैध वसूली की जा रही है और परेशान जनता



होती है पूर्व जिला अधिकारी अंजनैया कुमार सिंह द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान मे कस्बा का 90% फुटपाथ खाली हो गया था लेकिन उनके ट्रांसफर के बाद अभियान ठप हो गया नगर पंचायत की उदासीनता के कारण आए दिन मार्ग दुर्घटनाएं होती रहती हैं अमोली तिराहे में पुलिस की टिकट भी लगती है फिर भी थालिया और रिक्शा वाले के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है कस्बे के अनिल गुप्ता, मधुर, संजय, सिद्दीकी, गौरव गुप्ता, पीयूष जैन, अंकित शुक्ला आज ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा बनवाई गई नाली के अंदर ही दुकान ठेला आदि लगे तो फुटपाथ खाली हो जाएगा जिससे एग्जाम की स्थिति नहीं बनेगी और आम जनमानस को काफी राहत रहेगी सभासद महेश चौरसिया, पूर्व सभासद राजेश बाजपेई, सतीश चंद गुप्ता आदि न्याय अधिकारियों से मांग की है कि फुटपाथ को अधिग्रहण मुक्त कराकर नाली निर्माण एवं फुटपाथ का संधिकरण हो जिससे जनता को जाम से निजाकत मिल सके इस बगावत में युवा पंकज सिंह ने कहा कि ठेला ठेलिया वालों से फुटपाथ खाली कराया जाएगा साथी व्यापार मंडल के पदाधिकारी से वातालार्प कर अधिकरण व फुटपाथ खाली करवाएंगे जिससे आम जनमानस को जाम की समस्या नहीं होगी।

# पद का दुरूपयोग कर जिम्मेदारों ने सीज की मीरखपुर में कई रुई मशीनें।

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर/बिन्दकी : रुई मशीनों को लेकर चल रहे कई दिनों से विवाद गहराता चला जा रहा था जिसके बाद सिर्फ एक व्यक्ति विशेष की रुई मशीन को लेकर की गई शिकायत में स्थानीय तहसील प्रशासन व नगर पालिका सहित सभी जिम्मेदारों ने अपने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए तीन रुई मशीनों को सीज कर दिया गया तो वहीं बिन्दकी नगर में चल रहीं अन्य मशीनों को रुपयों के चलते उन्हें अभयदान दे दिया गया ऐसा कोई और नहीं बल्कि जिलाधिकारी महोदया को तहसील दिवस में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में महिलाओं द्वारा आरोप लगाया गया है जिस पर महिलाओं ने बताया कि लेखपाल उनसे रुपये की मांग कर रहा था नहीं देने के चलते सीज की कार्यवाही जबरन की गई है चाहिए थी न कि अन्य के ऊपर जिससे किसी पर रोजी रोटी व कई परिवारों पर रोजगार का संकट खड़ा



हो सके दूसरी चीज यह कि जब सभी रुई मशीन संचालकों के पास स्थानीय नगर पालिका परिषद की तरफ से रुई मशीन संचालित किए जाने का लाइसेंस निर्गत किया गया है तो फिर मशीनों पर सीज का ताला क्यों? क्या प्रशासन भी अब राजनीतिक नजरिये के चश्में से कार्यवाही करेगा या फिर आंख मूंदकर। जबकि अन्य चल रही मशीनों को छोड़ दिया गया है सवाल कई खड़े होते हैं कि जब शिकायत की मशीन की व्यक्तिगत ईर्ष्या के चलते की गई है तो तहसील प्रशासन को उस पर जांच कर कड़ी कार्यवाही करनी

# शॉर्ट सर्किट से तीन बीघा गन्ने की फसल जली

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर, बकेवर बुजुर्ग कस्बा से लगभग 1किलो मीटर दूर हिम्मतपुर मोड में विद्युत तारों के शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से तीन बीघा गन्ने की फसल किसान शिवप्रसाद फसल पूरी तरह झुलस गई। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। राजस्व निरीक्षक ने क्षति का आंकलन करने के लिए हल्का लेखपाल को भेजा है।

विद्युत विभाग की लापरवाही

बकेवर थाना क्षेत्र के बकेवर बुजुर्ग निवासी शिवप्रसाद कुशवाहा ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है कि 33 /11'श के खंभे में लगे जर्जर तार लटक रहे हैं उससे कभी भी फसल को नुकसान पहुंच सकती है लेकिन विद्युत विभाग ने किसान की बात को अनसुना करते रहे जिसका खामियाजा शनिवार की दोपहर को उनके खेत में बिजली के तार टकराने से निकली चिंगारी में



उनका तीन बीघा गन्ना झुलस गया है। गांव के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। बिंदकी एसडीएम को किसान ने फोन पर सूचना दी बिंदकी एसडीएम ने बताया कि हल्का लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। क्षति का आंकलन कराकर शीघ्र ही पीड़ित किसानों को मदद मुहैया कराई जाएगी।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में अधिवक्ता समय तीन घायल

**दैनिक समाज जागरण तहसील संवाददाता अभय प्रताप सिंह**

बिंदकी/फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में अधिवक्ता समय तीन लोग घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया जिसमें अधिवक्ता की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में अधिवक्ता समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव के समीप आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में एक बाइक में सवारी व्यवस्था सूर्य करण सिंह उम्र 45 वर्ष पुत्र ज्ञानेंद्र सिंह निवासी ग्राम गोदारौली थाना ऑन तथा दूसरी बाइक में सवार साहिल गुप्ता उम्र 19 वर्ष पुत्र जितेंद्र कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला बनारसी धाम कुंवरपुर रोड कस्बा बिंदकी घायल हो गए दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के दौरान व्यवस्था की हालत को गंभीर देखते हुए हाईलाइट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया वहीं घायल साहिल गुप्ता को प्राथमिक उपचार के बाद सदा अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया गया उधर दूसरी घटना बिन कि कस्बे के निकट फरीदपुर गांव में हुई जहां पर बाइक की टक्कर से पैदल जा रही महिला शकीला खातून उम्र 45 वर्ष पत्नी जावेद निवासी फरीदपुर कोतवाली बिंदकी की फतेहपुर घायल हो गई।

# मवेशी चोरी की घटनाओं से पशु पालक परेशान हो रहे हैं

**दैनिक समाज जागरण तहसील संवाददाता अभय प्रताप सिंह**

जहानाबाद/फतेहपुर जनपद के जहानाबाद मवेशी चोरों की चल अकादमी से इन दोनों थाना जहानाबाद क्षेत्र के पशुपालक परेशान नजर आ रहे हैं ग्राम सराय धर्मपुर में अज्ञात चोरों नितिन बकरी चोरी कर ले गए थे अभी पर पालक की खबर से परेशान नजर आ रहे थे गुरुवार डेट रात थाना क्षेत्र के ग्राम पनेरा निवासी महत्वपूर्ण गोरेलाल ने बताया उनके प्लांट में बनी एक लाख कीमत की भेंट को आजा को देख रात को ले गए प्रार्थना पत्र लेते हुए बताया ग्राम पानेरूवा के गांव के किनारे मेरा एक प्लांट है जहां पर मेरे पिताजी गोरेलाल में बेटियों की देख-देख करते हैं डेट फ्रॉम डब घर खाना खाने आए वापस लौटकर देखा तो वहां एक भैंस गायब थी जिसकी खोज ग्रामीणों सहित पशुपालक ने की किंतु कहानी सफलता नहीं मिला जिस पर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# 10 नवम्बर को मनाया जायेगा जनपद का स्थापना दिवस

## जनपद की 197वी वर्षगांठ को लेकर तैयारियां शुरू

**दैनिक समाज जागरण ब्लॉक संवाददाता ऋषभ कुमार**

फतेहपुर जनपद के तहसील बिंदकी के विकासखंड खजुहा स्थित ऐतिहासिक,पौराणिक सांस्कृतिक विरासतो को अपने आप में संजोए गंगा यमुना के मध्य दो महाँनगरो के बीच बसां जनपद फतेहपुर 197 वर्षगांठ को लेकर के बेताब है।युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने बताया जनपद की 197 वी वर्षगांठ पर बावनी इमली शहीद स्मारक खजुहा में कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है।उन्होंने कहा जिले का स्थापना दिवस हम युवाओं में वैचारिक ताकत देने का काम करता है।संचार क्रांति के युग में जिले का गौरवमयी इतिहास वैश्विक पटल पर कीर्तिमान गढें इसके प्रयास होने चाहिए।बताया 2016 में संगठन ने पहली मर्तबा जनपद का स्थापना दिवस मनाना शुरू किया था।भावी युवा पीढ़ी अपने जनपद के ऐतिहासिक गौरवमयी इतिहास को जाने इसके लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं।उन्होंने बताया खजुहा बावनी इमली शहीद स्थल मे यह कार्यक्रम चौथी बार मनाया जाना है।जनपद का गठन 10 नवंबर 1826 को हुआ था।इसलिए इस वर्ष 197वीं वर्षगांठ मनाई जानी है।



# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का मिला शव

**दैनिक समाज जागरण तहसील संवाददाता अभय प्रताप सिंह**

बिंदकी/फतेहपुर युवक ने जंगल पर खड़े एक पेड़ में अपने गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या करना लोगों को जबकि इसकी जानकारी हुई तो मौके पर भारी भीड़ लग गई सूचना मिलने पर पुलिस में कब्जे में लेकर मंच नामा करके शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच में पुलिस जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दुनिया कस्बे के समय जंगल में शुक्रवार को दिन में लगभग 3:00 बजे संदीप उर्फ छोटू सरगी राम शंकर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ी थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर का शो एक पेड़ गमछे से फांसी के फंदे में लटका देखा गया तो हड़कंप मच गया देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ लग गई सूचना मिलने हर पुलिस मौके पर पहुंच कर 100 को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया और 100 को कब्जे में लेकर बताया जाता है कि मृतक किया ससुराल फतेहपुर शहर में आत्महत्या के करण की तलाश में जुटी पुलिस है।

# इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा फतेहपुर में शहरी गैस पाइप लाइन परियोजना का लोकार्पण शिलापट्ट का अनावरण करके किया और कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर में गैस पाइप लाइन जा रही है, घर घर तक महिलाओ को अतिरिक्त सुविधा के साथ पैसे की बचत जो कहा करके दिखाया, फतेहपुर को विकास पथ पर सतत अग्रसर बनायाझसांसद/केन्द्रीय राज्यमंत्री*

दिन शनिवार को जनपद फतेहपुर के शकुन नगर में श्रीमती करुणा दीक्षित, श्रीमती वन्दना सिंह, श्रीमती प्रेमलता सिंह के घर पहुंचकर मा0सांसद/राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास भारत सरकार, साध्वी निरंजन ज्योति जी ने रसोईघर में जाकर गैस चूल्हा को जलाकर इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा शहरी घरेलू गैस(ढठऋ)पाइप लाइन परियोजना का शुभारंभ किया।

तत्पश्चात केन्द्रीय राज्यमंत्री ने गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया, साथ ही गांधी मैदान में आईजीएल का लगा स्टाल का फीता काटकर उदघाटन कर अवलोकन किया।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा फतेहपुर में शहरी गैस पाइप लाइन परियोजना का लोकार्पण शिलापट्ट का अनावरण करके किया और कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। यह रसोई गैस(ढठऋ) इसके कई फायदे है, यह नेचुरल गैस हवा से हल्की होने के कारण वातावरण में आसानी से घुल जाती है। लीकेज होने पर खतरा कम होता है, उपयोग करते समय गैस 99 प्रतिशत जल जाती है। इस कारण प्रदूषण भी कम होता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस महत्वपूर्ण सौगात जिले को दिया, इसका कार्य इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। वर्ष 2019 में कानपुर, हमीरपुर, फतेहपुर को यह सौगात दी गई और शिलान्यास भी किया गया। आज इसका लोकार्पण भी किया गया है। यह परियोजना शहर में मार्चझ2024 तक पूरी कर ली जाएगी। यह परियोजना का प्रथम चरण है। गैस पाइप लाइन के पड़ने से गैस सिलेंडर लेने समस्या नहीं होगी और माताओं, बहनों को आसानी से रसोई का कार्य होता रहेगा। आप सबने हमको सांसद बनाकर ताकत दी इस कारण से हम लगातर जनपद को विकास के नए नए आयाम बना रहे है। जनपद के लिए सबसे बहुत जरूरी है सीवर लाइन, को अथक प्रयासों से सीवर लाइन बनाने की अनुमति मिल गई है और टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है, इसका शिलान्यास जनवरीझ2024 में होगा और प्रथम चरण का कार्य शुरू किया जाएगा, यह पूरी परियोजना रु0 700 करोड़ की है। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन प्रदेश व देश उन्नति कर रहा है। विदेशों की धरती पर भी भारत को सम्मान मिल रहा है।प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने आतंकवादी हमलों को मुंहतोड़ जवाब उनके घर में घुसकर दिया है।

विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल जी ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार में विकास को गंगा बह रही है और सरकार दिन प्रतिदिन विकास कार्यों को करने में पुरजोर कोशिश कर रही है, इसका जीता जागता उदाहरण हम सबके सामने है। प्रदेश सरकार में दिन प्रतिदिन कायाकल्प होकर प्रदेश को विकसित किया जा रहा है। योगी



आदित्यनाथ जी की सरकार में गुंडाराज खत्म हुआ है। सभी को सुरक्षा व सम्मान मिला है और मातृशक्तियो को भी सुरक्षा का अहसास दिलाया गया है। मातृशक्तियो के उत्थान के लिए दिन प्रतिदिन कार्य किया जा रहा है।

एम0एल0सी0 अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि गैस पाइप लाइन परियोजना के शुभारंभ होने से बहनों के साथ में भाईयो को भी सिलेंडर लाईन में लगकर लाने से निजात मिलेगी। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश का व सांसद के नेतृत्व में जनपद फतेहपुर का इतिहास बदलने का कार्य किया है। यदि आपलोगो ने इस तरह साथ दिया तो देश, प्रदेश व जनपद का भूगोल बदल जाएगा।

विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि वर्षझ2014 के बाद में फतेहपुर के विकास के लिए अनेक योजनाएं आई है। विकास के लिए सांसद हमें प्रयासरत रहती है। जनपद में हर क्षेत्र में विकास हुआ है जिसमे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। मेडिकल कालेज से केन्द्रीय विद्यालय तक होना, जिससे हम सबके बच्चे अच्छी शिक्षा पा सकेंगे और अपना कैरियर बना सकेंगे और मातृशक्ति के उत्थान के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मातृशक्तियो का सम्मान बढ़ाया है।

विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गैस पाइप लाइन के शुभारंभ से गैस सिलेंडर से निजात के साथ ही सहूलियत भी मिलेगी। मातृशक्तियो के आंसू पोछने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर देकर किया । अमृत योजना के तहत फतेहपुर के रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है और फतेहपुर का चौमुखी विकास दिन प्रतिदिन हो रहा है। आजादी के बाद में साढ़े नौ वर्ष में जितना विकास हुआ है उतना विकास पूर्व की सरकारों में नही हुआ है।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई, आशीष मिश्रा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बिंदकी श्रीमती राधा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष खागा श्रीमती गीता सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष किशनपुर सुरेन्द्र सोनकर, धाता श्रीमती रेखा सरोज, भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा ज्ञानेंद्र सचान ह्वज्ञानूह्व, आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, शिवचरन शुक्ला, नगर पंचायत के सभासदगण, भाजपा के पदाधिकारियों, इंद्रप्रस्थ गैस के वाणिज्य निदेशक पवन कुमार एवं इंद्रप्रस्थ गैस के पदाधिकारीगण सहित भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

# आपातकाल विभाग में 500 एमए की डिजिटल एक्सरे मशीन व अल्ट्रासाउंड मशीन का विधायक ने किया उद्धाटन।

**समाज जागरण बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के आपातकाल विभाग में नगर विधायक मनीष असीजा ने डिजिटल एक्स-रे मशीन तथा अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्धाटन किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बलबीर सिंह ने बताया इससे मरीजों को 24 घंटे सुविधा उपलब्ध होगी।



ट्रामा सेंटर में 500 एमए की डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाई गई है। इसके साथ-साथ वहां एक अल्ट्रासाउंड मशीन भी स्थापित की गई है।

विधायक ने शनिवार को दोनों मशीनों का उद्धाटन कर शुभारंभ कराया। उन्होंने फीता काटकर दोनों मशीनों का शुभारंभ किया।

प्राचार्य ने बताया मरीज को यहां एक-रे के लिए ओपीडी तक जाना पड़ता था।

जिससे यहां आने वाले एक्सीडेंट में घायल तथा अन्य मरीजों को वहां तक जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था पहले यहां पर छोटी मशीन लगी थी जिससे शरीर के कुछ हिस्सों का एक्सरे हो सकता था। अब बड़ी मशीन लगने से मरीजों को हर प्रकार का एक-रे यहां हो सकेगा। उन्होंने बताया यहां एक-रे तथा अल्ट्रासाउंड की सुविधा 24 घंटे मरीजों को मिलेगी। इस अवसर पर डॉक्टर अभिषेक सिंह, डा राहुल जैन,एक्सरे टेकबेशियन तथा अन्य चिकित्सक कर्मचारी मौजूद रहे।

# मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में प्रेरणा-सत्र का आयोजन

**सभी विद्यार्थी विभिन्न योजनाओं की समुचित जानकारी प्राप्त करें, उसमें आवेदन दें तथा उसका समुचित लाभ उठाएंः डा. अशोक कुमार**

**परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर अपने समाज एवं जिले का नाम रौशन करें : डीडब्ल्यूओ**

**समाज जागरण मधेपुरा।**
मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा में शनिवार को प्रेरणा-सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उनका लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

### चल रही हैं कई योजनाएं

कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता जिला कल्याण पदाधिकारी (डीडब्ल्यूओ) रामकृपाल प्रसाद ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं चलाईं जा रही हैं। विद्यार्थियों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर अपने समाज एवं जिले का नाम रौशन करना चाहिए।
उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्री मैट्रिक से लेकर पीएचडी तक की पढ़ाई के लिए अलग-अलग योजनाएं चलाई जा रही हैं और प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निःशुल्क छात्रावास, आहार, पाठ्य-सामग्री, आनलाइन क्लास फेसिलिटी उपलब्ध है।




### प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में लें नामांकन

मुख्य अतिथि कुलानुशासक डॉ. बी. एन. बिबेका ने बताया कि बीएनएमयू कैम्पस में संचालित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में एसएससी, रेलवे एवं बैंकिंग और बीपीएससी की तैयारी हेतु 60-60 छात्रों का एक-एक बैच संचालित हो रहा है। विद्यार्थी इसमें नामांकन ले सकते हैं।
उन्होंने बताया कि इस केंद्र में निःशुल्क कोचिंग सहित परीक्षा पूर्व तैयारी करवायी जाती है और मुफ्त पाठ्य-सामग्रियां दी जाती हैं। यहां जो विद्यार्थी 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराएंगे, उन्हें तीन हजार रुपया भी दिया जाएगा।

### नेट एवं पीएचडी की तैयारी हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध

विशिष्ट अतिथि उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बिहार सरकार ने बीएनएमयू में मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लाना है। इसमें स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस केंद्र में नेट, गेट, जेआरएफ, पीएच. डी. आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पर्व निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग ) की व्यवस्था है। इसमें 60-60 विद्यार्थियों का दो बैच संचालित किया जा रहा है। केंद्र में आनलाइन शिक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है।

### योजनाओं की लें जानकारी

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के कल्याणार्थ कई योजनाएं चलाईं जा रही है। इन योजनाओं की समुचित सूचना लाभार्थियों तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं भी जागरूक रहें। सभी विद्यार्थी विभिन्न योजनाओं की समुचित जानकारी प्राप्त करें, उसमें आवेदन दें तथा उसका समुचित लाभ उठाएं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. पूनम यादव, अमित कुमार, सुभाष चन्द्र यादव, मनोज कुमार यादव, अरविन्द प्रसाद यादव, रमेश कुमार, विनय कुमार, सदानंद यादव, दिनेश प्रसार, राजेन्द्र प्रसाद यादव, मनोज कुमार झा, सुभाष चन्द्र कामत, रीना सिन्हा, देवेन्द्र कुमार, अभय कुमार, मनोज भटनागर, अमरेन्द्र कुमार अमर, रत्नाकर भारती, मो. सोहेब आलम, अरविन्द कुमार यादव और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# "रामचरित मानस में वेदांत" विषयक व्याख्यान में बीएनएमयू का प्रतिनिधित्व करेंगे राठौर दंपती

**समाज जागरण मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
झारखंड की राजधानी रांची में आईएमए हॉल में 5 नवंबर को आयोजित रामचरित मानस में वेदांत विषयक राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेने के लिए बीएनएमयू के दो शोधार्थी प्रसन्ना सिंह राठौर और हर्ष वर्धन सिंह राठौर शनिवार के अहले सुबह रांची के लिए रवाना हो गए। वहां दोनों को देश के कोनों कोनों से आए विषय विशेषज्ञों और प्रतिभागियों के बीच उपरोक्त विषय पर पांच पांच मिनट की प्रस्तुति देने के साथ साथ संबंधित विषय के विद्वानों को सुनने और जानने का मौका मिलेगा।

### दो राउंड की प्रकिया के बाद प्रसन्ना और हर्ष वर्धन का हुआ चयन

ज्ञातव्य हो कि कि वेदांत रिसर्च सेंटर, रांची द्वारा रामचरित मानस में वेदांत विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर देश के आठ केंद्रों पर निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न हुई थी। इसके तहत टी. पी. कालेज मधेपुरा में सितम्बर में हुए प्रतियोगिता में लगभग पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसमें पहले दौर में सर्वश्रेष्ठ पांच निबंध का चयन किया गया। फिर रांची में आखिरी दो प्रतिभागियों के रूप में बीएनएमयू अर्थशास्त्र की शोधार्थी प्रसन्ना सिंह राठौर और इतिहास के शोधार्थी हर्ष वर्धन सिंह राठौर का चयन किया गया है।दिलचस्प यह है कि दोनों पति पत्नी हैं और दोनों को एक ही विधा में बीएनएमयू का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके लिए प्रसन्ना सिंह राठौर और हर्ष वर्धन सिंह राठौर ने आयोजन समिति, निर्णायकों का आभार व्यक्त किया है। दोनों ने उम्मीद जताई है कि रांची में भी बीएनएमयू की दमदार प्रस्तुति देने में वो कामयाब होंगे।



विगत कई वर्षों से दोनों वक्तृता और लेखनी में लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कई उपलब्धि प्राप्त करते रहे हैं।
रांची में भी सर्वश्रेष्ठ की रहेगी उम्मीद
कार्यक्रम के स्थानीय आयोजन सचिव सह बीएनएमयू उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कार्यक्रम के लिए देश के आठ सेंटरों में से एक मधेपुरा का चयनित होना गर्व की बात है। इसकके लिए सेंटर अध्यक्ष प्रो. एच. पी. नारायण, निदेशिका सह भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् की अध्यक्षा प्रो. राजकुमारी सिन्हा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने प्रतियोगिता के दौर से रांची में रविवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम के लिए चयनित दो प्रतिभागी प्रसन्ना सिंह राठौर और हर्ष वर्धन सिंह राठौर को शुभकामनाएं दी हैं और आशा व्यक्त किया है कि रांची में भी दोनों प्रतिभागी अपनी सर्वश्रेष्ठ उपस्थित से बीएनएमयू का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने कहा है कि दोनो से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है, क्योंकि दोनों ही प्रतिभागी इससे पहले भी स्थानीय, प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां प्राप्त कर चुके हैं।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6,क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता क्वार्टर फाइनल मुकाबला आज से प्रारंभ

**पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा "सर" ने आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता का ड्रॉ निकाल कर विधिवत की टाईसीट फाइनल**

**पढ़ाई के साथ - साथ खेल को भी जीवन का अहम हिस्सा युवा पीढ़ी को बनाना चाहिएः संजीव मिश्रा**

**बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छठ पूजा के बाद आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जा**

**समाज जागरण पूर्णियां/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।
पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " की अध्यक्षता में आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता के क्लबों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी क्लबों ने अनुरोध किया कि ड्रा निकाल दिया जाए और छठ पूजा के बाद आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच रखा जाए। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता के क्लबों का ड्रा निकाल कर शुभारंभ किया। ड्रा के माध्यम से टाईसीट बनाई गई।

### टाईसीट इस प्रकार है

1. पनोरमा स्पोर्ट्स क्लब बनाम केनरा बैंक
2. अखण्ड इंडिया फाउंडेशन कसबा बनाम वागा इलेवन
3. प्राइवेट चिल्ड्रन वेलफेयर स्कूल निर्देशक इलेवन बनाम बिहार पुलिस
4. आयकर विभाग बनाम अधिवक्ता इलेवन
5. अकाउंटेंट इलेवन बनाम मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव इलेवन
6. ग्रीन पूर्णिया बनाम रजिस्ट्री ऑफिस पूर्णिया इलेवन।
7. समाजिक इलेवन बनाम प्रेस क्लब पूर्णिया
8. शिक्षक इलेवन बनाम पूणिया प्रेस क्लब के बीच मुकाबला खेला जाएगा।




### मैच परिणाम

प्रथम मैचः-
पी एस के बनाम मेलबर्न क्रिकेट क्लब बनमनखी के बीच मुकाबला खेला गया। समय से नहीं आने के कारण मैच 6-6 ओवर का मैच निर्धारित किया ।
टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पी एस के अपने निर्धारित 6 ओवर में 5 विकेट खोकर 36 ही बना पाई। जिसमें गोल्डी ने 16 गेंदों में 16 रन का योगदान दिया।
मेलबर्न क्रिकेट क्लब की आर्थिक गेंदबाजी करते हुए अमन, सागर, मंगलम, आदित्य ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।
लक्ष्य के लिए 37 रनों का पीछा करते हुए क्रिकेट मेलबर्न क्रिकेट क्लब बनमनखी ने 5 ओवर 4 गेंदों में आल आउट होकर मात्र 14 रन ही बना पाई। पी एस के की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए अमित ने 4 विकेट एवं राहुल ने 3 विकेट प्राप्त किया।

### द्वितीय मैच

द्रोणा क्रिकेट क्लब बनमनखी बनाम विंटेज क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। द्रोणा क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15ओवर में 6 विकेट खोकर 163 रन बनाए। जिसमें प्रेम सिंह 26 गेंदों में 46 रन, मो शमी ने 20 गेंदों में 32 रन, अभिषेक कुमार ने 24 गेंदों में 31 रन की पारी खेली।
विंटेज क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद नसीर रोहित एवं गौरव ने 2-2 विकेट प्राप्त किया।
लक्ष्य का पीछा करते हुए विंटेज क्रिकेट क्लब ने 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 102 रन ही बना पाई जिसमें रोहित ने 18 गेंद में 29 रन, सत्यम 17 गेंदों में 18 रन एवं गौरव ने 15 गेंदों में 19 रनों का योगदान दिया
द्रोणा क्रिकेट क्लब बनमनखी की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद अशफाक ने चार विकेट एवं राजू सिंह ने दो विकेट लिए।

### तृतीय मैच

ठाकुरबाड़ी क्रिकेट क्लब बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा के बीच मुकाबला खेला गया । ठाकुरबाड़ी क्रिकेट क्लब ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 30 रन बनाए। जिसमें अर्नब जायसवाल ने 10 गेंदों में 15 रन का योगदान दिया।
विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित ने 3 विकेट, राज सिंह नवीन एवं रुपेश ने 2-2 विकेट प्राप्त किया।
लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने 4 ओवर 3 गेंद में तीन विकेट होकर 32 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया । आलोक यादव ने 8 गेंदों में 14 रन बनाए।
गेंदबाजी करते हुए ठाकुर बाड़ी क्रिकेट क्लब की ओर से सुमित कुमार यादव ने 2 विकेट एवं हिमांशु पाल ने 1 विकेट प्राप्त किया।
05/11/2023 को खेले जाने वाले मुकाबला सुबह 8 00 बजे से शाम 4:30 बजे तक।
1. पी सी सी बनाम ए आई एफ कसबा
2. न्यू ऑलराउंडर क्रिकेट क्लब गुलाब बाग बनाम आजाद क्रिकेट क्लब अररिया
3. पी एस के बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा
4. फायर इलेवन बनमनखी बनाम द्रोणा क्रिकेट क्लब बनमनखी
5. वंडर क्रिकेट क्लब बनाम पॉलिटेक्निक क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला एवं फाइनल मुकाबला दिनांक 06 नवंबर को खेला जाएगा।
मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहे हैं:- मो नैयर अली, बिमल मुकेश, राघव ठाकुर, आदित्य कुमार सिंह, एस एस प्रसाद पिंटू, सैयद जब्बार हुसैन। स्कोररः- प्रिंस कुमार और उद्घोषक की भूमिका निभा रहे मो जाहीद आलम एवं आदित्य कुमार सिंह।

इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर" , हरिओम झा, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, मो मंजर मोहशिम, एस एस सिंह गुड्डू, राजीव कुमार,बब्लू चौधरी,रितेश कुमार झा, चंदन कुमार, आशुतोष रजिस्टर क्लबों के अध्यक्ष, सचिव कमिटी सदस्य गण एवं कप्तान और काफी संख्या में खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

# सिकटी प्रखंड के आमगाछी पंचायत सरकार भवन में जन संवाद कार्यक्रम अयोजित

***जन संवाद का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आप तक पहुंचानाः डीडीसी***

**समाज जागरण सिकटी।**
उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार एवं सभी जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आज अररिया जिला अन्तर्गत सिकटी प्रखंड के आमगाछी पंचायत सरकार भवन में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जन संवाद का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आप तक पहुंचाना तथा आपके सुझाव एवं विकासात्मक कार्यों पर समुचित कर-र्वाई किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी विभागों से जुड़ी लोक कल्याणकारी योजनाओं जानकारी उपस्थित अधिकारियों द्वारा दी जा रही है, जिसका आप लाभ उठावें। इसमें किसी प्रकार की अगर समस्या हो तो अपनी समस्या को भी आज इस जन संवाद कार्यक्रम में रखें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं जन्म से शुरू होकर वृद्ध अवस्था तक अच्छादित है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार योजनाएं अच्छी सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल सहित शिक्षा और कई विकास कार्यों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आवास के लाभ से वंचित लोगों का नाम आवास प्लस एप में जोड़ा गया है। हर घर में शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है। जिससे स्वच्छ जिला बनाने का संकल्प पूर्ण किया गया। हर घर से कचरा उठाव का कार्य प्रत्येक पंचायत मे दो स्वच्छता कर्मी एवं एक स्वच्छता प्र-वेक्षक की नियुक्त किया गया है। WPU (waste Processing Unit)) पंचायतों मे लगाकर हंर३ी से हीं'३ की संकल्पना की जा रही है। इसके लिए ग्रामवासियों' का दायित्व है कि वह भी इस कार्य के लिए यूजर चार्ज दे, और अपने गांव को स्वच्छ समृद्ध बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बड़े स्तर पर बीपीएससी द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति की गई, जिससे अब विद्यालयों में शिक्षकों की कमी नहीं होगी। साथ ही इससे गुणवतापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा जिले में डीआरसीसी द्वारा छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उच्च शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि पढ़ाई में किसी तरह की बाधा ना हो। इसके आलवा कई स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम भी चलाए जा रहे हैं। इसी प्रकार जन संवाद कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित जन-समूह को जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिकटी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# विषय एवं महाविद्यालय बदलने का अवसर

**समाज जागरण मधेपुरा।**
बीएनएमयू के स्नातक सत्र 2023-2027 के में ऑनलाइन आवेदन जमा कर चुके वैसे विद्यार्थी, जिनका किसी भी महाविद्यालय में दाखिला नहीं हुआ है, उन्हें 4 से 6 नवंबर तक चयनित विषय एवं महाविद्याल को बदलने का अवसर प्रदान किया गया है। डीएसडब्ल्यू प्रो. राजकुमार सिंह ने बताया कि यह परिवर्तन विभिन्न शैक्षणिक विषयों में रिक्त सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। विभिन्न कॉलेजों में रिक्त सीटों की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के यूएमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध है। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी बदलाव के साथ आगे बढ़ने से पहले सभी उपलब्ध डेटा की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें।




# सात दिवसीय संतमत सत्संग का हुआ समापन

***मनुष्य को पांच चीजों से दूर रहना चाहिए, हिंसा, चोरी, झुठ, नशा और व्यभिचारःस्वामी ओमानंद***

**समाज जागरण पटेगना।**
अररिया प्रखंड के बटुरबाड़ी पंचायत अंतर्गत संतमत सत्संग मंदिर बटुरबाड़ी पटेगना के परिसर में सप्ताह ध्यान साधना शिविर का समापन शनिवार को किया गया। संतमत सत्संग में पटना दानापुर से आए मुख्य वक्ता बाबा स्वामी ओमानंद जी महाराज ने उपस्थित सत्संग प्रेमियों से कहा कि बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलन न सोई। आगे उन्होंने कहा कि किसी भी प्राणी का हत्या नहीं करनी चाहिए। मनुष्य को पांच चीजों से दूर रहना चाहिए। हिंसा, चोरी, झुठ, नशा और व्यभिचार। ईश्वर एक है और उन्हें पाने का रास्ता भी एक है वह अपने घट के अंदर है। संत सदगुरू से सदयुक्ति लेकर साधक साधना करने प्रभु का दीदार अपने उर कर सकेंगे। वक्ताओं में स्वामी रामेश्वरानंद बाबा, स्वामी गुरू शरण बाबा, स्वामी सुधीर बाबा, स्वामी नंदकिशोर बाबा आदि ने भी अपने प्रवचन से लोगों को समझाया। सत्संग कराने में मुख्य रूप से देवानंद विश्वास, देवनारायण विश्वास, पूर्व जिला पार्षद मायानंद चौधरी, बासुदेव विश्वास, शिक्षक मुकेश कुमार चौधरी, सेवानिवृत्त बीडीओ उपेंद्र विश्वास, रामकृष्ण विश्वास, मुरलीधर विश्वास, मनोज विश्वास, परमानंद यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व क्षमता संवर्द्धन में सहयोग के लिए प्रधानाध्यापक हस्तपुस्तिका का ऑनलाइन अनावरण संपन्न

**एससीईआरटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर एक क्लिक में विद्यालय व्यवस्था से जुड़े कोई भी हितधारक इस हैंडबुक को कर सकते हैं डाउनलोड**

**निदेशक और संयुक्त निदेशक ने राज्य के विद्यालय प्रधानों से इस हैंडबुक का अध्ययन कर जरूरी सुधारों के लिए 1 माह के भीतर सुझाव देने के लिए दिए निर्देश।**

**समाज जागरण पटना/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
एससीईआरटी बिहार द्वारा सुविकसित प्रधानाध्यापक हस्तपुस्तिका, राज्य के सभी प्रारंभिक से उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व क्षमता संवर्द्धन में काफी सहायक सिद्ध होंगे। काफी लंबे समय से राज्य के विद्यालय प्रधानों को विद्यालय के नियमन, प्रबंधन एवम संचालन के लिए एक उपयुक्त व मार्गदर्शक हस्तपुस्तिका की आवश्यकता महसूस हो रही थी, आज हमें काफी खुशी है कि एससीईआरटी की संयुक्त निदेशक डॉ. रश्मि प्रभा के निर्देशन में राज्य के विद्वान, अनुभवी और नेतृत्व कौशल के बेहतरीन उदाहरण रहे शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों की टीम ने पूरी निष्ठा के साथ काम करते हुए काफी कम समय और संसाधन में ये हस्तपुस्तिका तैयार की है। ये बातें आज यू ट्यूब के लाइव सेशन में नेतृत्व क्षमता संवर्द्धन हेतु प्रधानाध्यापक हस्तपुस्तिका का अनावरण करते हुए एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर ने कही।
निदेशक सज्जन आर ने आगे बताया कि विद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन में प्रधानाध्यापक की जिम्मेवारी काफी महत्वपूर्ण होती है। एक प्रधानाध्यापक, विद्यालय स्तर पर सभी तरह के कार्यों, निर्णयों, कार्रवाइयों से और व्यवस्थाओं के लिए सर्वाधिक जवाबदेही का निर्वहन करने वाला प्रशासनिक पद है।
यह हैंडबुक उन्हें अपने अधिकारों, दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति हमेशा न केवल सजग रखेगा बल्कि समय समय पर सम्यक मार्गदर्शन के लिए हमेशा उनके साथ भी रहेगा।
एससीईआरटी की संयुक्त निदेशक डॉ. रश्मि प्रभा, पूरे बिहार के विद्यालय प्रमुखों से आह्वान करते हुए ये कहीं कि, अभी, ये हस्त पुस्तिका ड्राफ्ट प्रारूप में सबों के बीच अवलोकन, अध्ययन तथा आवश्यक सुझावों के लिए एससीईआरटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है । सभी विद्यालय प्रधान इस हैंडबुक प्रारूप का अध्ययन कर निदेशक एससीईआरटी के ईमेल पर अपने सुझाव अगले माह तक दे सकते हैं, हमारी ड्राफ्टिंग टीम, प्राप्त सुझावों का अध्ययन कर हस्तपुस्तिका को अंतिम रूप प्रदान करेगी ।




मौके पर हैंडबुक ड्राफ्टिंग टीम के सदस्य, राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाध्यापक हरिदास शर्मा, व्याख्याता पप्पू हरिजन, अनिल कुमार एवं गुड्डी कुमारी सहित बेहतर विद्यालयी व्यवस्था का राज्य में नायाब उदाहरण प्रस्तुत करनेवाले प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, उमाकांत कुमार, मुदित कुमार, चंचला तिवारी और रंजन कुमार तथा राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक रविरौशन कुमार एवम एससीईआरटी, बीईपी, यूनिसेफ आदि विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय रखनेवाले राज्य संसाधन समूह के शिक्षक व टीओबी के फाउंडर शिव कुमार ने भी ऑनलाइन संबोधन में हैंड बुक के विषय संदर्भों पर अपने विचार रखे।

# पत्रकार विमल कुमार यादव हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता रूपेश यादव पुलिस रिमांड पर लाया गया रानीगंज थाना

***पूछ–ताछ में अभियुक्त रूपेश यादव ने पत्रकार विमल यादव की हत्या की साजिश सुपौल जेल में रहते हुए रचने की बात को स्वीकारा***

**समाज जागरण रानीगंज।**
रानीगंज थाना अन्तर्गत दिनांक - 10 / 08 / 2023 को हुए दैनिक जागरण अखबार के पत्रकार विमल कुमार यादव हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता रूपेश यादव, पिता उगेन यादव, सा०- बेलसरा, थाना - रानीगंज, जिला - अररिया जिसने सुपौल के जेल में काराधीन रहते हुए साजिश रच अपने अपराधिक सहयोगियों के द्वारा पत्रकार विमल यादव की नृशंस हत्या करवाया था को कल दिनांक झ 03/11/2023 को रानीगंज थाना पुलिस द्वारा सुपौल जेल से पुलिस रिमांड पर पूछ-ताछ के लिए वैधानिक प्रक्रिया के तहत लाया गया है। पूछ-ताछ में अभियुक्त रूपेश यादव ने पत्रकार विमल यादव की हत्या की साजिश सुपौल जेल में रहते हुए रचने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि विमल यादव अपने भाई गब्बू यादव की हत्या कांड (रानीगंज थाना कांड संख्या - 134/19) में` मुख्य गवाह था। काफी प्रयास के बाद भी वह केस में कंपरमाइज नहीं करते हुए गवाही देने पर अड़ा था जिससे इसके एवम अन्य सहयोगियों को सजा होने का डर था। जिस कारण इसने सुपौल जेल में रहते हुए अपने अन्य सहयोगियों की सहायता से विमल यादव की हत्या करने की साजिश विमल यादव की हत्या से कुछ दिन पूर्व रची थी।
उल्लेखनीय है कि विमल यादव हत्या कांड में शामिल सभी-07 प्राथमिकी नामजद अभियुक्तों - (1) माधव यादव, पिता उमेश यादव (2) संतोष कुमार भारती उर्फ संतोष राम, पिता - योगानंद राम (3) उमेश यादव, पिता स्व० तेजनारायण यादव तीनों सा०- कोशकापुर (4) अर्जुन शर्मा, पिता - बिशेश्वर शर्मा (5) भावेश यादव, पिता - लस्सी यादव (6) आशीष यादव, पिता- देवानंद यादव तीनों सा०- बेलसरा सभी थाना - -रानीगंज (7) विपिन यादव, पिता छेदी यादव सा०- भरना, थाना भरगामा, सभी जिला अररिया को पूर्व मे हत्या में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अभियुक्त रूपेश यादव का पूर्व का विस्तृत आपराधिक इतिहास रहा है।

# विश्वकर्मा योजना में 18 तरह के रोजगार करने वाले ले सकते हैं इसका लाभः रंजीत यादव

***प्रशिक्षण के क्रम में आप को भत्ता मिलेगा इसके उपरांत रोजगार के लिए दिया जाएगा एक लाख का ऋण***

**समाज जागरण जोकीहाट ।**
अररिया लोकसभा के जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर विभिन्न मंडलों कार्यशाला का आयोजन कर भाजपा के युवा नेता रंजीत यादव ने विश्वकर्मा योजना पर गहन रूप से चर्चा किया।कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए की गई, भाई रंजीत यादव ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए आयोजित कार्यशाला में विश्वकर्मा योजना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित विश्वकर्मा योजना के बारे में गांव गांव जाकर लोगो को जानकारी दें चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देकर उनको योजना का लाभ पहुंचाना भाजपा का मुख्य उद्देश्य है, आप इस योजना के लिए आवेदन करें व इसका लाभ उठाएं।इस योजना में 18 तरह के रोजगार करने वाले इसका लाभ ले सकते है,प्रशिक्षण के क्रम में आप को भत्ता मिलेगा इसके उपरांत रोजगार के लिए एक लाख का ऋण दिया जाएगा, जिससे लोग अपना स्वरोजगार शुरूकर अपने पैर पर खड़ा होकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सके. इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा आम लोगों को दिए जाने वाले लाभ की भी चर्चा की।



# दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूल में एनवायरमेंट बिल्डिंग को लेकर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

*विद्यालय में बाधारहित वातावरण निर्माण करने की आवश्यकता–बीईओ*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



खरसावां समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शनिवार को कुचाई प्रखंड संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूलों में एनवायरमेंटल बिल्डिंग पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कुचाई स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में आयोजित उक्त प्रशिक्षण में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी बीपीओ नाथो महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बीईओ संजय कुमार जोशी ने बताया कि निशक्त बच्चों को सुलभ बनाने के साथ उन्हें दिव्यांगता की पहचान कर मुख्य धारा से जोड़ने के साथ उन्हें सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं प्रशिक्षक के रूप में प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण देते हुए फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को समुचित शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी विद्यालय को बाधा रहित बनाने की आवश्यकता है। ताकि व्हीलचेयर यूजर बच्चा भी आसानी से क्लासरूम से लेकर शौचालय तक अपनी पहुंच बना सके। इस दौरान मुख्य रूप से बीईओ संजय कुमार जोशी बीपीओ नाथो महतो लेखापाल कृष्ण मोहन महतो आदित्य कुमार दयाल लेट आदि उपस्थित थे।

# स्वाभिमान क्लब बांदु द्वारा एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के लाकड़ी पंचायत के बांदु फुटबॉल मैदान में स्वाभिमान क्लब बांदु द्वारा एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। फाइनल मैच का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने गेंद मारकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरेलाल महतो ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता शिक्षा का अनिवार्य अंग है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास है। स्वस्थ शरीर में ही प्रखर मस्तिष्क रह सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में खेल कूद उतना ही आवश्यक है जितना पढ़ाई के लिए अच्छे लेखकों की किताबें। किताबों से मन व आत्मा का विकास होता है जबकि खेलकूद से शरीर



स्वस्थ्य और सबल बनता है। हरेलाल महतो ने सुदूरवर्ती क्षेत्र में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि आयोजक क्लब खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से समाज में आपसी सहयोग एवं सद्भावना बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतियोगिता में काशीडीह के टीम प्रथम स्थान, बाजनडीह के टीम द्वितीय स्थान, मुरुगडीह के टीम तृतीय स्थान व सिंदूरपुर के टीम चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। चारों टीम को क्लब द्वारा नगद राशि पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि रंजित माझी, क्लब के अध्यक्ष राम टुडू, सुकेन माझी, आघनु माझी, मंगल माझी, डॉ. बंक बिहारी महतो, लक्ष्मीकांत महतो, पवित्र महतो, राजाराम महतो, संदीप महतो आदि उपस्थित थे।

# डीएसओ ने नीमडीह प्रखंड के राशन डीलर के साथ किया समीक्षा बैठक

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह एमओ कुमार एस अभिनव की अध्यक्षता में प्रखंड के राशन डीलर के साथ बैठक संपन्न हुआ। बैठक में डीएसओ झुनु कुमार मिश्रा द्वारा सवाल यह उठाया गया है कि धोती साड़ी सस्ता है परंतु 20 रुपया मूल्य का क्वालिटी जांच करने के बाद लाभुको बीच वितरण किया



जाता है। लाभुको को जानकारी कमी बताया गया। डीएसओ द्वारा जनवितरण प्रणाली के माध्यम से आपने लाभुको को समझाया जाए, यह साड़ी धोती लीजिए और प्रयोग करे ऐसा नहीं की घर में पोछा का काम करे। इसमें क्वालिटी अच्छा है जो मन का भ्रम है, उसे पहना कर दीजिए जिसे लाभुक इसे ले जाए। बैठक के दौरान पीडीएस के कुछ दुकानदारों ने शिकायत भी किया गया, बोरे में 4 से 6 किलो कम चावल और गेहूं पाया जाता है। जिसका शिकायत डीलर द्वारा डीएसओ के समक्ष रखा गया। बैठक में नीमडीह एजीएम को दिया निर्देश वजन करके बोरा दिया जाए जिससे पीडीएस वाले को कमी नही होना चाहिए जिसका शिकायत न हो। मौके पर डीएसओ झुनू कुमार मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ कुमार एस अभिनव, एजीएम भुवन महतो सहित प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

# आदित्यपुर थाना क्षेत्र का खुल गया काला चिट्ठा. आबकारी विभाग ने शिवा मंडल की जहरीली शराब फैक्ट्री में दबिश दी.

बड़े पैमाने में शराब बनाने वाले उपयुक्त सामग्री एवं उपकरणों को जप्त किया है. वही आबकारी विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए भट्टी को भी ध्वस्त कर दिया गया है.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )4 अक्टूबर 2023**

बता दे की शिवा मंडल का मौत का कारखाना कई दिनों से आदित्यपुर थाना अंतर्गत सापरा में जोड़ो सोरों से चल रहा था. जिसमें दैनिक समाज जागरण में समाचार संकलन कर दिखाया गया था शिवा मंडल की जहरीली शराब का कारखाना. जहां उत्पाद अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए जहरीली शराब की फैक्ट्री में दबिश दी. दबिश पढ़ते ही दारू संचालक वहां से फिर से भाग निकले. आबकारी विभाग ने 2500 किलोग्राम जावा को जप्त किया. वहीं 140 लीटर चुलाई शराब को भी जप्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. शराब बनाने वाले उपकरणों को भी जप्त कर संबंधित शराब भट्टी संचालक के विरुद्ध उत्पाद वाद दर्ज किया जा रहा है.



### जानिए क्या था मामला कौन हैं शिवा मंडल

सरायकेला- खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सांपड़ा में जिले का कुख्यात दारू माफिया शिबू मंडल हैं. जिसने अपना काला साम्राज्य चारों तरफ स्थापित कर चुका है. शिवा मंडल वह शख्स है जिन्हें ना तो प्रशासन का डर है ना ही आबकारी विभाग का, धड़ल्ले से गोरख धंधे को अंजाम दे रहा था.

शिबू मंडल का गोरखधंधा आदित्यपुर थाना अंतर्गत सांपड़ा, पड़ोसी जिला जमशेदपुर एंव सरायकेला- खरसावा जिला के विभिन्न जगहों पर संचालित किया जाता है. सूत्र बताते हैं कि शिवू मंडल का पहुंच ऊपर तक है. जहां सफेदपोस से लेकर विभाग मिलीभगत से अवैध धंधा संचालित करता है. शिबू अपनी पहुंच के दम पर लगातार अवैध दारू भट्टी को संचालित कर रहा है. यू कहे तो शिवो मंडल जिला प्रशासन और उत्पाद विभाग को ठेंगा दिखा रहा है. 2 महीना पूर्व शिबू मंडल के शराब भट्ठियों में सरायकेला एसपी डॉ विमल कुमार के निर्देश पर टीम गठित कर छापेमारी की गई थीं. जहां बड़े पैमाने में अवैध दारू से लेकर कई किलो जावा महुआ तक विनस्ट किया गया था. वही कुछ दिनों पहले उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर भी कार्रवाई की गई. लेकिन छापामारी से पूर्व सूचना लिक होने के कारन उत्पाद विभाग को ऐसा कुछ खास सफलता नहीं मिली.

मगर इन सभी कार्रवाई के बाद दारू माफिया शिबू मंडल को ना तो जिला प्रशासन का डर है और ना ही उत्पाद अधीक्षक का डर सता रहा है. चंद घंटों की छापामारी के बाद पुनः दारू भट्टी संचालित होने लगी थीं. एक तरफ से कहा जाए तो शिवा मंडल जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहा था.

### शिवा मंडल को थाना एवं सफेदपोस का संरक्षण प्राप्त है

बता दे कि इन अवैध शराब भट्टी को संचालित करने में बड़े- बड़े दारू माफिया, सफेदपोश एवं विभागीय मिलीभगत रहती हैं. सूत्र बताते हैं कि कुछ ही दिन पहले अवैध दारू सप्लाई में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर काफी तनातनी हुई थी. अगर समय पर इस अवैध कारोबार पर शिकंजा नहीं कसा गया तो कभी भी बड़ी अनहोनी क्षेत्र में घट सकती थीं.

सवाल यह उठता है कि शिबू मंडल कितना प्रभावशाली है कि हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता है. एफआईआर दर्ज रहने के बावजूद भी आखिर गिरफ्तारी क्यों नहीं होती है. सूत्रों की माने तो पुलिस की हर गतिविधि का शिबू मंडल को जानकारी होती है. आखिर सवाल यह उठता है की शिवा मंडल को सरायकेला- खरसावां के एसपी का थोड़ा सा भी डर नहीं था.

### जाने कौन है शिवा मंडल ! काला साम्राज्य स्थापित कर कितनों का संपत्ति अर्जित क

नाम न छापने के शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया की 5 वर्ष पूर्व एक साधारण घर में रहने वाला शिवा मंडल आज करोड़ों का मालिक है. अपना काला साम्राज्य स्थापित कर गांव में 5 से 6 जगह जमीन खरीद कर घर भी बनाया है. यू कहे तो शिवा मंडल आय से अधिक संपत्ति अर्जित कर सरकार को भी चूना लगाया है.

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा में आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कोल्हन विश्वविद्यालय कुलसचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 04 नवंबर 2023: दिनांक 4 नवंबर 2023 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर को ऑपरेटिव कॉलेज इकाई के प्रतिनिधि मण्डल ने छात्र संघ के पूर्व सचिव अभिषेक कुमार तिवारी के नेतृत्व में महाविद्यालय प्राचार्य से मिलकर कोल्हान विश्वविद्यालय कुलसचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपा और पी एच डी प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने की तिथि 3 दिन और खोलने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया की सर्वर में तकनीकी दिक्कत के कारण कई विद्यार्थी आवेदन करने से वंचित रह गए हैं तथा स्नातकोतार सत्र 21-23 के विद्यार्थियों का अंतिम परिणाम 2 नवंबर को घोषित हुआ है इसीलिए उन्हें आवेदन करने का पर्याप्त समय नहीं मिला इसीलिए ये कदम उठाने से कई वंचित विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। पूर्व सचिव अभिषेक कुमार तिवारी ने कहा कि आवेदन पुनः खुलना ही चाहिए क्योंकि पी एच डी प्रवेश परीक्षा 7 साल बाद ली जा रही है। मौके पर मुख्य रूप से नितेश सिंह, दीपक राय,सिद्धार्थ तिवारी, सौरव पाठक,अभिजीत पांडे ,अभिषेक कुमार तिवारी ,सागर कुमार एवं अन्य उपस्थित थे ।



# आरएसबी ट्रांसमिशंस इंडिया लिमिटेड यूनिट 2 में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हुआ

मैनेजिंग डायरेक्टर एसके बेहरा ने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्युरो चीफ सराइकेला (झारखण्ड )4अक्टूबर 2023**

शनिवार के दिन आरएसबी ट्रांसमिशंस इंडिया लिमिटेड, यूनिट-2 गम्हरिया मे मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप जमशेदपुर ब्लड बैंक एवं वोलेन्टरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के सहयोग से संपन्न हुआ जो सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चला। कैंप में कुल 348 यूनिट ब्लड का संग्रह कर जमशेदपुर ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। कैंप में ब्लड डोनेट करने वाले सभी कर्मचारियों को सराहना एवं प्रोत्साहन स्वरुप उपहार प्रदान किये गए।



इस अवसर पर कंपनी के वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री एस के बेहेरा उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हर तीन महीने मे अपने विभिन्न प्लॉट्स में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करती है, जिसमे हर स्तर के कर्मचारी बड़ चढ़ कर हिस्सा लेते है।

इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल्हान प्रमंडल के उपश्रमायुक्त श्री राकेश प्रसाद उपस्थित थे एवं उन्होंने फ्ऱइ के ब्लड डोनेशन जैसे महान सामाजिक कार्य की सराहना की। अन्य विशिष्ट अतिथि सी.आर.पी.एफ 157 बटालियन के कमांडेंट (2क्छ) श्री प्रणव शेखर भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को उत्साहपूर्वक रक्तदान करते देख उन्हें सुखद आश्चर्य हुआ।

इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर ऑपरेशन श्री एम् संकरनारायणं प्लांट ऑपरेशन हेड श्री प्रकाश बिस्वाल, एम्. सुरेश प्लांट हेड (यूनिट-1), बी जेना-प्लांट हेड (यूनिट-3), आदि ने भी ब्लड डोनेशन कैंप का विजिट किया एवं कर्मचारियों की सराहना की।

ब्लड डोनेशन कैंप कि जिम्मेदारी एच०आर० विभाग के सुयश वर्मा, जया सिंह सुनीता भट्टामिश्रा हेमंत प्रधान सागरिका हेमंत पतासानी अभिजीत देवी . प्रसाद प्रधान, निशा गिरी, सुशीला हाँसदा एवं कमिटी मेंबर पंकज सिंह, बिमलेश कुमार, एस शी झा, शंकर, अनिल, प्रदीप, संजय सोय सुभाष महतो, इन्द्रकेश, विनोद एवं अन्य अन्य कमीटी सदस्य संभाल रहे थे।

# डॉ जमशेद जे ईरानी की विरासत के सम्मान में कीनन स्टेडियम में खुली जे जे ईरानी क्रिकेट अकादमी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 4 नवंबर, 2023: टाटा स्टील ने खेल को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को पोषित करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता में, आज कीनन स्टेडियम में जे जे ईरानी क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया।




महान डॉ जमशेद जे ईरानी की स्मृति में नामित अकादमी का उद्देश्य क्रिकेट के प्रति उनके जुनून और टाटा स्टील, समुदाय और खेल में उनके अमूल्य योगदान को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती डेजी ईरानी सहित उनके परिवार के सदस्य, जमशेदपुर के प्रतिष्ठित नागरिक और टाटा स्टील के सीनियर मैनेजमेंट उपस्थित थे।

चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने मेहमानों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संदर्भ स्थापित किया। इस अवसर पर टीवी नरेंद्रन, श्रीमती डेजी ईरानी और अन्य द्वारा वर्चुअल पट्टिका का अनावरण किया गया, जो अकादमी के आधिकारिक उद्घाटन का प्रतीक है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में, टीवी नरेंद्रन ने कहा, "जे जे ईरानी क्रिकेट अकादमी सिर्फ एक अकादमी नहीं है, यह टाटा स्टील, क्रिकेट और समुदाय पर डॉ जे जे ईरानी के अमिट प्रभाव के प्रति एक श्रद्धांजलि है। हमें उनकी विरासत का सम्मान करते हुए और युवा क्रिकेटरों को सीखने, बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करते हुए खुशी हो रही है।" उन्होंने डॉ जे जे ईरानी की खेल विरासत को आगे बढ़ाने के लिए श्रीमती डेजी ईरानी और उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्रीमती डेजी ईरानी और उनके परिवार ने कार्यान्वित करने वाले पार्टनर के रूप में टाटा स्टील के साथ एक क्रिकेट अकादमी स्थापित करने की पहल की है। उन्होंने अकादमी के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया जिसका उद्देश्य अपने छात्रों के बीच प्रतिभा और तकनीक को बढ़ावा देना है। अकादमी के व्यापक कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल क्रिकेट कौशल बल्कि सौहार्द, अनुशासन और नेतृत्व के मूल्यों को भी विकसित करना है। यह नवीनतम प्रशिक्षण तकनीकों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र प्रदान करेगा और प्रमुख क्रिकेट हस्तियों द्वारा विशेष अतिथि सत्र की मेजबानी करेगा। इसके अतिरिक्त, टाटा स्टील हाई-परफॉर्मेंस सेंटर द्वारा पोषण, शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर समय-समय पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

अकादमी विश्व स्तरीय तकनीकी और प्रशिक्षण सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें अभ्यास सत्र के लिए बोलिंग मशीनें, बारिश के दौरान भी निर्बाध प्रशिक्षण के लिए एक कवर नेट प्रैक्टिस एरिया और एक ऑडियो-विजुअल क्लासरूम शामिल है। इसमें अटैच वॉशरूम के साथ लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम भी हैं, जो सभी छात्रों के लिए एक आरामदायक और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करता है।

कीनन स्टेडियम, जहां अकादमी स्थित है, भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 1939 में निर्मित, इस स्टेडियम ने कई अंतरराष्ट्रीय मैच देखे हैं और भारतीय क्रिकेट के कुछ महानतम नामों की मेजबानी की है। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, कपिल देव और कई अन्य दिग्गजों ने इस मैदान पर अपने कौशल का प्रदर्शन किया है।

जे जे ईरानी क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन कीनन स्टेडियम की गौरवशाली विरासत में एक और अध्याय शामिल करता है। अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं और खेल के प्रति टाटा स्टील की अटूट प्रतिबद्धता के साथ, अकादमी आने वाले वर्षों में कई और चैंपियन तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 55 करोड़ की लगत से बनेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का बृहत जलमिनार

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़-सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के डाटम जंगल के पास ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत घर घर नल जल योजना का शनिवार को विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। कुकड़ु प्रखंड के संपूर्ण अंचल ग्रामीण जलापूर्ति योजना पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सरायकेला के द्वारा करीब 55 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। ग्रामीण जलापूर्ति योजना के माध्यम से पंचायतों के गांवों में घर घर सुद्ध पेयजल का आपूर्ति किया जाएगा। ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में जल समस्या से निजात मिलने का आश जगी है। लोगों में खुशी का इजहार करते देखा गया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि घर घर जल नल योजना के तहत करीब 55 लाख रुपए की लागत से बृहत जलमिनार का निर्माण व ग्रामीण जलापूर्ति के लिए घर घर नल लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 पंचायत के गांवों में जलापूर्ति किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी जलापूर्ति योजना का क्रियान्वित होने से शहर की तरह गांवों में भी लोगों को सुद्ध पेयजल मिलेगा। उन्होंने कहा कि संवेदक को समय सीमा के अंदर योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर, बीडीओ राकेश गोप आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे



# पटमदा बाजार से दिनदहाड़े बिना नंबर की कार पर बकरी लादकर भाग रहे थे चोर, पुलिस की घेराबंदी देख गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भागे

**नंदा रजक ,दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा थाना गेट के समीप दीपक दत्त की दुकान के बाहर टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर मौजूद तीन बकरियों को दिनदहाड़े एक कार पर लादकर भाग रहे दो चोरों का पीछा करते हुए पुलिस ने मजबूत घेराबंदी की। करीब 8 किमी दूर भुईयांसिनान कैम्प के बगल में कैम्प के जवानों की मदद से चोरी की योजना को विफल कर दिया। हालांकि दोनों चोर बकरियों समेत गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भागने में सफल रहे। घटना शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे की है। जानकारी के अनुसार पटमदा बाजार में सड़क किनारे बैठी बकरियों को अचानक काटिन की ओर से जमशेदपुर जा रही बिना नंबर की एक कार अचानक रूकी और गेट खोलकर एक युवक ने बकरियों को गाड़ी के अंदर लादना शुरू किया। कुछ ही मिनट के अंदर तीन बकरियों को लादने के बाद तेजी से भागने लगा। दिनदहाड़े हुई यह घटना एक दुकान की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा इसकी सूचना दुकान मालिक दीपक दत्त को दिए जाने पर उन्होंने तुरंत थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह को दूरभाष पर जानकारी दी। पटमदा स्थित अपने कार्यालय में मौजूद इंस्पेक्टर हीरालाल महतो ने बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा, हलुदबनी ओपी प्रभारी व भुईयांसिनान कैम्प प्रभारी को सूचना दी और पुलिस अधिकारियों को लेकर मुख्य सड़क पर निकल पड़े। करीब एक घंटे के अंदर भुईयांसिनान कैम्प के पास पुलिस की घेराबंदी देख चोरी के दोनों आरोपी गाड़ी को जमशेदपुर की ओर खड़ी करके जंगल की ओर भाग गए। इस दौरान पुलिस जवानों ने लाठी-डंडे के साथ काफी दूर तक पीछा किया लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने बकरियों समेत गाड़ी को जब्त कर लिया है। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर हीरालाल महतो ने बताया कि घटना के बाद तेजी से भागते हुए कार को लेकर चोरी के आरोपी भुईयांसिनान पेट्रोप पंप को पार करते हुए पगदा के पास पुलिस की एक गाड़ी को देखकर रूक गया था। फिर वहां से मुख्य सड़क पर ही लौटते हुए बामनी तक पहुंचा। बामनी में थाना प्रभारी के साथ जब उन्होंने



चेकिंग करना शुरू किया तो दूर से ही पुलिस को देखकर गाड़ी को लेकर दुबारा जमशेदपुर की ओर भागने लगा। कैम्प के पास लगी बैरियर एवं जवानों की घेराबंदी को देख कार को खड़ी करके जंगल की ओर भागने में सफल हुए लोग। अभी तक बकरी मालिकों का पता नहीं चल पाया है और फिलहाल बकरियों को पुलिस द्वारा सुरक्षित रखा गया है। अभियान में इंस्पेक्टर हीरालाल महतो, थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, अवर निरीक्षक विनय कुमार, अरविंद कुमार, सहायक अवर निरीक्षक प्रशांत कुमार एवं कैम्प प्रभारी संजय कुमार मरांडी आदि शामिल थे।

# 19 नवंबर को दुबराजपुर हाटतोला मैदान में होगा झारखंडी भाषा खातियान संघर्ष समिति का जन जागरण सभा

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत माधवपुर पंचायत के दुबराजपुर गांव के हाटतोला मैदान में शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ।



इस बैठक में निर्णय लिया गया की आगामी 19 नवंबर 2023 रविवार को दुबराजपुर हाटतोला मैदान में जन जागरण सभा का आयोजन किया जाएगा। इस सभा को संबोधित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम माण्डी, कोल्हान शेरनी बेबी महतो, कोल्याचंल शेरनी पूजा को लाने का फैसला लिया गया और जन जागरण सभा में सांस्कृतिक प्रोग्राम के रूप में झूमर गायिका रेवती महतो को लाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सीताराम प्रमाणिक, हेमंत महतो, शान्ती राम महतो, कृष्ण रजक, बहादुर सहिस,अशोक कुमार महतो, गणेश कुंभकार, बबलू मिश्रा, सुभाष महतो, गोपाल महतो, देवव्रत महतो, उमेश महतो, निताई महतो,सुरेश चंद्र महतो, फूलचंद महतो,प्रभास महतो, प्रोफेसर बुद्धेश्वर महतो,हिमांशु महतो, प्रदीप कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण प्रतियोगिता में सिदो - कान्हु क्लब सोमाडीह फुटबॉल टीम बनी चैंपियन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : जिला खेल पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम के निदेर्शानुसार शनिवार को बोड़ाम प्रखंड अन्तर्गत पहाड़पुर पंचायत के चामटा फुटबॉल मैदान में पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पहाड़पुर पंचायत के 8 टीमों में भाग लिया। फाइनल मैच सिदो - कान्हु क्लब, पहाड़पुर और सिदो - कान्हु क्लब सोमाडीह फुटबॉल टीम के बीच खेला गया ।खेल के निर्धारित समय में दोनों टीम बराबरी पर रही। पेनल्टी शूट आउट में सिदो - कान्हु क्लब सोमाडीह ने सिदो - कान्हु क्लब,पहाड़पुर को 3- 1 से हरा कर चैंपियन बनी। सिदो - कान्हु क्लब सोमाडीह अब प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण प्रतियोगिता में खेलेगी।प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान दिया बोड़ाम प्रखंड के प्रमुख श्रीमती ललित सिंह, अंगद सिंह, पहाड़पुर पंचायत का मुखिया अजब सिंह , पंचायत सचिव पाठक कुंभकार, रेफरी दिलीप सोरेन एवं रबी माणडी, जगन्नाथ महतो, धनंजय महतो, मंगल सिंह, विजय कुंभकार आदि का अहम योगदान रहा।

## पटमदा एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में मनाया गया आयुर्वेद दिवस, लगाए गए औषधीय पौधे

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा के आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार पाल की पहल पर शनिवार को एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में आठवां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस दौरान डॉ. पाल द्वारा विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही उन्हें योग करने हेतु प्रेरित किया गया।

आयुष विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए औषधीय पौधे विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में लगाया गया।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि वैसे तो मानव जीवन में सभी पौधों का महत्व है जिसमें औषधीय पौधे जीवनदायिनी माना जाता है। हमारे आसपास में ही कई कीमती पौधे हैं, जानकारी के अभाव में हम उसका उपयोग नहीं कर पाते हैं।

# सारुकुदर पंचायत में कार्यकारणी की बैठक कर विकास की रेखा तय की गई

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) पंचायती राज अधिनियम 2001के अंतर्गत अधिनियम 2003 के आलोक में ग्राम पंचायत सारुकुदर के मुखिया उत्तम महतो की अध्यक्षता में पंचायत कार्यकारणी समिति की बैठक पंचयात सभागार में किया ! बैठक में बारह सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष के द्वारा सभी सदस्य को 15 वीं वितआयोग की



राशी आने की जानकारी दिया साथ ही योजनाओं की स्वीकृति पर सहमति बनी ! पूर्व से संचालित योजनाओं को भुगतान कर योजना बंद किया जाय ! वार्ड सदस्य अपने अपने वार्ड में संचालित योजना पर निगरानी करेगें ! खाद सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत जनवितरण दूकान ,आंगनबाड़ी केंद्र अपने पोषक क्षेत्र के विधालय में चल रहे पोषण आहार , मध्यान भोजन, राशन वितरण में निगरानी करेगें ! पेंशन के लाभुकों का समय पर भुगतान पर ध्यान रखेंगे ! स्थाई समिति की बैठक भी करते रहना है उक्त बातों पर विषेश समीक्षा भी किया ! मनरेगा योजना में मजदूरों से कार्य कराना है। रोजगार सेवक कार्य के अनुसार मापी और मापी के आधार पर भुगतान होगी यह निर्देश मुखिया ने दिया ताकी किसी तरह की गड़बड़ी ना हो !अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा अध्यक्ष द्वारा किया गया ! बैठक में पंचयात समिति सदस्य महेश कुमार महतो, कार्य कारणी सदस्य उप मुखिया माजदा प्रवीण, सविता देवी , करमली अंसारी ,
सोमर साव , रेशमी रीना देवी , ललीता देवी, सुनीता देवी , मुकेश सिंह, बेबी देवि , पुरनी देवी , कुन्ति देवी बैठक में भाग लिया !

# राज्य के माननीय मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता तीन दिवसीय दौरे पर पहुँचे चतरा।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा(झारखंड) 04 नवंबर 2023:-राज्य के माननीय मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में डीएमएफटी मद से निर्मित एक दर्जन से



अधिक पी.सी.सी पथ का पूजा अर्चना कर व नारियल तोड़कर विधिवत उदघाटन किया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, युवा राजद नेता बिनोद भोक्ता, प्रखंड मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, जिलापरिषद सदस्य सुरेश पासवान, कपिल यादव, देवधारी यादव, चैतू यादव समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# जब तक बलियापुर प्रखंड में ढोकरा पंचायत शामिल नहीं हो जाता तब तक इस मुद्दे को लेकर प्रयास करता रहूंगा -चंद्रदेव महतो

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

पूर्व विधायक अरुप चटर्जी , मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो , सामूहिक रुप से धोखरा पंचायत को बलियापुर प्रखंड में शामिल करने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग मंत्री माननीय आलमारी आलम जी से मिलकर ज्ञापन सोपें । धोखरा के ग्राम वासियों ने आभार प्रकट करते हुऐ कहा कि शुरू से ही माले विधायक




विनोद्सिंह, निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी और मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो के द्वारा ढोकरा ग्रामीण वासियों के इस मुद्दे को हरेक प्लेटफार्म पर रखते आ रहें हैं । ढोकरा पंचायत धनबाद प्रखंड में आना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है ढोकरा पंचायत एक ग्रामीण एवं कृषि बहुल क्षेत्र हैं। धनबाद प्रखंड में आने से बहुत सारे सरकारी लाभ से वंचित होना लाजमी हो जाता है और इसका खामियाजा सीधे किसान पर पड़ता है। पुटकी में बने धनबाद प्रखंड के कार्यालय गांव से बहुत दूर होने के कारण ग्रामीणों के किसी भी कार्य के लिए आने-जाने में काफी समस्या होती है ज्ञापन सौंपने के दौरान साथ में मुख्य रूप धोखरा पंचायत के पूर्व मुखिया शत्रुघ्न महतो , मदन महतो , विभूति महतो ,बनेश्वर महतो, सत्येंद्र महतो उपस्थित रहे !

# तलाब में डूबने से महिला की मौत दुःखद खबर सुनकर पीड़ित परिवार के आवास पहुंचे बगोदर के पूर्व विधायक।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) बगोदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम औरा निवासी प्रकाश र-विदास की पत्नी रेखा देवी की तलाब में डूबने से मौत हो गई। निधन की खबर सुनकर उनके आवास पर बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो पहूंचे और शोक जताया , पूर्व विधायक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त



परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं पूर्व विधायक ने जिला अधिकारी से फोन से वार्ता कर पीड़ित परिवार के आश्रितों के लिए आपदा प्रबंधन की ओर से मिलने वालें 4 लाख रु सहायता राशी सरकारी प्रावधानों के अनुसार देने की आग्रह किया। इस दुःख की घडी में प्रसादी रविदास, कमल दास, प्रयाग महतो, किशुन रविदास, सुरेश रविदास, धानेश्वर रविदास, सहदेव रविदास सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए जिला समिति कार्यालय के उद्घाटन समारोह पहुंचेंगे कई दिग्गज नेता

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

आज दिनांक 4/11/23 को झामुमो धनबाद जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 6/11/23 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे, कुमीर्डीह से बरवड्डुआ जाने वाले सड़क पर स्थित, बिरसा मुंडा पार्क के समीप नए जिला समिति कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा हैं। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य समन्वय समिति के सदस्य, राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) माननीय श्री विनोद पाण्डे जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य समन्वय समिति के सदस्य, राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) माननीय फागू बेसरा एवं पूर्व विधायक माननीय योगेन्द्र प्रसाद महतो जी उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में धनबाद जिला झामुमो परिवार के सभी स्तर के पदाधिकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे ।इस बाबत सभी को जिला समिति द्वारा दिशानिर्देश जारी कर दिया गया हैं ।उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों कि संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# डिपार्टमेंटल परियोजना को निजी मालिक के हाथ सोपने के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा। नॉर्थ साउथ एवं एकीकृत जिनागोरा डिपार्टमेंटल परियोजना को निजी मालिक के हाथ सोपने के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने शनिवार को साउथ तीसरा वर्कशॉप गेट के समक्ष प्रदर्शन कर विरोध जताया कहा कि इस बार मजदूर जग गया है प्रबंधन के मनसा को कामयाब नहीं होने देंगे। संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने कहा कि डिपार्टमेंटल परियोजना पूरे क्षेत्र का एकमात्र परियोजना है इसको अपने फायदे के लिए प्रबंधन निजी मालिक के हाथों में देने का योजना बना ली है इसी कारण एमडीओ मोड में डाल दिया गया है। इसके बाद पूरा आरोप



मजदूर पर देकर इसको कोयला उत्पादन के लिए निजी मालिक को दे देगा '
सरकार बड़े-बड़े कंपनी के लिए काम कर रही है मजदूर से कोई लेना-देना नहीं है बड़े पूंजी पति को कैसे लाभ हो यही उसकी मंशा है परियोजना बंद होगा तो यहां काम करने वाले 1000 से अधिक मजदूर कहां जाएंगे उनकी रोजी-रोटी का क्या होगा इसलिए अस्तित्व बचाना है परियोजना को किसी भी कीमत पर निजीकरण नहीं होने देंगे। मौके पर मनोज कुमार पासवान, धर्मेंद्र राय, गणेश पासवान,कन्हाई सिंह,फागु नापित, उज्जवल डे ,संतोष मिश्रा, रितेश निषाद, पशुपतिनाथ देव, उमेश सिंह, लक्ष्मी निषाद आदि लोग थे।

# समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर पटना बिहार के माँ ब्लड सेंटर के द्वारा गंभीर महिला मरीज को रक्त प्रदान की गई

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि पटना, बिहार के मेडिसिटी हॉस्पिटल में धनबाद, झारखंड की एक महिला भर्ती हैं इन्हें तत्काल ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं, महिला की स्थिति अत्यंत गंभीर हैं, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान तथा संस्था के संस्थापक सदस्य तारकेश्वर यादव ने बिहार पटना स्थित माँ ब्लड सेंटर के संस्थापक रक्तदान के क्षेत्र में बड़ा नाम बना चुके और कई जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने वाले रक्तवीर



मुकेश हिसारिया से सम्पर्क कर गंभीर महिला मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया इसके पश्चात मुकेश हिसारिया ने मरीज के परिजन को माँ ब्लड सेंटर आने को कहा मरीज के परिजन समय समयानुसार माँ ब्लड सेंटर पटना पहुंचे जहां उन्हें एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त प्रदान कर दी गई, संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने कहा कि यह पहली बार नहीं हैं कि पटना में रक्त की आवश्यकता पड़ी इससे पहले भी कई बार जरूरतमंद लोगों ने पटना बिहार से हमारी संस्था समर्पण एक नेक पहल को संपर्क किया हैं जिसमें से कई रक्त की मांग को मैंने पटना माँ ब्लड सेंटर को भेजा हैं और हर बार वहां से मरीज के लिए रक्त की पूर्ति की गई हैं इसके लिए मैं मुकेश हिसारिया एवं माँ ब्लड सेंटर की तमाम सदस्यों का हार्दिक साधुवाद करता हूँ '

# राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में

**15 नवंबर से 29 दिसंबर तक "आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार" का किया जाएगा आयोजन**

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 04नवंबर 2023:जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन ने बताया कि विगत वर्षों में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता तथा उपयोगिता को देखते हुए मुख्य सचिव से प्राप्त निर्देश के आलोक में इस वर्ष भी राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम को 15 नवम्बर से 29 दिसम्बर 2023 तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य स-रकार की विभिन्न लोक कल्याणका-री योजनाओं के लाभ से कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति वंचित नहीं रहे और अधिक से अधिक लोगों को शिविर में ही योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जिले की सभी 256 पंचायतों, नगर निगम के 55 वार्ड और चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में कम से कम एक शिविर का आयोजन करने का प्रयास किया जाएगा।

इन शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी।

शिविरों में आम जनों को राज्य स-रकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा।

उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति / आय / जन्म / मृत्यु / दिव्यांगता प्रमाण पत्र, म्यूटेशन, नापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रेकॉर्ड में सुधार सहित राजस्व से जुड़े अन्य मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर आवेदन लिए जाएंगे।

साथ ही सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रग विभाग अन्तर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिक का पंजीकरण ऑन द स्पोट किया जाएगा।

इसके अलावा स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु पूर्व में जिले में एक अभियान चलाया गया था। इस अभियान में निर्मित परन्तु अवितरित जाति प्रमाण पत्रों को लेमिनेट करवाकर शिविरों में बांटा जा जायेगा। प्रत्येक शिविर में छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक का वितरण, स्वयं सहायता समूह/ क्लस्टर सदस्यों के बीच आइडेंटिटी कार्ड, धोती-साड़ी लुंगी, कंबल का वितरण किया जाएगा।

शिविर में राजस्व अभिलेखों में संशोधन / परिमार्जन, आय / जन्म / मृत्यु प्रमाण-पत्र में आवश्यक संशोधन, आधार / राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत का उसी दिन निवारण करने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी कारण उस दिन इस श्रेणी की शिकायतों का समाधान नहीं हो पाता है तो शिविर आयोजन की तिथि से अधिकतम 7 दिनों के अन्दर निष्पादन सुनिश्चित किया जाय।

# खनन विभाग ने जप्त किया 30 टन अवैध कोयला व 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड ):- 04नवंबर2023: जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन के निर्देश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात औचक छापामारी कर 30 टन अवैध कोयला वह 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू राजगंज से जप्त किया।

इस संबंध में खान निरीक्षक श्री बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि बीती रात लगभग 11:00 बजे से लेकर देर रात तक जिला खनन टास्क फोर्स ने छापामारी अभियान चलाया।

इस क्रम में राजगंज थाना क्षेत्र के चार्ली बंगला के पास राजगंज पुलिस के सहयोग से राजगंज अंडरपास पुल के नजदीक गोविंदपुर की ओर जाते हुए सड़क पर खनिज के अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध औचक छापामारी की।

इस क्रम में 30 टन अवैध कोयला लोड हाइवा जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 09 एबी 9887 तथा 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू लोड ट्रैक्टर संख्या जेएच 10 सीएस 6164 को बिना परिवहन चालान के परिवहन करते पाया गया।

दोनों वाहनों को जप्त कर राजगंज थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज की गई।

# उप विकास आयुक्त ने की केसीसी, किसान ऋण माफी, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी की समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

(झारखंड):-04नवंबर 2023: जिले के उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज बैंक से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, किसान ऋण माफी योजना, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई की समीक्षा करते हुए कहा कि इन योजनाओं का समय सीमा में लक्ष्य हासिल करना बैंकों की सामूहिक जिम्मेदारी और सरकार के प्रति प्रतिबद्धता है। ये सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाएं है। इसके लिए बैंक अतिरिक्त मानव बल लगाकर समय पर लक्ष्य को हासिल करे।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि 15 नवंबर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के चौथे चरण की शुरूआत होगी जो कि 29 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान सभी बैंक पंचायतों में कैम्प लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड, किसान ऋण माफी योजना, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई के आवेदन जनरेट करे।

सरकार की प्राथमिक योजनाओं में से एक केसीसी पर ध्यान नहीं देने वाले बैंको के जीएम को डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर के खिलाफ नोटिस करने हेतु निर्देशित किया गया। वही अग्रणी बैंक प्रबंधक को सभी बैंकों को पुश करते हुए सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता से करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि योजना को क्रियान्वित करने में कोई समस्या आती हो तो बैंक उसे जिला प्रशासन के समक्ष रखें। जिला प्रशासन समस्या का समाधान करने में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। यदि कोई समस्या नहीं है तो समर्पित होकर कार्य को पूरा करें।

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री राजेश कुमार सिन्हा, प्र-खंड तकनीकी प्रबंधक श्री निर्मल पांडेय सहित विभिन्न बैंकों के प्रबंधक व प्रतिनिधि मौजूद थे।

# ए बी एस फास्ट फूड होटल में 50₹में चिकन बिरयानी

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड) :04नवंबर 2023: जिले के कतरास स्थित शहर में 50 रू में चिकन बिरयानीं उपलब्ध है।

दोपहर में मध्यम वर्गीय लोगो के लिए बढ़िया और सस्ता भोजन के लिए ए बी एस फास्ट फूड के द्वारा खेमका पैट्रोल पंप के सामने नये होटल का शुभारंभ ( 5-11-23 )दिन रविवार को किया जा रहा है

इस होटल में मात्र 50 रू में आप चिकन बिरयानीं का लुफ्त उठा सकते हैं

यह होटल दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक प्रतिदिन खुली रहेगी

# आदिवासियो के धर्मस्थल लुगु पहाड़ के अस्तित्व व पहचान की लड़ाई में जुटेंगे धनबाद के आदिवासी समाज।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

बाघमाराः ललपानिया लुगु पहाड़ के धर्मस्थल में आज देश भर के आदिवासीयो के साथ साथ धनबाद, बाघमारा, बलियापुर, टुंडू, आदि जगहों के आदिवासियो लुगु पहाड़ में डीवीसी के प्रस्तावित हाइडल पावर प्रोजेक्ट के खिलाप रांगाव महारैली में धनबाद, बाघमारा, बलियापुर, टुंडी आदि जगहों के आदिवासी समाज के लोग एवं आदिवासी संगठन शामिल हो रहे हैं सभी आदिवासी समाज के लोग अपने अपने स्तर से तैयारियां कर चुकी हैं ,सभी सामाजिक संगठन के जानकारी के अनुसार आज सुबह 8 से 9 बजे के बीच में धर्मस्थल लुगु पहाड़ के लिए प्रस्थान करेगी , बाघमारा के आदिवासी सेचेद आखड़ा धनबाद, टुंडी - सोरोश



चिरगल संथाल समाज एवं सोनोत संथाल समाज पूर्वी टुंडी धनबाद, एवं बलियापुर के संगठन इस महारैली में भाग ले रही हैं, आदिवासी समाज के लोगो का कहना है हर हाल में लुगू पहाड़ में डीवीसी हाइडल पावर प्रोजेक्ट स्थापित तथा अतिक्रमण नहीं होने देंगे, लुगु पहाड़ से आदिवासी संथाल समाज का धार्मिक मान्यताओं से जुड़े धार्मिक स्थल है, आदिवासियो की पहचान एवं अस्तित्व बसा हुआ है इस रांगाव महारैली में महिला पुरुष एवं नौयुवको शामिल हो रहे हैं

# बगोदर विधानसभा के सरिया प्रखंड का उर्रो में ग्रामीणों से मुलाकात कर ,सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की बात कही।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) झामुमो के नेता शत्रुघ्न मंडल ने सरिया प्रखंड के उर्रो गांव में ग्रामीणों के बीच बैठक कर कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का आप लोग भरपूर लाभ लें। उनहोंने कहा कि दुख तब होती हैं जब क्षेत्र के ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी नही होती हैं, और जानकारी का अभाव इसलिए होता हैं क्यों कि अधिकारी



इन्हें जागृत करने के पक्ष में नही दिखते हैं।

मंडल ने कहा की कुछ राजनीतिज्ञ नेताओं ने गरीब व किसानों पर महज राजनीति की हैं। सरकारी योजनाओं से लोग आज भी वंचित हैं, जागरूकता की कमी हैं ।

मंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि आपलोगअधिकारियों से मिलें और सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी लीजिये और यदि कोई अधिकारी योजनाओं के फायदे बताने में परहेज करते हैं तो मुझे जानकारी दें ।

# केंद्र सरकार किसान और मजदूर विरोधी- सीटू

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा। धनबाद जिला सीटू की बैठक एम ओ सी पी में संपन्न हुआ। बैठक में जिला सचिव मानस कुमार चटर्जी उपस्थित थे उन्होंने कहा कि जिला सम्मेलन से लेकर राज्य का घेराव तक का कार्यक्रम तय हुआ है। किसान और मजदूर की स्थिति सही नहीं है केंद्र सरकार मजदूर किसान विरोधी है इसलिए उनके हक और अधिकार के लिए हम लोग आंदोलन का रूपरेखा तैयार किया है 26 से 28 नवंबर तक रांची में राज भवन के समक्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इसके लिए पूरे जिले में 5 नवंबर से प्रचार प्रसार किया जाएगा इसके अलावा 19 नवंबर को सीटू कार्यालय धनबाद जगजीवन नगर में एक कन्वेंशन का आयोजन किया गया है 10 दिसंबर को सीटू का दूसरा जिला सम्मेलन एम ओ,सी पी में संपन्न कराया जाएगा। सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जगह-जगह पर नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सुरेश प्रसाद गुप्ता ने किया।

# चंद्रवंशी समाज ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5226वी जयंती पूरे धूमधाम से मनाई

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) विष्णुगढ़ के नावाडीह में चंद्रवंशी समाज ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध समारोह आयोजित कर 5226 वीं जयंती पूरे धूमधाम से शनिवार को मनाई ।जिसकी अध्यक्षता अशोक राम तथा संचालन भीखा राम ने किया ।इस दौरान चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष भीखा राम ने चक्रवर्ती सम्राट महा-राज जरासंध के आदर्शो पर चलने पर जोर दिया ।वही चंद्रवंशी समाज के उपाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि एकजूटता से ही हमारे समाज की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मजबूती संभव है ।इस दौरान वक्ताओं ने महाराज के कृतियों पर चर्चा करते हुए समाज संगठित करने और उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया गया ।इस मौके पर विशेष रूप से चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष भीखा रवानी, उपाध्यक्ष अशोक रवानी, सचिव परमेश्वर रवानी, नवल किशोर वर्मा,राजेंद्र प्रसाद सिंह,भोला रवानी,नरेश रवानी,माथुर रवानी, रवानी, नवलेश रवानी, रामप्रसाद रवानी, विनय रवानी, दुर्गा रवानी,मनोज चंद्रवंशी,अर्जुन चंद्र-



धानेश्वर रवानी,सूरज रवानी,दिलीप रवानी, प्रकाश रवानी, ललन रवानी, बीरु रवानी, जवाहीर रवानी,राजू चंद्रवंशी,राजेश रवानी, कुंदन वर्मा, उदित वर्मा, गौतम वर्मा,धर्म रवानी,संजय वर्मा, विक्की रवानी,अनुज वर्मा, महेश रवानी, उमाशंकर प्रसाद,नरेश रवानी, सुमित वंशी,मुरली चंद्रवंशी,अनुश्रेया कुमारी, मो. जसोदा देवी,कंचन देवी, कौशल्या देवी, लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, स-रोज देवी, पुष्पा देवी समेत दूर दराज से आए चंद्रवंशी समाज के काफी संख्या में महिला पुरुष लोग शामिल थे।

# उपायुक्त ने की नगर निगम एवं नगर परिषद से संबंधित समीक्षा बैठक

**रेवेन्यू बढ़ाने को लेकर विजन एवं एक्शन प्लान बनाने के निर्देश**

**कैंप लगाकर दुकानों के ट्रेड लाइसेंस बनाए नगर निगम- उपायुक्त**

**सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, झरिया के लिए भूमि स्थानांतरण को लेकर अपर समाहर्ता को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-04नवंबर 2023: जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में नगर निगम धनबाद एवं नगर परिषद चिरकुंडा से संबंधित समीक्षा बैठक की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर निगम के प्राप्त रेवेन्यू की समीक्षा की। इस दौरान नगर आयुक्त ने रेवेन्यू के सोर्स की संपूर्ण जानकारी उपायुक्त को दी। उन्होंने बताया की झरिया क्षेत्र में होर्डिंग टैक्स नहीं मिलने से रेवेन्यू का नुकसान हो रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि रेलवे एवं बीसीसीएल द्वारा उनके क्षेत्रों से भी सुविधाओं देने के बावजूद रेवेन्यू प्राप्त नहीं हो रही है। उपायुक्त ने कहा कि जो भी एजेंसियां रेवेन्यू नहीं दे रही है उनके साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान करें। साथ ही नगर आयुक्त को रिवेन्यू बढ़ाने हेतु विजन एवं एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया गया।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर झरिया में भूमि स्थानांतरण को लेकर उपायुक्त द्वारा अपर समाहर्ता को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द कागजी कार्रवाई करते हुए भूमि उपलब्ध करवाए। वही नगर आयुक्त को ट्रेड लाइसेंस बनाने को लेकर कैंप लगाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जो भी व्यापारी ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाते हैं उन पर का-र्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूल करें। साथ ही शहर में सड़क किनारे पार्किंग हेतु स्थल चयन कर टू व्हीलर पार्किंग निर्माण पर कार्य करने का निदेश दिया गया।

मौके पर उपायुक्त श्री वरुण रंजन, नगर आयुक्त श्री रविराज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त समेत चिरकुंडा नगर परिषद के पदाधिकारी एवं सिटी मैनेजर मौजूद रहे।

# पर्जन्य बीएड कॉलेज की ओर से नशा मुक्ति अभियान के तहत एम ओसीपी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 04नवंबर 2023: जिले के तीसरा स्थित बी ए ड कॉलेज में शनिवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति से कैसे दूर रहे और उससे क्या हानि है का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी ।इस नुक्कड़ नाटक को बीएड कॉलेज बलियापुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

इस दौरान सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी सह भाजपा नेत्री तारा देवी, बी एड कॉलेज की प्राचार्य स्मृति नागी के अलावे शिक्षक शामिल थे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बीएड कॉलेज के छात-छात्राओं ने लोगों को जागरूक करने का काम किया और यह दिखाने का काम किया कि अगर कोई नशा करता है तो उसका परिवार पूरी तरह से बिखर जाता है ।बच्चों की शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है ,परिवार में भुखमरी आ जाती है, काम धंधे शराब के नशे के कारण छूट जाते है ,नशा समाज में बुराइयां लाती है इसलिए समाज को और देश को मजबूत बनाने के लिए नशा नही करना चाहिए। मौके पर कार्तिक कुमार संतोष कुमार संदीप तिवारी सुनील मजुमदार कुलदीप साव मंटु रवानी अरविंद खत्री शैलेश सिंह अनिल कुमार विजय सिंह राजेश चौधरी समीर प्रमाणिक आदि शामिल थे।

# कार्डियोलॉजी के लिए जारी डायरेक्टर राकेश वर्मा का अथक परिश्रम ,कराई जटिल एंजियोप्लास्टी पर वर्कशॉप

*– अब कानपुर में ही डायरेक्टर राकेश वर्मा के सफल प्रयास से की जा सकेगी हृदय रोगियों की जटिल एंजियोप्लास्टी, नहीं जाना पड़ेगा दिल्ली*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां हृदय रोग संस्थान में जटिल एंजियोप्लास्टी पर आयोजित दो दिवसीय वर्कशॉप के पहले दिन कई मरीजों की जान बचाने में भी सफलता प्राप्त की गई। इस वर्कशॉप में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ पद्मश्री अवार्डी डा .ए.बी. मेहता द्वारा संस्थान परिसर की कैथ लैब में जटिल एंजियोप्लास्टी करने के साथ -साथ यहाँ के चिकित्सकों को भी इस तरह के प्रोसीजर करने के लिये प्रशिक्षित किया गया।

जटिल एंजियोप्लास्टी पर वर्कशॉप का यह आयोजन संस्थान के निदेशक डा. राकेश कुमार वर्मा द्वारा किया, जिनकी अब तक की चिकित्सा की सेवाओं का पूरा इतिहास ही बहुत प्रशंसनीय, बहुत प्रेरणादायक और मरीजों के हित में सेवा भावना के संदर्भ में बहुत अनुकरणीय भी है। सफल ऑपरेशन से चाहे मरीजों की जान बचाने का मामला हो, या फिर उनके लिए उच्च स्तरीय उपचार व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने में सफलता का।

जटिल एंजियोप्लास्टी पर दो दिवसीय वर्कशॉप के आयोजक और अपने अब तक के सेवा काल में एक दिन का भी अवकाश नहीं लेने वाले भारत के पहले चिकित्सक डायरेक्टर कार्डियोलॉजी डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पद्मश्री अवार्डी डा.मेहता वर्तमान में जसलोक हॉस्पिटल और ब्रिच कँडी हॉस्पिटल मुम्बई के हृदय रोग विभाग के हैड के तौर पर कार्यरत एक मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ हैं।

उन्होंने बताया कि डा. मेहता की इस कार्यशाला से यहां के हृदय रोग विशेषज्ञों ने जटिल से जटिल एंजियोप्लास्टी भी सफलतापूर्वक करने के लिये प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्डियोलॉजी में मरीजों के हित में ऐतिहासिक रूप से हर संभव सफल प्रयास में जुटे डायरेक्टर राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि भविष्य में इस तरह की एंजियोप्लास्टी कानपुर में भी की जा सकेगी और यहां के रोगी भी इससे लाभान्वित होंगें और उन्हें अब दिल्ली आदि बड़े शहरों में नहीं जाना पडेगा। वहीं कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उमेश्वर पाण्डेय ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन भविष्य में भी कराया जायेगा, जिससे कि संस्थान में विश्वस्तरीय गुणवत्तायुक्त एवं उच्च चिकित्सीय सुविधाएँ कानपुर की जनता को प्राप्त हो सकें। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में डायरेक्टर डा.राकेश कुमार वर्मा एवं विभागाध्यक्ष डा. उमेश्वर पाण्डेय के मार्गदर्शन में डा.एस के सिन्हा, डा. अवधेश शर्मा ,डा. एमएम रजी, डा. मुकेश झा, डा. कुमार हिमांशु और डा. प्रवीण शुक्ला आदि चिकित्सकों की एक टीम ने अहम योगदान देकर कई सफल एंजियोप्लेस्टी कर मरीजों की जान भी बचायी।

# 26 नवम्बर को कान्हा मैराथन का आयोजन, भाग लेने वाले 24 नवम्बर तक ऑनलाइन करा सकेंगे पंजीयन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**




बालाघाट।(05 नवम्बर)प्रदेश के सबसे लोकप्रिय प्राकृतिक स्थल कान्हा में पर्यटन के असीम सम्भावनाओं को देखते हुये जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद बालाघाट द्वारा पहली बार कान्हा मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर व अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को इस संबंध में पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में कान्हा मैराथन की रूपरेखा पर विचार विमर्श करने के पश्चात विभिन्न समितियों के गठन के लिये कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिये हे। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि बालाघाट में कान्हा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये पहली बार इस तरह का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। इसकी समस्त तैयारियां हम सबको मिलकर करनी है। इसके लिये हमें हर एक पहलुओ पर ध्यान रखकर समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। इसलिये इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी तत्परता से करें। इस कार्य में सभी विभागों को उनकी योग्यता व कार्य पद्धति के अनुसार जिम्मेदारियां सौपी जायेगी।

## 21, 10 और 5 कि.मी की होगी मैराथन

बैठक के दौरान खेल अधिकारी श्री के के चौरसिया ने प्रारंभिक तौर पर कान्हा मैराथन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 26 नवम्बर को सुबह 6:30 बजे आयोजित होने वाली यह मैराथन 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की होगी। इसके लिये 24 नवम्बर तक बॉरकोड के माध्यम से पंजीयन किया जा सकता है। साथ ही ऑनलाइन भी लिंक जारी की जायेगी। 21 किमी व 10 किमी की मैराथन के विजेताओं को तीन श्रेणियों में 3-3 पुरुस्कार प्रदाय किये जाएंगे। 21 किमी वर्ग में 18 से 39 वर्ष को क्रमशः 25 हजार, 15 हजार और 10 हजार इसी तरह 40 से 49 वर्ष की आयु के विजेताओं को 15 हजार, 7 हजार 500 और 5 हजार तथा 49 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विजेताओं को 10 हजार 5 हजार और 2 हजार 500 रुपये पुरुस्कार के रूप में दिये जायेंगे। इसी तरह 10 किमी वर्ग की मैराथन में विजेताओं को भी श्रेणिवार पुरुस्कार दिये जाएंगे। 10 से 17 तथा 18 से 49 वर्ष के विजेताओं को क्रमशः 15 हजार, 7500 व 5000 और 49 वर्ष से अधिक आयु वाले विजेताओं को 5000, 2500 व 1000 रुपये के अलावा आकर्षक प्राईज और मेडल भी प्रदान किये जाएंगे। जबकि 5 किमी की मैराथन रन फॉर डेमोक्रेसी झ रन फॉर कान्हा के लिये आयोजित होगी। यह मैराथन मुक्की गेट कान्हा से प्रारंभ होकर मंजीटोला, बम्हनी चौक से खापा गेट तक पहुचेगी।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे, सुरजेवाला एवं कमलनाथ ने कटंगी में किया जनसभा, कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

## सपा प्रत्याशी सहित अन्य ने थामा कांग्रेस का दामन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**





बालाघाट।(05 नवम्बर )जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही हैं वैसे वैसे चुनावी सरगर्मी भी तेज होते जा रही हैं,जिले में दिग्गज नेताओं की एंट्री भी शुरू हो गयी हैं। इसकी शुरूआत कांग्रेस ने कटंगी से की है। कटंगी के अस्पताल मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोले-18 साल बाद अचानक ही बहनों और कर्मचारियों की शिवराज सिंह चौहान को याद आने लगी। मंच के किनारे से लगातार हो रहे शोर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लगाई फटकार कहां चुप बैठो नहीं मान रहे तो बाहर निकल जाओ।मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ईडी और सीबीआइ का भय दिखा कर हमारे कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं का मनोबल गिराना चाह रहे किंतु अब हम डरने वाले नहीं हैं।

कांग्रेस के दो प्रमुख नेताओं के बालाघाट आगमन से पहले शुक्रवार को दिल्ली से आए लोकसभा पर्यवेक्षक डा. नरेश कुमार ने जिला कांग्रेस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में बैठक ली थी। डा. नरेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे और पूर्व सीएम के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम में वीआइपी मूवमेंट को लेकर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। कंट्रोल रूम में लगातार सभी छह विधानसभाओं में चुनाव की तैयारियों, समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सुरजेवाला, कमलनाथ का दावा,150 सीट लाकर बनायेगे सरकार

कटंगी पहुंचे प्रदेश चुनाव प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मध्यप्रदेश में हम 150 प्लस सीट लाकर कमल नाथ के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। उन्होंने ने भी शिवराज सरकार पर अपनी जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार 18 वर्षो में सिवाय घोटाला के कुछ नहीं किया जिनका जाना तय हैं। वहीं अपने भाषण में कमलनाथ ने भी शिवराज सरकार पर जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि 18 वर्षो के कार्यकाल में शिवराज ने सिर्फ बेरोजगारी, महंगाई एवं भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया जिससे जनता काफी रुष्ट हैं जिसका खामियाजा शिवराज सिंह चौहान को भुगतना पड़ेगा।

### सपा प्रत्याशी सहित अन्य ने लिया कांग्रेस की सदस्यता

कटंगी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी महेश सहारे ने कांग्रेस को समर्थन देते हुए चुनावी मैदान छोड़कर कांग्रेस का दामन पकड़ लिया, साथ ही जिला पंचायत सदस्य प्रियंका परते ने भी कांग्रेस की सदस्यता लिया,जिन्हे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस की सदस्यता दिलाया।

# मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी उम्मीदवार दिलीप लहरिया व ब्लॉक कांग्रेस मस्तुरी अध्यक्ष का दावा जनता नहीं आएगी भाजपा के बहकावे में

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। विधानसभा क्षेत्र मस्तुरी से कांग्रेसी उम्मीदवार दिलीप लहरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नागेंद्र राय विधानसभा क्षेत्र मस्तुरी के चिल्हाटी, मानिकचौरी, हरदी,गोबरी भटचौरा, आमगांव, आमाकोनी, व बहतरा क्षेत्र में कार्यकताओं के साथ सघन जनसंपर्क किया ।जनसंपर्क के समय कार्यकताओं व समर्थकों का उत्साह देखते ही बनता था। जगह जगह पर क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत किया और छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री द्वारा कराये गये विकास कार्यों की सराहना की।

जनसंपर्क में शामिल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागेंद्र राय व कांग्रेसी उम्मीदवार दिलीप लहरिया को स्थानीय निवासियों का आपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है समस्त जनता से क्षेत्र के विधायक के लिए भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय ने कहा छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों महिलाओं, युवाओं की हितैषी सरकार है छत्तीसगढ़ की हर गांव हर क्षेत्र का आज पांच सालों में समुचित कराया आज हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम भी विधानसभा मस्तुरी से कांग्रेसी विधायक बनाकर क्षेत्र के विकास कार्यों को प्रगति प्रदान करें और कांग्रेस के उम्मीदवार दिलीप लहरिया को हम सभी भारी मतों से विजयी बनाये।

उन्होंने कहा भविष्य में विधानसभा क्षेत्रों में बडे बडे कार्य पूरा करने का मेरा और छत्तीसगढ़ सरकार का पूरा प्रयास रहेगा इसके लिये हमें कांग्रेसी के उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाना है।

इस समय बदलाव की स्थिति चल रहा हैऔर कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बूथ के जमीनी स्तर पर हम काम कर रहें हैं, हमारा संगठन मजबूत है।

ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय ने कहा भाजपा जाति विशेष, धर्म के नाम पर राजनीति करती आ रही है भाजपा अमीरों की अडानी अंबानी की सरकार है।अभी जो मस्तुरी के हालात है वह बदलाव के हालात है, मस्तुरी विधानसभा यहां से कांग्रेस ही जीतेगी क्योंकि जनता आज कांग्रेस के साथ खडी है।जनता किसी भी गैर जिम्मेदार पार्टी के बहकावे में नही आऐगी।भारी मतों से विधानसभा मस्तुरी में हम कांग्रेस का विधायक बनाएंगे।

# कलयुग के बाद पुनः सतयुग आ रहा है, संतोष भाई



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें झारखंड से पधारे ब्रह्माकुमार संतोष भाई जी का धूमधाम से स्वागत किया गया कार्यक्रम में भाई जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि द्वापर, कलयुग के 2500 वर्षों की कालावधि में अनेक धर्मात्मायें, महात्मायें, संत, योगी, ऋषि मुनि आए जिन्होंने समय प्रति समय अपनी अपनी मतों से संसार को जगाने की कोशिश की परंतु परिणाम हम देख रहे हैं की आत्माएं और अधिक तमोप्रधान बन गई है। संसार अधिक भ्रष्ट हो गया है। चारों ओर भ्रष्टाचार, पापाचार, दुराचार, व्यभिचार, अनाचार व्याप्त हो गया है। अब स्वयं परमात्मा शिव सृष्टि पर आए हैं। ये कलयुग का अंत का महा परिवर्तन का समय है। इसलिए वे पुकार कर रहे हैं कि सृष्टि चक्र के नियम अनुसार, कलयुग के बाद पुनः सतयुग आ रहा है। इसलिए महाविनाश के पहले जो कलयुगी आत्माएं परमात्मा के आदेश पर अपने वर्तमान जीवन को पवित्र और योगी बनाएंगे वे आने वाले सतयुग में जाने योग्य बनेंगे, सतयुगी स्वर्गीय सुखों के अधिकारी बनेंगे। शिव परमात्मा के ही प्रतिनिधि बनकर पवित्र योगी ब्रह्माकुमारिया और ब्रह्माकुमार अंतरमन के प्रेम भरे स्वर से कह रहे हैं कि हे आत्माओं जागो समय को पहचानो। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भोग भूमि त्यागने के बाद मनुष्य आत्मा योग मार्ग की राही बनती हैं। स्वकल्याण के साथ विश्वकल्याण के सेवा मार्ग की भी अनुगामी बनती हैं। जब निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं तो सेवा के फलस्वरुप मान, शान, स्थान और साधन सुविधा मिलती हैं, उसमें भी फसना नहीं है। इस दुनिया के मान, शान तो व्यर्थ का धंधा है, फालतू के हाथ पांव मारना है। सिद्धि और प्रसिद्धि के चक्रव्यूह से निकल, स्वयं परमपिता जैसे ज्ञानवान, गुणवान और शक्तिवान बन, स्वयं के परिपूर्ण योगी आचरण से परमसत्य परमात्मा को प्रत्यक्ष करना यही नितांत आवश्यक बात है। बी के रुक्मणी बहन ने झारखंड से पधारे संतोष भाई जी का पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल, पटका आदि से स्वागत किया। अधिक संख्या में माता बहनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

# घटिया एवं गुणवत्ता विहीन बीज व्यवसाय करने वाले दो प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(05 नवम्बर )कृषि उपसंचालक व बीज नियंत्रण अधिकारी राजेश कुमार खोब्रागड़े ने बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के तहत दो प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि खैरलांजी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को 13 अक्टूबर को एक किसान द्वारा दमाहे कृषि केंद्र खैरलांजी की बसंत एग्रोटेक लिमिटेड से नंदनी किस्म का धान बीज क्रय किया गया था। जिसमें जंगली धान (लामा) से फसल नष्ट होने के सम्बंध में किसान द्वारा शिकायत की गई। जांच के लिए दल गठित किया गया। जांच दल द्वारा कृषक के खेत एवं उस खेत से लगे अन्य खेतो का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि खेतों में जंगली धान (लामा) दिखाई नही दिया। लेकिन बसंत एग्रो टेक लिमि.का धान बीज किस्म नंदनी जिस खेत मे लगाया गया। केवल उसी खेत में अधिक मात्रा में जंगली धान का प्रकोप पाया गया। साथ ही कुछ पौधे जड़ सहित उखड़ के देखने पर पाया गया कि 4-5 धान बीज किस्म नंदनी की बालियां एवं 2-3 जंगली धान की बालियां पायी गई। इससे प्रतीत हुआ कि नंदनी किस्म वाले बीज में जंगली धान के बीज मिश्रित रहे हो। इसके अलावा फर्म मेसर्स दमाहे कृषि केंद्र खैरलांजी द्वारा कृषकों को निर्धारित प्रारूप में केश/ क्रेडिट मेमो जारी नही करना पाया गया। इन सब कारणों को देखते हुए बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के नियम 9 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-3 एवं 7 का स्पष्ठ उल्लंघन है। फर्म दमाहे कृषि केंद्र खैरलांजी और मेसर्स उत्पादक बसंत एग्रो टेक लिमि. जिला अकोला महाराष्ट्र को अपना स्पष्टिकरण 3 दिनों के भीतर समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया। निर्धारित समयावधि में स्पष्टिकरण प्रस्तुत नही करने पर या स्पष्टिकरण संतोषजनक न होक की दशा में एक तरफा कार्यवाही करते हुए कंपनी के समस्त उत्पादों के परिवहन भंडारण व विक्रय को प्रतिबंध किया जाएगा।

# लाँजी पहुंचे गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनावी सभा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**



बालाघाट।(05 नवम्बर )लाँजी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राजकुमार कराहें के समर्थन में लाँजी पहुंचे गोवा के सीएम प्रमोद सावंत का भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। सीएम प्रमोद सावंत लाँजी के कारंजा में स्थित बालभाऊ के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद शासकीय स्कूल के बच्चों के साथ कुछ पल समय बिताने के बाद कारंजा चौक पर जन सभा को सम्बोधित करते हुए एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान के कुर्सी संभालने की भविष्य वाणी करते हुए भाजपा प्रत्याशी राजकुमार कराहें के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। साथ ही कमलनाथ की दो वर्ष के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार को भी उजागर करते हुए जमकर हमला बोला ।सीएम सावंत ने लाँजी के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर जन सभा को सम्बोधित किया, इस बीच सीएम ने आमजन से पूछा कि क्या आप लोग मराठी समझते हैं जनता के हाँ कहने पर सीएम सावंत ने मराठी भाषण देकर खूब वाहवाही लूटी। बता दें लाँजी विधानसभा महाराष्ट्र की सीमा से लगे होने से दोनों राज्यों में लोगों की रिश्तेदारी होने से लाँजी वासी भी मराठी भाषा का इस्तेमाल करते हैं यही वजह से कि सीएम सावंत ने मराठी में अपना भाषण दिया ।उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजकुमार कराहें को भारी मतों से जिताने की अपील किया व एक बार फिर से डबल इंजन की सरकार बनने की भविष्य वाणी किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती पर चलाया गया जागरूकता अभियान, किसानो को प्राकृतिक खेती करने दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। सरकंडा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में एक बार फिर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है दरसल कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती पर जागरूकता अभियान चलाया गयायह अभियान डॉ.आरकेएस तिवारी के मार्गदर्शन पर किया गया.जिसमे किसानो और पढ़ाई करने वाले छात्रों के बीच चलाया जा रहा है.इसका मुख्य उद्देश्य यही है की खेती किसानी कैसे करते है और किस तरह से खेतो को उपजाऊ बनाकर उसमे से ज्यादा फसल ले सकते है.यहाँ तक छात्रों को यह भी बताया की की जैविक खेती और रासायनिक खेती में क्या अंत है.किसको लगाने से ज्यादा फायदा है और किस्से नुकसान है.चूँकि आज के समय में ज्यादा फसल लेना और कम समय में फसल पैदा करने की सबको जल्दी रहती है.यही कारण है की लोग रासयनिक खाद का ज्यादा उपयोग करते है जिसके कारण लोग बीमार भी पड़ते है इन्ही सब बातो को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगो को जागरूक किया गया जिसमे फसल के फायदे और नुकसान के बारे में बताया गया इस अवसर पर छात्रो ने भी अपने विचार रखे

# रुपए के लालच में मौसी नानी की हत्या करने वाले हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## एक नवम्बर को बुजुर्ग माँ बेटी की हुई थी हत्या

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(05 नवम्बर )गत एक नवंबर की शाम करीब चार बजे स्टेशन रोड मार्ग पर बुजुर्ग मां-बेटी की हत्या की खबर ने पूरे शहर में दहशत फैला दिया था।डबल मर्डर को गंभीरता से लेकर पुलिस ने सी सी टी वी फुटेज खंगालना शुरू किया जहाँ से पुलिस कातिल के गिरेबान तक पहुंच गयी और 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### धन के लालच में किया दोहरा मर्डर

आरोपित मृतकाओं का रिश्तेदार है, जिसने पैसों के लालच में अपनी नानी और मौसी को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इस खुलासे में सीसीटीवी कैमरे के फुटेज अहम रहे, जिनके आधार पर पुलिस के हाथ आरोपित की गर्दन तक पहुंच सके। वहीं, पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित एसआईटी व पुलिस बल की दिन-रात गहन जांच ने आरोपित तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई।

शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में वार्ता में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि आरोपित संतोष पिता रामचरण लिल्हारे निवासी ग्राम नैतरा थाना ग्रामीण ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया है और आरोपित ने पैसों के लालच में हत्याकांड को अंजाम दिया है।

### बुजुर्ग मां संग उम्रदराज बेटी रहकर करती थी खाली मकान की रखवाली

चंद्रावंती पति सकरिया महाजन अपनी बेटी फुलवंता पति बुलाकी सुलाखे लगभग 30 साल से वार्ड क्रमांक-29 रेलवे स्टेशन रोड मार्ग पर एक मकान के सर्वेंट क्वार्टर में रहकर घर की देखरेख करते थे। एक नवंबर की शाम एक कमरे में दोनों के खून से लथपथ शव मिले। सनसनी फैलाने वाले इस अंधे हत्याकांड को पुलिस ने चुनौती की तरह लिया और जांच शुरू की। विशेष जांच दल के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, कोतवाली, थाना ग्रामीण व थाना भरवेली का पुलिस बल मामले की तह तक जाने में जुटा रहा।



हत्या के दूसरे दिन पुलिस ने गोंदिया रोड तथा रेलवे स्टेशन रोड की दिशा में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। सुबह से रात तक इन मार्गों से गुजरने वाले लोग व वाहनों को बारीकी से जांचा गया। तभी फुटेज में चंद्रावंती का नाती और फुलवंता का बहन बेटा संतोष लिल्हारे मृतक रिश्तेदार के घर दोपहर पौने तीन बजे आते और करीब चार बजे घर से जाते हुए देखा गया।

घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों द्वारा पुलिस को बताया गया था कि उन्होंने इसी समय के अंतराल में घर से एक महिला की चिल्लाने की आवाज सुनी थी। सीसीटीवी फुटेज में संतोष को उसी समय घर आते-जाते दिखना और पड़ोसियों का दिया बयान मेल खाते दिखे। इसके बाद पुलिस ने संतोष को हिरासत में लिया और विस्तृत पूछताछ की, जिसमें उसने पैसों के लालच में नानी व मौसी की हत्या करना कबूल किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संतोष को लगता था कि उसकी मौसी फुलवंता के पास काफी पैसे हैं। क्योंकि इसी साल फुलवंता के बेटे राजेश सुलाखे का विवाह हुआ था और संतोष को अनुमान था कि शादी में मिले जेवर व नकदी घर में रखे हैं। संतोष बढ़ई का काम करता है। चंद्रावंती ने संतोष को कुछ दिन पहले एक दरवाजे की साकड़ सुधारने के कहा था। वह बुधवार को अपने दो पहिया वाहन से चोरी करने की नियत से पहुंचा था।

उसकी गाड़ी में पीछे एक थैले में लकड़ी काटने-छीलने के औजार थे। नशे में धुत संतोष जब घर पहुंचा तक नानी चंद्रावंती अकेली थी। उसने हथौड़े से नानी के सिर पर वार कर हत्या कर दी। इससे पहले कि संतोष फरार होता, तभी उसकी मौसी फुलवंता अपने गांव नैतरा से घर आ गई। फुलवंता ने संतोष से पूछा मां कहां है,संतोष ने बताया कि मां कमरे में है। जैसे ही फुलवंता अपनी मां के पास पहुंची, संतोष ने पीछे से उसके सिर पर भी हथौड़े से वार कर हत्या कर दी। दो हत्या करने के बाद भी संतोष ने घर में रखी एक सोने की चेन और करीब 800 रुपये चुनाए और फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि संतोष को यह भी शक था कि उसकी नानी व मौसी के घर में गड़ा धन है। अंधविश्वास और कुछ पैसों के लालच में उसने रिश्तों का कत्ल कर दिया।

### हत्या के बाद भीड़ का हिस्सा बन गया आरोपी

हत्या करने के बाद संतोष नैतरा अपने गांव गया और कपड़े व हथौड़े में लगे खून के दाग को धोया। इसके बाद वह दोबारा उस समय उसी घर पहुंच गया, जहां उसने अपनी ही नानी व मौसी को मौत के घाट उतारा था। हत्या की खबर लगते ही घर में पुलिस और मीडिया सहित आसपास के लोग पहुंच गए।

घर के सामने लगी भीड़ का संतोष भी हिस्सा बन गया। उसकी ये चाल पुलिस को गुमराह करने की थी। इस समय भी वह नशे में धुत था और भारी बल व पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में तेज आवाज में फोन पर बात कर रहा था।इस दौरान उसे कुछ पुलिस अफसरों ने शोर न मचाने के लिए भी कहा, लेकिन इसका संतोष पर कोई असर नहीं हुआ, लेकिन संतोष की करतूत सीसीटीवी फुटेज के जरिए महज 48 घंटे में सामने आ गई।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त किये गए हथोड़ा, बाइक, सोने की चैन व आठ सौ की नगदी बरामद किया हैं।

# आप प्रत्याशी धरम भार्गव के पक्ष में किया दिल्ली पंजाब के मुख्यमंत्री ने रोड शो स्वास्थ शिक्षा रोजगार के लिए करे वोट

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**



बिलासपुर। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बिलासपुर जिले के मस्तूरी के हृदय स्थल जोधरा चौक में आम सभा को संबोधित किया। इस दौरान आप के दोनों मुख्यमंत्रियों ने बीजेपी पर तो जमकर निशाना साधा,साथ ही कहा कि 75सालो तक राज करने वालो ने कुछ नहीं किया केजरीवाल ने ब्लॉक मुख्यालय स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय को देखकर कहा कैसी होगी स्कूलों की व्यवस्था जहां भवन ही जर्जर हो मुख्यालय की ।

### मान ने इखढ को भारतीय जुमला पार्टी बताया।

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी धरम दास भार्गव के पक्ष में रोड शो हुआ । जिसमे आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी धरम भार्गव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत हुआ भाजपा कांग्रेस एक मौका दे केजरीवाल को मस्तूरी में देखिए क्षेत्र की हाल कई वर्ष पहले सीपत में 7 करोड़ के अधिक की धागा से बना हुआ है स्वास्थ्य केंद्र जो आज तक उद्घाटन नहीं हुआ है और आज की स्थिति जर्जर है इस तरह से विकास करें भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी ने आम जनता को खूब लूटा है देखिए क्षेत्र का हाल कि आज रोड की स्थिति बहुत बात्तर हे आम जनता परेशान है साथ ही धरम भार्गव ने कहा कि स्मार्ट कार्ड से इलाज किसी का नहीं हो रहा है वह सिर्फ एक आम जनता को भ्रमित किया जा रहा है इलाज के नाम पर यदि छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो सभी को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा जिससे आम जनता को लाभ मिलेगा ।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जनता को संबोधित करते हुए साधा बीजेपी पर निशाना ।

### बीजेपी हमें धमका रही है- भगवंत

आप पार्टी ने सबसे तेज तरक्की की दिल्ली पंजाब में भगवंत मान

भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इस देश में जितनी जल्दी तरक्की की है, किसी और पार्टी ने नहीं की। उन्होंने कहा कि ये पार्टी की नहीं बल्कि लोगों की सोच की तरक्की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी तरक्की चाहिए तो वोट वाला बटन बदलना होगा।

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली में बीजेपी वाले हर रोज हमें धमकी दे रहे हैं कि गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन आप केजरीवाल के शरीर को तो गिरफ्तार कर लोगे, लेकिन उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे? पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि इखढ मतलब 'भारतीय जुमला पार्टी' ।

### लोग हम पर हंसते थे, हमने दिल्ली में 3 बार सरकार बनाई – केजरीवाल

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी पार्टी के 3 स्तंभ हैं। पहला कट्टर ईमानदारी, दूसरा कट्टर देशभक्ति और तीसरा इंसानियत। केजरीवाल ने कहा कि आज से 10 साल पहले दिल्ली के लोगों ने देश की राजनीति बदलकर रख दी थी।जब हमने 2012 में नई पार्टी बनाई थी, तब लोग कहते थे कि इनके प्रत्याशियों की जमानत जब्त होगी, शायद केजरीवाल की जमानत बच जाए। एक साल बाद जब दिल्ली में चुनाव हुए, तो हमारी 67 सीटें आईं, भाजपा की 3 और कांग्रेस की जीरो मिला छत्तीसगढ़ में भी सरकार बदलनी है तो आपको एक मौका केजरीवाल को देना होगा और मस्तूरी में स्वास्थ शिक्षा रोजगार के लिए झाड़ू छाप मे वोट डालकर आपके बीच का बेटा और मेरा छोटा भाई धरम भार्गव को जीता कर दो मस्तूरी का तस्वीर बदल जाएगा।